वर्ष 72 अंक 213 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 02 मई, 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

www.dainikjagranmpcg.com

जाति कोई दीवार नहीं है, जो हिंदुओं को एक-दूसरे से मिलने-जुलने से रोकती है, इसलिए गिरा देना चाहिए। जाति एक धारणा है; यह मन की एक अवस्था है।
– बी. आर. अंबेडकर




**जाति जनगणना कराने की घोषणा के बाद सरकार और विपक्ष में श्रेय लेने की होड़**

# हेडलाइन दे दी, लेकिन कब मिलेगी डेडलाइन, बढ़ाएं आरक्षण की सीमा


**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार की ओर से जातिगत जनगणना की घोषणा के बाद अब इसका श्रेय लूटने की होड़ शुरू हो गई है। कांग्रेस ने गुरुवार को सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुर्खियां बनाने में माहिर हैं। हेडलाइन तो दे दी है, लेकिन डेडलाइन कहां है। कांग्रेस ने मांग की कि जातिगत जनगणना जल्दी से जल्दी होनी चाहिए। यह मांग कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दिल्ली में पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए की। उधर, भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जाति आरक्षण के कट्टर विरोधी थे।

वहीं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेंगलुरू में कहा कि वह जनगणना के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित करे और समय सीमा भी तय करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने जाति जनगणना की मांग की थी और इसके लिए पूरे देश में आंदोलन किया था और अब वे खुश हैं कि उन्होंने जो चाहा था, वह हासिल कर लिया है। खड़गे ने कहा- मैंने दो साल पहले जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने के लिए एक पत्र लिखा था, तब प्रधानमंत्री सहमत नहीं हुए लेकिन अब सरकार ने जनगणना के साथ जातिगत गणना कराने का निर्णय लिया है। यह अच्छी बात है और हम पूरा सहयोग करेंगे लेकिन भाजपा को नेहरू पर अनावश्यक टिप्पणी नहीं करनी चाहिए कि वह इसके विरोध में थे। बल्कि समय बताना चाहिए कि यह कब से शुरू होगी और कब जातियों के आंकड़े आएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत है, तब तक जातिगत जनगणना से सामाजिक न्याय का लक्ष्य हासिल नहीं होगा।

## कांग्रेस का आरएसएस पर हमला, भाजपा ने नेहरू को बनाया निशाना

### आरएसएस आरक्षण के खिलाफ

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जन्म से ही आरक्षण के खिलाफ हैं और ऐसे लोग कांग्रेस पर जाति जनगणना के पक्ष में नहीं होने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने मोहन भागवत का एक पुराना बयान याद दिलाते हुए कहा-संघ प्रमुख ने एक बार कहा था कि आरक्षण नीति की समीक्षा होनी चाहिए। पता लगाया जाना चाहिए कि आरक्षण किसको, कब तक जरूरत है। ऐसे लोग कांग्रेस को आरक्षण विरोधी ठहरा रहे हैं। वे (भाजपा) लोगों के मन में भ्रम पैदा करने की कोशिश करते हैं और यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि केवल वे ही देश का कल्याण चाहते हैं। राजनीतिक उद्देश्यों के लिए वे हमेशा ऐसी चीजें करते हैं। उन्होंने कहा, मैं राजनीति में नहीं जाना चाहता। जो भी अच्छा है, मैं उसका स्वागत करता हूं और जो भी बुरा है, मैं उसका विरोध करता हूं, क्योंकि आखिरकार देश महत्वपूर्ण है, लोग महत्वपूर्ण हैं। हमें सामाजिक न्याय का लक्ष्य हासिल करना है।



### पूरी कांग्रेस आरक्षण विरोधीः प्रधान

उधर, भाजपा ने भी जातिगत जनगणना का श्रेय लेने की कोशिश शुरू कर दी है। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस आरक्षण का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। जब बात आ ही गई है तो खुलकर चर्चा होनी चाहिए। 1951 में किसकी सरकार थी। अगर महात्मा गांधी और बाबा साहेब न होते, संविधान सभा में बहस नहीं होती, सामाजिक संवेदना नहीं होती तो आरक्षण भी नहीं होता। यह जगजाहिर है कि पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जाति आरक्षण के कट्टर विरोधी थे। उनका विरोध केवल बयानों तक सीमित नहीं था। उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि आरक्षण से गुणवत्ता घट जाएगी। ऐसी ही इंदिरा गांधी थीं। काका कालेकर की रिपोर्ट को सामने नहीं लाने का फैसला उन्हीं का था। मंडल रिपोर्ट को 10 साल तक किसने कालकोठरी में बंद रखा?



### कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आज

जाति जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस अपनी रणनीति मजबूत करने के लिए सक्रिय हो गई है। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई गई है, इसमें इस मुद्दे पर पार्टी की स्थिति और भविष्य की दिशा तय की जाएगी। यह बैठक शाम 4 बजे नई दिल्ली में होगी। कांग्रेस इस कोशिश में है कि उसकी मांग पूरी हो गई है, तब उसे राजनीतिक लाभ भी मिलना चाहिए। राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की घोषणा को अपनी पार्टी की जीत के रूप में पेश किया है। अब इसका फायदा उठाने की तैयारी है।

### 50 प्रतिशत रिजर्वेशन का बैरियर तोड़ने के लिए संसद में बिल लाए सरकार : असदुद्दीन ओवैसी



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने जातीय जनगणना शुरू होने से पहले ही केंद्र सरकार से एक और बड़ी मांग कर दी है। हालांकि, कांग्रेस भी इस तरह की मांग कर चुकी है। ओवैसी ने कहा, जातीय जनगणना होनी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि किस जाति के लोग विकसित हैं या किस जाति के लोग विकसित नहीं हैं। सकारात्मक कार्रवाई और इस देश में न्याय करने के लिए यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा- सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत पर रोक दिया है। यह गलत है। पूरा आरक्षण 50 प्रतिशत की सीमा पर रुका पड़ा है। सरकार को चाहिए कि वह 50 प्रतिशत रिजर्वेशन का बैरियर तोड़ने के लिए संसद में बिल लाए। ओवैसी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को बधाई भी दी। उन्होंने कहा, मैं तेलंगाना में ऐतिहासिक जाति जनगणना को लागू करने के लिए उनकी सराहना करता हूं। उन्होंने कहा, यह स्वतंत्र भारत में अपनी तरह की ऐसी पहली पहल थी, जिससे पता चला था कि राज्य की 56.32 प्रतिशत जनसंख्या पिछड़ी जातियों की है। मोदी सरकार को तेलंगाना के मॉडल पर ही जातिगत जनगणना करानी चाहिए।

# आतंकी हमले की जांच की मांग बेतुकीः सुप्रीम कोर्ट

## फटकारः सुरक्षाबलों का मनोबल न गिराएं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की न्यायिक जांच का आदेश देने से इंकार कर दिया है। इसके साथ ही जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा कि यह संवेदनशील समय है। पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। क्या आप सिक्योरिटी फोर्स का मनोबल गिराना चाहते हैं। ऐसी याचिकाएं कोर्ट में मत लाइए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ऐसी जनहित याचिकाएं दायर करने से पहले जिम्मेदारी से काम लें। देश के प्रति भी आपका कुछ कर्तव्य है। आप रिटायर्ड जज से जांच करने के लिए कह रहे हैं। हम जांच (आतंकी हमले) के एक्सपर्ट कब से बन गए। हमारा काम केवल फैसला सुनाना है। हालांकि कोर्ट ने कहा स्टूडेंट की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर आप हाईकोर्ट जा सकते हैं।



### तीन लोगों की थी याचिका

यह जनहित याचिका कश्मीर के रहने वाले मोहम्मद जुनैद ने दायर की थी। याचिकाकर्ताओं में फतेश कुमार साहू और विकी कुमार भी शामिल थे। इस याचिका में मूल मांग यह की गई थी कि पहलगाम हमले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग का गठन करे। हालांकि, कोर्ट की फटकार के बाद याचिका को वापस ले लिया गया।

दरअसल, याचिका में केंद्र सरकार, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, सीआरपीएफ और एनआईए को निर्देश देने की अपील की गई थी कि वे पर्यटक क्षेत्रों में नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक ठोस एक्शन प्लान तैयार करें। इसके तहत वास्तविक समय में निगरानी, खुफिया समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों की तैनाती जैसे उपाय सुझाए गए थे। याचिका में यह भी मांग की गई थी कि पहाड़ी और संवेदनशील इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बलों की तैनाती की जाए।

# हर तरह के अवैध निर्माण को तोड़ना अनिवार्यः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अवैध और अनधिकृत निर्माण पर अपने रुख की पुष्टि करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में एक गैरकानूनी इमारत के नियमितीकरण की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा- ऐसे मामलों में कोई उदारता नहीं दिखाई जानी चाहिए और संरचना को ध्वस्त कर दिया जाना चाहिए। अवैध संरचनाओं को बिना किसी अपवाद के विध्वंस का सामना करना चाहिए। इनके नियमितीकरण के सभी रास्ते बंद कर दिए जाने चाहिए। कानून को उन लोगों के बचाव में नहीं आना चाहिए जो इसकी कठोरता की धज्जियां उड़ाते हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की खंडपीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले की पुष्टि की।

### यह है मामला

कोलकाता में एक इमारत बनाई गई। इस पांच मंजिला इमारत की दो मंजिलों को बिना परमीशन के बना लिया गया। नगर निगम ने जब इन दोनों अवैध मंजिलों को तोड़ने की कोशिश की तो मकान मालिक ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। हालांकि हाईकोर्ट से उसे राहत नहीं मिली।

## ऑफ बीट

### खतरनाक स्नाइपर जिससे कांपती थी हिटलर की सेना



*इतिहास में कई ऐसी महिला हुईं, जिन्हें उनकी वीरता के लिए जाना जाता है। ऐसी ही एक महिला थी ल्यूडमिला पवलिचेंको, जिनका नाम शायद आपने नहीं सुना होगा। इस महिला का नाम इतिहास में दर्ज है। यह महिला इतिहास की सबसे खतरनाक महिला शूटर (स्नाइपर) मानी जाती है। ऐसी शूटर जिसने जर्मन तानाशाह हिटलर की नाजी सेना की नाक में दम कर दिया था। इस महिला को सोवियत संघ के हीरो के तौर पर भी जाना जाता है। ल्यूडमिला द्वितीय विश्व युद्ध के समय सोवियत संघ की रेड आर्मी में थीं, वो भी तब जब महिलाओं को आर्मी में नहीं रखा जाता था।*

## विशेष सूचना

ये दुनिया मिल भी जाये तो क्या है...
(पढ़ें सम्पादकीय पेज पर)

## आईपीएल में आज

गुजरात बनाम हैदराबाद
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर






# भगवान परशुराम की शोभायात्रा में जय बजरंग सेना के हजारों भक्त शामिल हुए



**जागरण, सतना।** जय बजरंग सेना मध्य प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और बुंदेलखंड प्रभारी आनंद तिवारी ने बताया परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा में बाल्मीक समाज ने बांटा शरबत.पानी जिले में जगह.जगह भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। धवारी हनुमान मंदिर में परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में कढ़ी चावल का भण्डारा किया गया। तत्पश्चात ब्राम्हण समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई जिसमे जय बजरंग सेना के बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। डीजे एवं गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा शहर के धवारी चौराहाए जयस्तंभ चौकए पन्नीलाल चौक होते हुए जगतदेव तालाब पहुंची। भगवान परशुराम जयंती का आयोजन विधिवत रूप से किया गया। जिले में कई स्थानों पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्त्यारगंज स्थित व्यंकटेश वाटिका में विप्र समाज ने पूजन.पाठ के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में विप्र समाज के बच्चों का उपनयन संस्कार भी संपन्न हुआ। बदखर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में पूजा.अर्चना के साथ हवन का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने कन्या भोज का आयोजन भी किया।

## सभी समाज के लोग शोभायात्रा में रहे शामिल

धवारी चौराहे से निकली शोभायात्रा में मुख्य रूप से भाजपा नेता मनीष तिवारी, अनिल सैनी,अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, रामवतार त्रिपाठी, हरिशंकर तिवारी शामिल रहे इसके साथ ही समाज सेवी जितेंद्र राय, मनोज शुक्ला, पप्पू शुक्ला, दिलीप बुनकर, अनूप सतनहा सहित कई समाज के लोगों ने शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान परशुराम के प्रति आस्था प्रकट की।

# हमारा लक्ष्य भारतवासियों को बेस्ट सिनेमाघर देना है

**सतना।** हम हमेशा से ही ये लक्ष्य लेकर चलें हैं कि भारतीय लोग बेस्ट क्वालिटी के सिनेमाघरों में पिक्चर देखें। इसी लक्ष्य के साथ हम कदम बढ़ा रहे हैं। यह कहना है सीईओ ग्रोथ एंड इन्वेस्टमेंट पीवीआरए आईनॉक्स प्रमोद अरोरा का। उन्होंने बताया कि यह गर्व का विषय है कि जबलपुरवासी अब बेस्ट पिक्चर क्वालिटी, बेस्ट टेक्निक और सुविधाओं के बीच फिल्म का आनंद ले सकेंगे। हम रायपुर, ग्वालियर के बाद पीवीआर आईनॉक्स का फोको फ्रेंचाइजी ओन्ड कंपनी ऑपरेटेड मॉडल मल्टीप्लेक्स जबलपुर में लाए हैं। इस नए मॉडल में हम फ्रेंचाइज को साथ जोड़ते हैं। जबलपुर में केए डेवलपर्स ने जो पहल की हैए वो निश्चित ही शहरवासियों के लिए अच्छी सौगात है।

**2 से 3 वर्षों की रिसर्च :** श्री अरोड़ा ने बताया कि हमारा फोको मॉडल कई 2 से 3 वर्षों की रिसर्च का नतीजा है। इसमें पहले हाईजीन से लेकर फायर सेफ्टी तक सारे नॉर्मर्स का क्लियर होना बहुत जरूरी होता है। अब यह मॉडल मप्र के अन्य शहरों में भी लाने की प्लानिंग है।

**शूटिंग को प्रोत्साहन मिलेगा :** श्री अरोड़ा बताते हैं कि पीवीआर के जबलपुर में आने से जहां लोकल लोगों को रोजगार मिलेगा तो वहीं लोग अच्छा सिनेमा देख सकेंगे। अच्छा सिनेमा देखने वाले न सिर्फ सिने इंडस्ट्री को फायदा पहुंचाते हैं बल्कि वे अच्छा सिनेमा बनाने के लिए भी प्रेरित होते हैं। हमें उम्मीद है कि मप्र भी जल्दी ही शूटिंग के एक बड़े केंद्र के रूप में डेवलप होगा।

**चेयर्स से लेकर साउंड तक सब खास :** पीवीआर की खासियतों पर चर्चा करते हुए श्री अरोड़ा ने बताया कि यहां आने वाले सिनेप्रेमियों के कम्फर्ट का पूरा पूरा ध्यान रखा जाता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण ये हैं कि पीवीआर में जो चेयर्स हम लाए हैं वे एरगोनॉमिक डिजाइन्स पर बेस्ड हैं यानी इनमें बैठकर आपको पीठ दर्द या रीढ़ से जुड़ी कोई समस्या नहीं होती। साउंड सिस्टम की बात करें तो यहां बेस्ट डॉल्बी ऑडियो सिस्टम यूज होता है। हम लेटेस्ट डीसीआई टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं। हमारे स्क्रीन की क्वॉलिटी वर्ल्ड क्लास है। हमारा फायर सिक्योरिटी सिस्टम भी एडवांस लेवल का है।

# श्रमिकों को मिले न्याय, हक सुरक्षा और सम्मान

**जागरण, सतना।** रेल मजदूर यूनियन के पूर्व अध्यक्ष व हिमकिपं के नेता अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आज 1 मई का दिन श्रमिकों के संघर्ष का दिन है जिन्होंने शिकागो में अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की और शहादत दी वो श्रमिक जिनके श्रम के योगदान से राष्ट्र की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है आज वही उपेक्षित और न्याय से वंचित हैं हमे उनके योगदान और महत्व को समझते हुए श्रम और श्रमिकों को एक ऐसी व्यवस्था देनी होगी जिसमें हकए सम्मानए सुरक्षा और न्याय सहूलियत से मिल सके यह सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है अभी श्रमिकों को उनके अधिकारों से वंचित होना पड़ता है चाहे वो संगठित श्रेत्र हो या असंगठित क्षेत्र श्रम का मूल्य और महत्व स्थापित हो इसके लिए आवश्यक है कि श्रमशक्ति भी एकजुट हो और अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करे साथ ही इस क्षेत्र में काम करने वाले संगठन भी निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर श्रमिक हितों को सुरक्षित करने का अपना दायित्व निभायें।

# एकेएस पैरामेडिकल विभाग की स्टूडेंट शिवानी रेडियोग्राफर पद के लिए चयनित



**सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी की पैरामेडिकल विभाग की स्टूडेंट शिवानी सोनी रेडियोग्राफर पद के लिए चयनित हुई हैं। एक्सरे टेक्नीशियन की छात्रा शिवानी सोनी ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कर्मचारी चयन आयोग के वर्ग 5 में रेडियोग्राफर पद के लिए पूरे मध्यप्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। जारी सूचना के अनुसार शिवानी की नियुक्ति संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएंए मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा की जाएगी। प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी, कुलपति प्रोफेसर बीएचचौपडे शुभकामनाएं दी हैं।

## मधुलिमये का जीवन संघर्ष और ईमानदारी से परिपूर्ण था : सुरेंद्र शर्मा

**सतना।** जदयू राष्ट्रीय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रख्यात समाजवादी चिंतक मधुलिमये की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि मधु जी देश के उन चुनिंदा राजनेताओं में से एक थे जिन्होंने आजीवन शोषितों पीड़ितों और वंचितों के मौलिक अधिकारों की हिफाजत के लिए संसद और सड़क पर अनवरत संघर्ष किया जेल यातनाएं सही गोवा मुक्ति आंदोलन के अगुआ ए सिद्धांतों से समझौता न करने वालेए सादगी से जीवन जीने वाले ईमानदार राजनेताओं में शुमार रहे इतनी उंचाई में रहने वाले श्री लिमये ने राजनीति में देश को अधिकतम दिया न्यूनतम लिया और श्रेष्ठतम जिया ।उनका सम्पूर्ण जीवन संघर्ष और ईमानदारी से परिपूर्ण था आज के दौर में राजनेता उनके आचरण, त्याग, सादगी, ईमानदारी और स्वाभिमान का अनुसरण करें तभी जयंती की सार्थकता होगी।

## महापौर ने प्याऊ का किया शुभारंभ



**जागरण, सतना।** गुरूवार को महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने बढ़ती हुई गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी तिराहा उतैली में नि शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया। इस प्याऊ में स्वच्छ शीतल जल तथा गुड़ लोगों को प्रदान किया जायेगा। महापौर श्री ताम्रकार ने त्रिमूर्ति सेवा समिति को इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी भाजपा के मंडल अध्यक्ष उत्तम वाल्मीकि राजेंद्र कुशवाहा अंकित शर्मा राकी रामनयन सिंह सहित अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति विशेष रूप से रही।

# जातिगत गणना ऐतिहासिक निर्णय : पुष्पराज



**जागरण, रामपुर बाघेलान।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने जारी बयान में कहा की भाजपा की केन्द्र एवं राज्य सरकार हमेशा हीं राष्ट्रहित को ध्यान रखते हुए सभी वर्गो के कल्याण हेतु काम किया है इसी कडी में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेत्रत्व में आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया है। वही कुछ अन्य राज्यो ने राजनीतिक दृष्टि से गैर पारदर्शी ढंग से सर्वे किया है। इस प्रकार के सर्वे से समाज में भ्रान्ति फैली है। भाजपा की केन्द्र सरकार ने इन सभी स्थितियो को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा सामाजिक ताना बाना राजनीति के दबाव में न आये एजातियो की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना मे ही सम्मिलित होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा की समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की प्रगति निर्बाध होती रहेगी। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने कहा की आजादी के बाद जातिगत गणना नही की गई। हमेशा विरोध किया गया 2010 मे तत्कालीन प्रधानमंत्री ने लोकसभा में जाति जनगणना पर कैबिनेट में विचार करने का आश्वासन दिया था। एक मंत्रिमंडल समूह की सिफारिश के बावजूद तात्कालीन सरकार नें तब सिर्फ सर्वे कराया था जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है। विपक्ष ने जाति जनगणना के विषय को लेकर अपने राजनैतिक लाभ के लिए उपयोग किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के इस ऐतिहासिक निर्णय से जिसकी जितनी संख्या है उसी आधार पर हर क्षेत्र में हिस्सेदारी तय होगी जो सभी समाजो के हित में है।

## शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम की ग्यारहवीं संध्या पर कलाकारों ने दी प्रस्तुति



**सतना।** मैहर मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत सम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों कों मंच देने जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में प्रत्येक माह की पहली तारीख को आयोजित होने वाले कार्यक्रम 01 मई दिन गुरुवार की शाम 07 बजे मैहर संगीत महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि मैहर जिला कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़ ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शास्त्रीय संगीत संध्या का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में नवोदित कलाकार मेघना बड़गईया कथक नृत्य सोलोए मानसी पाण्डेय शास्त्रीय गायन, अविकेश चौधरी सरोद वादन एवं अतिथि कलाकार सृजन मिश्रा शास्त्रीय गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर एसडीएम विकास सिंह, महिला बाल विकास अधिकारी राजेंद्र बांगरे, सौरभ चौरसिया, राजलालन मिश्रा, उत्तम पांडे,अनिल जायसवाल, रमाकांत त्रिपाठी, जयंत जैन संगत कलाकार सपना नामदेव, रमाकांत त्रिपाठी, पवन तरम घनश्याम, सौरभ शुक्ला, अंबिकेश चौधरी साथ में संगीत महाविद्यालय के छात्र छात्रा सहित संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

## बिरसिंहपुर में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती



**जागरण, सतना।** सतना जिले के बिरसिंहपुर नगर में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर जिले के बिरसिंहपुर में स्थित गैवीनाथ शिव मंदिर प्रांगण में श्रीमद् जगतगुरू रामानुजाचार्य देवप्रवर प्रपन्नाचार्य जी महाराज युवराज स्वामी पुरानी लंका चित्रकूट के मुख्यआतिथ्य में हुआ आयोजित इस आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में विप्र बंधु रहे मौजूदए महाराज श्री के आशिर्वचनों के उपरांत निकाली गई विशाल शोभा यात्रा भगवान परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालने पर नगर के समाज सेवियों के द्वारा शोभायात्रा में पुष्प वर्षा कर बिरसिंहपुर के मेंन बस स्टैंड में रसना एवं फल वितरण भी किए गए शोभा यात्रा में भगवान परशुराम जयंती पर दिव्य झांकी समेत मां काली की दिव्य विभूतियां भी सम्मिलित रही नगर में शोभा यात्रा उन्हीं मार्ग से निकली गई जिन रास्तों से अनुमति ली गई थी भगवान परशुराम जयंती पर नगर एवं क्षेत्र के विप्र बंधुओं एवं हिंदू समाज में काफी उत्साह एवं उमंग देखा गया इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए चित्रकूट एसडीओपी रोहित राठौर चित्रकूट थाना प्रभारी डी आर शर्मा समेत सभापुर थाने से उप निरीक्षक अशोक गर्ग सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा ।

## पन्ना शहरी परियोजना कार्यालय में आज होगा वृहद कार्यक्रम

**पन्ना ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के संबंध में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में शुक्रवार को पन्ना शहरी परियोजना कार्यालय में वृहद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारी.कर्मचारियों को जिम्मेवारी भी सौंपी है। इसके लिए सहायक संचालक ज्योति पाण्डेय को नोडल अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी किरण खरे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस दौरान लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में पौधरोपण भी किया जाएगा।

# मैहर के बड़ा अखाड़ा में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जागरण, सतना।** बुधवार को भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव अक्षय तृतीय पर बड़ा अखाड़ा आश्रम में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा सुबह 9 बजे पूजन का आयोजन किया गया पूजन बड़ा अखाड़ा के पूज्य गुरुदेव भगवान सीताबल्लभ शरण जू महाराज द्वारा यजमान स्वरूप उपस्थित मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं आज के परशुराम प्राकट्योत्सव कार्य संयोजक राजललन मिश्रा साथ में भारतीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ के जिला मैहर अध्यक्ष देवेंद्र पाण्डेय एवं तहसील अध्यक्ष मनोज तिवारी द्वारा पूजन सर्व ब्राह्मण परिवार साथ किया गया पूजन उपरांत ब्राह्मण परिवार की विचार संगोष्ठी प्रसाद भंडारा उपरांत शाम 4 बजे भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव की विशाल झाकी शोभा यात्रा निकली जिसमें सादर परम पूज्य बड़े अखाड़ा सीताबल्लभ शरण महाराज के साथ भगवान परशुराम की झाकी प्रभु श्री रामएराधा कृष्ण सहित भोले शंकर हनुमान की झाकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा सनातन धर्म हिंदू संस्कृति के सभी वर्गों को इस शोभा यात्रा में शामिल होने सादर आमंत्रित किया पूरे मैहर शहर में सभी जगह ब्राह्मण समाज की शोभा यात्रा का स्वागत सर्व समाज द्वारा किया गया ।शोभा यात्रा बड़ा अखाड़ा मैहर से चलकर पुरानी बस्ती घंटाघर कटरा बाजार होते हुए चांदी मंदिर प्रांगड़ में भगवान परशुराम की आरती एवं ब्राह्मण समाज के प्रभुत्व व्यक्तिव का सम्मान किया गया जिसमें पूज्य गुरुदेव भगवान एवं शहर के सभी मंदिर में धर्म कार्य के लिए समर्पित पूज्य संत पुजारी का सम्मान साथ ही ब्राह्मण समाज के क्षेत्रीय व्यक्तिव जो शासकीय कर्मचारी स्वरूप उच्च अशीन पदों पर कार्यरत है उन्हें ब्राह्मण कुलभूषण सम्मान पत्र साल एवं परशुराम जी की फोटो प्रदान कर सम्मान दिया गया उसी क्रम में ब्रह्मण समाज के क्षेत्रीय समाजसेवी व्यक्तिव का सम्मान किया गया ।इस कार्यक्रम के पूर्ण संयोजक राजलनन मिश्रा रहे इस कार्यक्रम में अमूल्य सहयोग प्रदान करने में प्रमुख रूप से प्रभाकर मिश्रा विष्णुधर उरमालिया रविनंदन मिश्रा रज्जन शुक्ला विकास त्रिपाठी पारस तिवारी,संदीप पाण्डेय रवि पाण्डेय जितेंद्र पाण्डेय जित्तू शुक्ला ,मनीष तिवारी,सुरेश तिवारी सतीश मिश्रा शंखधर प्यासी भारत शुक्ला सतीश मिश्रा कुलदीप दिवारी पी के मिश्रा शशि मिश्रा एवं सभी ब्राह्मण परिवार के साथियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# संयुक्त बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## जिला पंचायत सभागार में हुआ आयोजन



**जागरण, सतना।** कमिश्नर संभाग रीवा के निर्देशानुसार गुरूवार को जिला पंचायत सभागार में कृषि एवं अन्य सहयोगी विभागों की संयुक्त बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि मनोज कश्यप द्वारा गत वित्तीय वर्ष के लक्ष्य पूर्ति की प्रस्तुति की गई एवं विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा वित्तीय वर्ष 2025 की प्रस्तावित कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के उप संचालक अनिल सिंह द्वारा उद्यान विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही कृषक उद्यान विभाग की योजनाओं के लाभ कैसे प्राप्त कर सकते हैं, इसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया। पशुपालन विभाग एवं मत्स्य विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में भी विभाग प्रतिनिधियों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना संजना जैन द्वारा लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति तथा कमर्शियल फसलों के प्रति कृषकों में रुझान उत्पन्न करने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। नरवाई प्रबंधन हेतु यंत्रीकरण के प्रयोग करने एवं नरवाई जलाने से बचाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता के लिए भी कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी के जिला अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड सोहावल, रामपुर बाघेलान, मझगवां, नागौद, उचेहरा तथा 70 से अधिक विभिन्न विभागों के मैदानी कार्यकर्ता तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के नए संशोधन 15 मई से होंगे प्रभावी

**पन्ना ।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना में किए गए संशोधन 15 मई 2025 से प्रभावी होंगे। नए संशोधन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह.निकाह योजना के लिए चार तिथियां बसंत पंचमीए अक्षय तृतीया एवं तुलसी विवाह ;देवउठनी ग्यारसद्धए एक अन्य तिथि विभाग के अनुसार निर्धारित की जा सकती हैं। योजना के अंतर्गत अब सामूहिक विवाह इन्हीं तिथियों में आयोजित होंगेए जिन्हें योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग की दृष्टि से योजना की तिथियों का निर्धारण किया गया है।

# सांसद गणेश सिंह ने घायल पुलिसकर्मी का हाल जाना



**सतना।** जिले के जैतवारा थाना में गोली लगने से घायल हुए प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग का इलाज रीवा के मिनर्वा अस्पताल में चल रहा है। गुरूवार को सतना के सांसद गणेश सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिसकर्मी का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों से प्रिंस गर्ग के स्वास्थ्य और उपचार की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी ली और समुचित चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद गणेश सिंह ने चिकित्सकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि घायल पुलिसकर्मी के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रिंस गर्ग को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों।

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर पन्ना जिले के श्रमजीवी पत्रकारों ने भरी हुंकार

## पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 21 सूत्री य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पन्ना कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस गुरुवार को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन में प्रदेश व्यापी पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर संघ की पन्ना जिला इकाई के अध्यक्ष जी के नेतृत्व में एक सैकड़ा से अधिक पत्रकारों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम कलेक्टर पन्ना को रैली निकाल कर ज्ञापन सौपा गया। एक मई को पन्ना नगर के सतना रोड स्थित सत्यम पैलेस के सामने सुबह 11 बजे पन्ना जिले की विभिन्न तहसीलों से पहुंचे करीब एक सैकड़ा पत्रकार एकत्रित हुए तथा करीब दो दर्जन से अधिक गाड़ियों का काफिला प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचा कलेक्ट्रेट से 200 मी की दूरी से पत्रकारों द्वारा सांकेतिक रूप से रैली निकाली गई रैली में एक ही जज्बा एक ही जुनूनए हमें चाहिए पत्रकार सुरक्षा कानूनए मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिंदाबादए के नारे के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे यहां पर संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र पांडे सागर संभाग इकाई के सचिव आलोक मोदीए संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खानए संभागीय कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेंद्र सिंहए के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष धनंजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में पन्ना अजयगढ़ देवेंद्रनगर गुन्नौर पवई सिमरिया अमानगंज शाहनगर रैपुरा तहसीलों के अध्यक्ष सहित सैकड़ो पत्रकारों की मौजूदगी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार जी को पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 21 सूत्रीय मॉगों को लेकर ज्ञापन सौपा गयासुरक्षा कानून के अलावा 20 सूत्रीय मांगों में भोपाल के मालवीय नगर स्थित हमारे पत्रकार भवन को सरकार ने बिना किसी सूचना के छीन लिया वह जमीन वापस की जाएए पत्रकारों की पेंशन में अधिमान्यता की शर्त अलग की जाएए मध्य प्रदेश के समस्त जिला स्तर पर पत्रकार भवन के लिए भूमि आवंटित की जाए ए टोल टैक्स पर संगठन के कार्ड की मान्यता प्रदान की जाएए उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर पत्रकार बीमा की राशि फ्री की जाएए अधीमान्यता के लिए संस्थान के मालिकों की अनुशंसा से मुक्त किया जाएए श्रमजीवी पत्रकारो के बच्चों को शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश के लिए 50: तक छूट दी जाएए जिले में पत्रकारों को रियायती दर पर आवास हेतु भूमि आवंटित की जाए ए आम लोगों द्वारा अपनी गाड़ी में प्रेस लिखकर पत्रकारिता का दुरुपयोग तथा बदनाम किया जाता है जिस पर कड़ाई से रोक लगाई जाएए इस तरह अन्य 21 सूत्रिय मांगे ज्ञापन के माध्यम से सौपी गई हैं ।

**नाम सुधार सूचना**

मैं लेखराम पटेल पिता ए.आर. सिंह निवासी ग्राम बेल्दरा तहसील मैहर जिला मैहर का निवासी हूॅ। मै अपने सरनेम सिंह की जगह पटेल लिख रहा हूॅ मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम लेखराम पटेल अंकित है। जबकि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम लेख राम सिंह अंकित हो गया। जिसे बदलकर लेखराम पटेल पिता ए.आर.सिंह निवासी ग्राम बेल्दरा तहसील मैहर जिला मैहर दर्ज किया जाये। मेरा आधार कार्ड नम्बर 488745996689 है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम लेखराम पटेल अंकित किया जाये जो सही एवं सत्य है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं अरविंद कुमार पाण्डेय पिता रामगोपाल पाण्डेय उम्र 48 साल निवासी ग्रा.पो. रजरवार तह. कोटर जिला सतना म.प्र. का निवासी होकर शपथपूर्वक कथन करता हूॅ कि मेरी पुत्रि का नाम सृष्टि पाण्डेय (SHRASTI PANDEY) है। वह वर्तमान सत्र में पाथ फाइंडर एकेडमी कोटर में कक्षा 7वीं में अध्यनरत है प्रवेश के समय भूलवस मेरे द्वारा पिता का नाम अरविंद पाण्डेय (ARVIND PANDEY) एवं माता का नाम सविता पाण्डेय (SAVITA PANDEY) लिख दिया गया है। जबकि पिता का सही नाम अरविंद कुमार पाण्डेय (ARVIND KUMAR PANDEY) एवं माता का सही नाम सबिता पाण्डेय (SABITA PANDEY) है। अतः मेरी पुत्री सृष्टि पाण्डेय (SHRASTI PANDEY) के स्कूल दस्तावेज में पिता का नाम अरविंद कुमार पाण्डेय और माता का नाम सबिता पाण्डेय दर्ज किया जाये।

वर्ष 72 अंक 213 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 02 मई, 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"शांति का अर्थ महज संघर्ष की गैर मौजूदगी नहीं है, बल्कि यह संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीकों से संभालने की क्षमता है।
– रोनाल्ड रीगन

## संक्षिप्त खबरें

### अरशद नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में बैन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान के स्टार जैवलिन थ्रोअर (भाला फेंक खिलाड़ी) अरशद नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। सरकार उन पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट पर एक्शन ले रही है, जिनके भारत में बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हैं. इसी कड़ी में अब अरशद नदीम के इंस्टाग्राम अकाउंट को भारत में प्रतिबंधित किया गया है। भारत में अरशद का इंस्टाग्राम अकाउंट खोलने की कोशिश करने वालों को यह संदेश मिल रहा है कि यह भारत में उपलब्ध नहीं है। इस सप्ताह की शुरुआत में कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को भी भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे और भ्रामक कथन और गलत सूचना प्रसारित करने के लिए भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया था। अरशद नदीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। 8 अगस्त 2024 को हुए फाइनल में अरशद नदीम ने अपने दूसरे अटेम्प्ट में 92.97 का थ्रो किया।



### बीएसएफ ने अमृतसर में जब्त की हथियारों की खेप

**अमृतसर, जेएनएन।** पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर भरोपाल गांव के पास सुरक्षाबलों ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में हथियारों की खेप बरामद की है। इसके साथ ही दो हैंड ग्रेनेड भी जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है कि इन हैंड ग्रेनेड का इस्तेमाल आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए किया जाना था। बता दें कि बीएसएफ और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने भरोपाल गांव में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान जमीन में छिपाकर रखे गए दो हैंड ग्रेनेड, तीन पिस्तौल, छह मैगजीन और 50 जिंदा कारतूस बरामद किए। इससे पहले 27 अप्रैल को पंजाब पुलिस ने अमृतसर में एक बड़े अवैध हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया था। खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अमृतसर जिले के निवासी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया था। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से 7 पिस्तौल, 4 जिंदा कारतूस और 1.5 लाख रुपए नकद बरामद किए थे।

### मकोका मामले में आप विधायक पर आरोप पत्र

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली पुलिस ने यहां की एक अदालत में बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत आरोपपत्र दाखिल किया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा, जिनके समक्ष अंतिम रिपोर्ट दाखिल की गई, ने मामले को शुक्रवार के लिए विचारार्थ सूचीबद्ध कर दिया। पूरक आरोपपत्र चार आरोपियों साहिल उर्फ पोली, विजय उर्फ कालू, ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा और बाल्यान के खिलाफ दायर किया गया था। इन सभी आरोपियों को गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू द्वारा कथित रूप से संचालित संगठित अपराध 'सिंडिकेट' के खिलाफ जांच से संबंधित मकोका मामले में गिरफ्तार किया गया था। बाल्यान को पिछले साल चार दिसंबर को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था, जबकि एक अदालत ने उन्हें जबरन वसूली के एक मामले में जमानत दे दी थी।



### भोपाल में 18 दिन से लापता बच्ची के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान, खामियों पर उठाए सवाल

# मुख्य सचिव, डीजीपी को एनएचआरसी का नोटिस, 14 दिन में दें रिपोर्ट

**नई दिल्ली/ भोपाल, जेएनएन।** प्रदेश की राजधानी भोपाल के कोहेफिजा क्षेत्र में 18 दिन पहले एक छह वर्षीय बच्ची के लापता होने के मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस भेजते हुए दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस मामल में मानवाधिकार आयोग ने मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया और अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए जवाब मांगा है।

### क्या है मामला

कोहेफिजा इलाके में एक अंडरब्रिज के पास एक 6 साल की बच्ची अचानक गायब हो गई थी। यह घटना 18 दिन पहले की है, लेकिन अब तक पुलिस न तो बच्ची का कोई सुराग ढूंढ पाई है और न ही किसी संदिग्ध को गिरफ्तार कर पाई है।

### नोटिस में मांगी यह जानकारी

1. बच्ची की गुमशुदगी की अब तक की जांच में हुई प्रगति क्या है?
2. पीड़ित परिवार को क्या कोई सहायता या सुरक्षा दी गई है?
3. राज्य में महिला और बाल सुरक्षा के लिए क्या व्यवस्थाएं हैं?
4. ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत कितनी बच्चियों को अब तक रेस्क्यू किया गया है?

### सख्त टिप्पणी

"राज्य में सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क कमजोर है, त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैपिड रिस्पॉन्स टीम) प्रभावी ढंग से काम नहीं कर रहे हैं और पुलिस इकाइयों के बीच समन्वय का भी अभाव है। ऐसे में लापता मामलों की जांच बेहद प्रभावित हो रही है। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा शुरू किया गया 'ऑपरेशन मुस्कान', जिसका उद्देश्य लापता लड़कियों को खोजकर उन्हें पुनर्वास देना था, अब तक किसी भी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाया है।
**– राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग**

### बिना परिणाम के 'ऑपरेशन मुस्कान'

एनएचआरसी ने कहा है कि प्रदेश सरकार के 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत बच्चियों की बरामदगी में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई है। खासकर इस केस में, बच्ची की मां जो खुद बेघर है और आठ बच्चों की देखभाल करती है, उसने पुलिस को शक जाहिर किया है कि उसके किसी रिश्तेदार की भूमिका हो सकती है। लेकिन न तो पुलिस ने अब तक उस दिशा में जांच आगे बढ़ाई है, न ही किसी को हिरासत में लिया गया है। एनएचआरसी ने कोहफिजा वाले मामले में कहा है कि अगर खबर में बताए गए तथ्य सही हैं, तो यह एक बेहद संवेदनशील और गंभीर मामला है, जो राज्य में कानून-व्यवस्था और महिला-बाल सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है।

### 3 साल में 3,400 से अधिक महिलाएं-बच्चियां गायब

मध्यप्रदेश पुलिस के आंकड़े भी इस गहराते संकट की ओर इशारा करते हैं। बीते तीन साल में राज्य से 3,400 से अधिक महिलाएं और बच्चियां लापता हुई हैं। इनमें से कई मामलों में आज तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है।

### कश्मीर में कत्लेआम: अरब सागर में एंटी शिप-एंटी एयरक्राफ्ट युद्धाभ्यास

# तनाव के बीच 'आईएनएस सूरत' हजीरा में तैनात

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। इस मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेग्सेथ से फोन पर बात की। हालांकि इसकी डिटेल सामने नहीं आई है। इस बीच नेवी का जंगी जहाज आईएनएन-सूरत गुरुवार को पहली बार सूरत के हजीरा पोर्ट पर तैनात किया गया है। यहां नेताओं और नेवी अफसरों ने इसका स्वागत किया। मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है कि इंडियन नेवी ने अपने सभी वॉरशिप को अलर्ट पर रखा है। पिछले दिनों अरब सागर में एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। गुजरात के नजदीक कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है।

उधर, पहलगाम आतंकी हमले की जांच का जिम्मा संभालने के बाद एनआईए के महानिदेशक सदानंद दाते गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम पहुंचे। उन्होंने बैसरन घाटी का दौरा किया और सुरक्षा अधिकारियों से हमले से जुड़ी जानकारी ली। एनआईए ने संदेह के आधार पर 150 लोगों को हिरासत में लिया। अब तक एनआईए दो हजार से अधिक संदिग्धों से पूछताछ कर चुकी है। इसके अलावा, 18 एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी हैं।

इस बीच राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री से अपील की है कि हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाए। वे पीड़ित परिवारों के दुख में साथ हैं और इस मांग का समर्थन करते हैं।



### जयशंकर और पाक पीएम से अमेरिकी विदेश मंत्री की बात

अमेरिका, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिशों में जुट गया है। इसके मद्देनजर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से फोन पर बात की। उन्होंने दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया। शहबाज और जयशंकर से अलग-अलग बातचीत के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका आतंकवाद से लड़ाई में भारत का समर्थन करता है और पाकिस्तान से पहलगाम हमले की जांच में सहयोग करने का भी आग्रह करता है।

### 13.1 करोड़ डॉलर के सैन्य उपकरण देगा अमेरिका

गुरुवार को अमेरिका ने भारत को 13.1 करोड़ डॉलर के सैन्य उपकरण और रसद देने का ऐलान किया। पेंटागन की सुरक्षा सहयोग एजेंसी डीएससीए ने सैन्य आपूर्ति के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं। संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को भी सूचित कर दिया है। यह मंजूरी ऐसे समय में दी गई है, जब ट्रंप प्रशासन सैन्य खरीद बढ़ाने का दबाव डाल रहा है।

### पाक ने आईएसआई चीफ मलिक को बनाया एनएसए

बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) बनाया है। यह नियुक्ति 29 अप्रैल को हुई थी, लेकिन सरकार ने नोटिफिकेशन 30 अप्रैल को आधी रात जारी किया। मलिक को सितंबर 2024 में आईएसआई चीफ बनाया गया था। अप्रैल 2022 में मोईद यूसुफ के बाद से पाकिस्तान में कोई एनएसए नहीं था। अब मलिक के पास दो जिम्मेदारियां (आईएसआई चीफ और एनएसए) होंगी।



# जबलपुर में नाबालिग को तीन दिन बंधक बनाकर गैंगरेप, आरोपी फरार

**जागरण, जबलपुर।** मंडला के एक युवक ने जबलपुर की नाबालिग से पहले स्नैपचेट पर दोस्ती की। इसके बाद तीन दिन तक बंधक बनाकर उसके साथ गैंगरेप किया। जानकारी के मुताबिक, दोस्ती के बाद पीड़िता को कान्हा नेशनल पार्क घुमाने का कहकर मंडला बुलाया। यहां युवक ने दोस्त के घर में पीड़िता को तीन दिन बंधक बनाकर रखा। दोनों आरोपियों ने गैंगरेप की वारदात की। आरोपियों धमकी देकर पीड़िता को जबलपुर भेज दिया। घर पहुंचकर पीड़िता ने माता-पिता को जानकारी दी।

नाबालिग की शिकायत पर गढ़ा थाना पुलिस ने गैंग रेप का प्रकरण दर्ज किया है। जबलपुर पुलिस की एक टीम मंडला में डेरा डालकर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस की पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि जब राजन उसे अपने साथ ले गया था, उस दौरान बहुत अंधेरा था। बाइक में कुछ समझ ही नहीं आ रहा था कि रास्ता कहां का और कैसा है, उसने पुलिस को बताया कि जिस दौरान राजन अपने दोस्त के साथ बस स्टैंड छोड़ने आया था, उस दौरान भी बहुत ही सकरी गलियों से लाया था, जिसके चलते उसे रास्ता ध्यान नहीं है।

### स्नैपचैट पर दोस्ती, फिर मंडला बुलाकर की वारदात

7वीं क्लास में पढ़ने वाली पीड़िता की 6 महीने पहले मंडला के राजन से स्नैपचैट पर दोस्ती हुई। दोनों के बीच बातें होने लगीं। दोनों ने एक-दूसरे का मोबाइल नंबर ले लिया। चार दिन पहले राजन ने नाबालिग को फोन लगाया और कान्हा नेशनल पार्क घुमाने का झांसा देकर मंडला बुलाया। वह बहकावे में आ गई और सहेली के घर जाने का बहाना बनाकर 26 अप्रैल को मंडला पहुंच गई। राजन उसे अपने दोस्त के घर ले गया, जहां तीन दिन बंधक बनाकर राजन और उसके दोस्त ने रेप किया। राजन और उसका दोस्त बुधवार दोपहर पीड़ित को बाइक पर बैठाकर मंडला बस स्टैंड पहुंचे और यह कहते हुए उसे बस में बैठा दिया कि अगर घर या पुलिस को कुछ भी बताया तो ठीक नहीं होगा। राजन ने धमकी दी कि जबलपुर में भी उसके दोस्त हैं, जो कि तेरे घर तक पहुंच सकते हैं।

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर अब 17 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑइल मार्केटिंग कंपनियों ने महंगाई से राहत देते हुए कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 17 रुपए की कटौती कर दी है। नए भाव 1 मई, 2025 से लागू भी हो गए हैं। दिल्ली में अब इसके दाम १७४७.५० रुपए हो गए हैं। घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ऐसे में कंपनियों के फैसले से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिलेगी।

कॉमर्शियल एलीपीजी सिलेंडर की कीमतों में हुई इस कटौती से रेस्टॉरेंट, होटल मालिकों को राहत मिलेगी। दिल्ली में सिलेंडर की कीमतों में इस साल 5 में से 4 बार कटौती हुई है, जबकि एक बार दाम बढ़ाए गए थे। कटौती 41.5 रुपए की हुई थी।

### 'शरबत जिहाद' पर नया वीडियो, हाईकोर्ट की फटकार

# रामदेव अपनी दुनिया में जी रहे, वे किसी के काबू में नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को बाबा रामदेव के नए वीडियो को लेकर तीखी टिप्पणी की। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं। वे अपनी ही दुनिया में जीते हैं। बाबा रामदेव ने हमदर्द कंपनी का नाम लिए बिना रूह अफजा को 'शरबत जिहाद' कहा था। इसके बाद विवाद बढ़ गया था। बाबा को कोर्ट ने फटकारा भी था। इसके बावजूद बाबा ने दूसरा वीडियो भी अपलोड कर दिया। हालांकि यह नया वीडियो कब जारी किया गया, इसके बारे में कुछ स्पष्ट नहीं है। अब कोर्ट ने कहा-पिछले आदेश बाद बाबा ने एक हलफनामा दायर किया था, जिसमें वादा किया गया था कि वे अपने शरबत को प्रमोट करने के लिए किसी अन्य ब्रांड पर उंगली नहीं उठाएंगे। लेकिन उन्होंने फिर वीडियो जारी कर दिया जो प्रथमदृष्टया अवमानना के अंतर्गत आता है। मैं अब अवमानना का नोटिस जारी करूंगा। हम उन्हें यहां बुला रहे हैं।



# ९० फीसदी झुलसी पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास का निधन

**अहमदाबाद, जेएनएन।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सीनियर कांग्रेस लीडर डॉ. गिरिजा व्यास का निधन हो गया। अहमदाबाद स्थित जायडस अस्पताल में गुरुवार शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। वे एक महीने पहले गणगौर पूजा के दौरान चुन्नी में आग लगने से झुलस गई थीं। 90 प्रतिशत झुलसने से उनकी हालत बिगड़ गई थी। उनका अहमदाबाद में इलाज चल रहा था। गिरिजा व्यास के भाई गोपाल शर्मा ने बताया कि पहले उनकी तबीयत में सुधार हो रहा था, लेकिन दो दिन से तबीयत फिर बिगड़ गई थी। उन्होंने बताया कि गिरिजा व्यास का पार्थिव शरीर देर गुरुवार देर तक उदयपुर पहुंच जाएगा। शुक्रवार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके देत्य मगरी आवास पर रखा जाएगा। शाम 4 बजे उदयपुर में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बता दें कि गिरिजा व्यास केंद्र और राज्य में मंत्री रहीं। वे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भी रहीं। उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रहते हुए महिलाओं के कल्याण को लेकर कई काम किए। व्यास ने 2018 में आखिरी विधानसभा चुनाव उदयपुर शहर सीट से लड़ा था।



# अभी नहीं होगा क्लेट-यूजी की मेरिट लिस्ट में संशोधन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद फिलहाल क्लेट-यूजी 2025 की मेरिट लिस्ट को संशोधित करने का फैसला टल गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मेरिट लिस्ट को संशोधित करने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज के कंसोर्टियम को अंडरग्रेजुएट (यूजी) एडमिशन के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लेट) 2025 की मेरिट लिस्ट में कुछ प्रश्नों में गलतियों के कारण संशोधन करने का निर्देश दिया था। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने 23 अप्रैल को हाईकोर्ट की बेंच द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर नोटिस जारी करते हुए अंतरिम आदेश पारित किया।



### दिल्ली हाई कोर्ट ने पाई थी चार सवालों में गलतियां

दिल्ली हाईकोर्ट ने सेट बी, सी और डी प्रश्नपत्रों में चार सवालों में गलतियां पाई थीं। अदालत ने निर्देश दिया था कि इन प्रश्नों के लिए उन उम्मीदवारों को अंक दिए जाएं, जिन्होंने उक्त सेटों को हल किया था। क्लेट कंसोर्टियम को चार हफ्ते की अवधि के भीतर मेरिट सूची को संशोधित करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने ए सेट को हल करने वाले उम्मीदवारों को यह लाभ नहीं दिया और कहा कि इस सेट में कोई गलती नहीं थी।

ए सेट को हल करने का प्रयास करने और अखिल भारतीय रैंक 22 हासिल करने वाले अभ्यर्थी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में तर्क दिया कि हाईकोर्ट के निर्देश ने ए सेट प्रश्नपत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को बी,सी और डी सेट प्राप्त करने वाले छात्रों की तुलना में नुकसान में डाल दिया है। इसलिए, उच्च न्यायालय के निर्देश ने याचिकाकर्ता को समान अवसर से वंचित कर दिया।

फरवरी 2025 में, सुप्रीम कोर्ट ने देश के विभिन्न हाई कोर्ट में लंबित याचिकाओं को दिल्ली हाईकोर्ट में स्थानांतरित किया था ताकि एकरूपता से इस विवाद का निपटारा हो सके। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई इस अंतरिम राहत के चलते फिलहाल क्लेट-यूजी 2025 की वर्तमान मेरिट सूची यथावत बनी रहेगी। शीर्ष अदालत अब इस मामले में विस्तृत सुनवाई करेगा।

### अब 5 मई को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट में पेटीशनर ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के मार्कशीट्स के रिवीजन करने के फैसले का वो पीड़ित है। बेंच ने कंसोर्टियम और अन्य लोगों को नोटिस जारी किया है और अगली सुनवाई 5 मई की रखी गई है। कोर्ट ने कंसोर्टियम से कहा कि अगली सुनवाई से पहले अपनी वेबसाइट पर कोर्ट में दायर अर्जी की जानकारी साझा करें।

## किचन क्रांति

### तैयार हो गई है भविष्य की रसोई, एआई शेफ से बदलेगा कुकिंग का तरीका

# न चाकू उठाना, न आंचल संभालना, रोबोट बनाएगा खाना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** खाना बनाना अब महज परंपरा या जरूरत नहीं, एक तकनीकी क्रांति बन चुका है। दुनिया भर में रोबोट शेफ और एआई आधारित किचन सिस्टम हमारी रसोई की तस्वीर बदल रहे हैं। हाल ही में इंग्लैंड की कंपनी मोली रोबोटिक्स ने पूरी तरह से ऑटोमेटेड किचन लांच किया है और इसे अच्छा रिस्पांस मिला है। इसमें बस आपको रेसिपी क्लिक करनी है, बाकी काम एआई रोबोट करेगा।

इसी क्रम में अमेरिका का फ्लिपी रोबोट और भारत में मुकुंदा फूड्स जैसे स्टार्टअप्स ने इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। ये रोबोट न केवल खाना बना सकते हैं, बल्कि सीख भी सकते हैं कि किसे क्या पसंद है। भारत में अभी ये तकनीक प्रीमियम सेक्टर और क्लाउड किचन तक सीमित है, लेकिन सस्ती होते ही यह आम घरों तक पहुंच सकती है।

### मोली रोबोटि्क्स का ऑटोमेटेड किचन

इसमें दो रोबोटिक 'हाथ' होते हैं जो इंसानी शेफ की तरह खाना बना सकते हैं। स्क्रीन पर रेसिपी चुनिए, बाकी सब काम काटना, पकाना, सॉस डालना और परोसना आदि यह खुद करता है। यह दुनिया का पहला पूरी तरह ऑटोमैटिक किचन रोबोट है।



### भारत में कहां हो रहा इस्तेमाल

कुछ 5-स्टार होटल और टेक स्टार्टअप ने प्रयोग के तौर पर शामिल किया है। जैसे जोमाटो/स्विगी जैसी कंपनियां भी एआई आधारित किचन की ओर बढ़ रही हैं। फिलहाल भारतीय घरों में इनके आने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि कीमत बहुत ज्यादा है। मोली किचन का रोबोट 3 लाख डॉलर (करीब ढ़ाई करोड़ रुपए) से ज्यादा का है। हालांकि तकनीक सस्ती और कॉम्पैक्ट होगी तो भविष्य में स्मार्टकिचन में रोबोट शेफ आम चीज हो सकते हैं। अभी रेसिपी में बदलाव, भावनात्मक स्वाद (इंसानी अंदाज), और भारतीय खाने की जटिलता पूरी तरह एआई से संभालना मुश्किल है।

### और भी हैं एआई रोबोट शेफ

**अमेरिका का नाला रोबोटिक्स:** यह एआई किचन रोबोट कई तरह के व्यंजन बना सकता है। खुद से सीख सकता है कि कौन-सा खाना किसे पसंद आया।

**मिसो रोबोटिक्स का फ्लिपी:** खासतौर पर बर्गर, फ्राई बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। व्हाइट कैसल जैसे रेस्टोरेंट्स में इसका प्रयोग हो रहा है।

**भारत का रोबोशेफ:** मुकुंदा फूड्स ने ऑटोमेटिक डोसा और इडली मैकिंग मशीन बनाई है। अब बिरियानी, कड़ी, चावल के लिए एआई आधारित कुकिंग मॉड्यूल्स बनाए जा रहे हैं।

**सैमसंग बोट शेफ:** यह एआई आधारित रोबोटिक आर्म चॉपिंग, मिक्सिंग, ग्रैबिंग जैसे काम करता है। इसमें वॉइस कमांड की सुविधा है। आप कह सकते हैं नमक डालो और वह यह करेगा। अभी यह प्रोटोटाइप फेज में है।

**निम्बल का जूलिया:** भारतीय स्टार्टअप निम्बल ने हाल ही में जूलिया नाम का स्मार्ट किचन रोबोट बनाया है। यह खासतौर पर भारतीय खाने जैसे सांभर, सब्जी, पोहा, पुलाव आदि बनाने में पूरी तरह सक्षम है। आप मोबाइल ऐप से रेसिपी चुनते हैं और यह तय मात्रा में सामग्री डालकर पकाता है। भारत में इसे 2025 के अंत तक कमर्शियल रूप से लॉन्च करने की योजना है।

**स्मार्ट किचन सिस्टम:** सोनी, पैनासोनिक और एलजी जैसे ब्रांड स्मार्ट किचन सिस्टम ला रहे हैं। ये पूरे खाना नहीं बनाते लेकिन एआई के जरिये खाना पकाने में मदद करते हैं। जैसे- टाइमिंग ऑटोमैटिक सेट करना, तापमान सेंसर, रेसिपी सुझाव, स्मार्ट स्टोव और ग्राइंडर आदि काम करते हैं।

# 'नपुंसक' कहना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं: कोर्ट

### ससुराल वालों पर था दामाद को 'नपुंसक' कहने का आरोप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने पति के ससुराल वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले को खारिज करते हुए कहा कि वैवाहिक विवाद के बाद अपनी बेटी (मृतक की पत्नी) को उसके मायके ले जाते समय दामाद को आपत्तिजनक भाषा में 'नपुंसक' कहना आत्महत्या के लिए उकसाने के बराबर नहीं है। पति के ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जब पति का सुसाइड नोट मिला। इसमें उसने अपने ससुराल वालों पर पत्नी को उसके मायके ले जाते समय उसे परेशान करने और नपुंसक कहने का आरोप लगाया।

मद्रास हाईकोर्ट ने ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर खारिज करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट के निर्णय को दरकिनार करते हुए जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस एजी मसीह की खंडपीठ ने कहा कि सुसाइड नोट में प्रत्यक्ष प्रलोभन या लगातार क्रूरता का संकेत नहीं था। न्यायालय ने कहा कि केवल आहत करने वाली टिप्पणियों (जैसे, नपुंसक) से उकसावे की पुष्टि नहीं होती। न्यायालय ने कहा कि आत्महत्या पति को कथित रूप से अपमानित किए जाने के लगभग एक महीने बाद हुई और इस बीच की अवधि में मृतक और आरोपी के बीच कोई संपर्क नहीं था। अदालत ने कहा, सुसाइड नोट से यह साबित नहीं होता कि आरोपी ने मृतक को उकसाया या कोई लगातार क्रूरता या उत्पीड़न किया गया, जिससे आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध बनता हो।

# लाइफ इंश्योरेंस की पॉलिसी बेचने के नाम पर वृद्ध दंपत्ति से एजेंट ने की 2 लाख की ठगी

## पुलिस अधीक्षक व कोतवाली प्रभारी से कार्रवाई की मांग

जागरण, कटनी

इंडिया फर्स्ट लाईफ इंश्योरेंस कंपनी की पालिसी बेचने के नाम पर एक दंपत्ति के साथ 2 लाख 5 हजार रूपए की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। वृद्ध दंपत्ति के द्वारा इस संबंध में एक शिकायत पुलिस अधीक्षक व कोतवाली प्रभारी से करते हुए आरोपी एजेंट पर कार्रवाई और रकम वापस दिलाने की मांग की गई है।

पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में मसुरहा वार्ड निवासी जगन्नाथ प्रसाद नामदेव ने बताया कि इंडिया फर्स्ट लाईफ इंश्योरेंस कंपनी के एजेंट उमंग खरे के द्वारा उनके साथ 2 लाख 5 हजार रूपए की धोखाधड़ी की गई है। एजेंट उमंग खरे के द्वारा उनकी पत्नी श्रीमती सविता नामदेव के नाम पर पालिसी क्रमांक 20351903 एवं उनके स्वयं के नाम पर पालिसी क्रमांक 20440559 की गई



लेकिन पालिसी की अवधि पूरी होने के बावजूद उन्हे पालिसी की रकम नहीं दिलाई जा रही है। श्रीमति सविता नामदेव व जगन्नाथ प्रसाद नामदेव की पालिसी क्रमांक यू.जी.4139062 एवं यूयू 6104096 से क्रमश एक-एक लाख रूपये की किश्त जमा कराई गई जो जगन्नाथ प्रसाद नामदेव यूनियन बैंक खाता क्रमांक 328802010051414 से धोखाधड़ी करके निकालकर उक्त बीमा कर दिये गये।

जिसकी जानकारी उमंग खरे के द्वारा पीड़ित दंपत्ति को नहीं दी गई। अचानक पासबुक के स्टेटमेंन्ट से मिलान किया गया, तब पता चला कि उक्त राशि से नये बीमा कर दिये गये हैं। इसी बीच एजेंट उमंग खरे के द्वारा जगन्नाथ प्रसाद नामदेव को यह बताया गया कि आपकी पालिसी से बंद करते समय आपके खाते में अधिक राशि 73 हजार 999 रूपये आ गई है। इस राशि को कम्पनी को वापिस करना होगा जबकि पालिसी से किसी प्रकार की अधिक राशि का विवरण कंपनी के रिकार्ड में नहीं है। बाद में पता चला कि एजेंट उमंग खरे द्वारा अपने खाता क्रमांक 10133792502 में उक्त राशि जमा कर दी गई है जिसे यूनियन बैंक के मैनेजर द्वारा लिखित प्रमाणित कर पत्र भी दिया गया है। जगन्नाथ प्रसाद नामदेव ने स्वयं व पत्नी के साथ की गई इस तरह की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी एजेंट उमंग खरे पर कार्रवाई करते हुए रकम वापस दिलाने की मांग की है।

## नेशनल लोक अदालत के लिए जागरुकता रथ : प्रधान जिला न्यायाधीश ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**छतरपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली सहित मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में 10 मई, 2025 को आयोजित होने वाली दूसरी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष रविन्दर सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय राजेश कुमार देवलिया द्वारा अन्य समस्त न्यायाधीशगणों की गरिमामयी उपस्थिति में गुरुवार 1 मई, 2025 को प्रातः 10:30 बजे जिला न्यायालय छतरपुर से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया गया।

नेशनल लोक अदालत में विद्युत विभाग एवं नगरपालिका के प्रीलिटिगेशन प्रकरण एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों को भी रखा जा रहा है, जिसके लिए नगरपालिका के वाहनों में जिंगल चलाई जा रही है। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रचार वाहन, नगरपालिका एवं बिजली विभाग के वाहनों को संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सिंह द्वारा प्रचार वाहनों को शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह, कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश राजेश कुमार देवलिया, जिला न्यायाधीश कविता वर्मा,आशीष श्रीवास्तव, हिमांशु शर्मा, निवेश कुमार जायसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति निवेश जायसवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु प्रसाद सोलंकी, न्यायिक मजिस्ट्रेट रानो बघेल,दिव्यांशु गुप्ता, आकांक्षा गर्ग एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र चढार एवं प्राधिकरण स्टाफ सहित नगरपालिका के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। प्रचार वाहन के साथ लोक अदालत से संबंधित पेम्पलेट को भी वितरित किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को लोक अदालत के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके।

## पांच साल भटकने के बाद जब मोतीराम मिला अपने परिवार से, एक पुलिस जवान, समाजसेवियों और संगठनों के सामूहिक मानवीय प्रयास की अद्भुत कहानी

**पन्ना।** देवेंद्रनगर यह सिर्फ एक खोए हुए व्यक्ति की वापसी की कहानी नहीं हैए यह मानवता के पुनर्जागरणए सामाजिक चेतना की जीवंतता और संगठनों की उत्तरदायी सक्रियता की मिसाल है। यह उस समाज की तस्वीर है जहां अब भी कुछ ऐसे लोग हैंए जो संवेदनाओं से भरे हुए हैंए जो सरकारी तंत्र की निष्क्रियता के बीच भी एक आशा की लौ जलाए खड़े हैं।

**वह जो खो गया था : मोतीराम की अनकही पीड़ा :** खंडवा जिले की हरसूद तहसील के लिमखेड़ा गांव का निवासी मोतीरामए लगभग पाँच साल पहले रोजगार की तलाश में दक्षिण भारत गया था। लौटते वक्त गलत ट्रेन पकड़ बैठा और फिर भटकता चला गया। मानसिक असंतुलन की अवस्था में वह न अपने घर का नाम सही बता सकाए न गांव की पहचान। कभी होटल में कामए कभी सड़कों पर भूखे पेट रातेंए तो कभी फुटपाथों पर एकाकी जीवनण्ण् लेकिन न सरकार को खबर हुईए न किसी संस्था ने ध्यान दिया।

**देवेंद्रनगर में उजली उम्मीद गोविंद सिंह बागरी की दृष्टि :** पन्ना पुलिस लाइन में पदस्थए ैथ् के संवेदनशील जवान गोविंद सिंह बागरी की नजर हाल ही में एक विक्षिप्त व्यक्ति पर पड़ी। इंसानियत से ओतप्रोत इस पुलिसकर्मी ने उसे अनदेखा नहीं कियाए बात कीए नाम पूछा। अस्पष्ट बातें सुनकर वे अनुमान लगा सके कि वह खंडवा जिले से है।

**समाजसेवी विनोद गुप्ता और संगठनात्मक शक्ति का कमाल :** गोविंद सिंह बागरी मोतीराम को लेकर देवेंद्रनगर स्थित समाजसेवी श्री विनोद गुप्ता के पास पहुंचे। श्री गुप्ता ष्सांई रोटी कपड़ा बैंकष् के संचालकए पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्षए और मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन के पन्ना जिला सचिव हैं। उन्होंने तुरंत हरसूद तहसील इकाई अध्यक्ष बंसीधर अग्रवाल से संपर्क किया। श्री अग्रवाल ने तहसील अध्यक्ष हेमंत जैन से समन्वय कर सिर्फ 2.3 घंटे में मोतीराम के परिजनों दृ बड़े भाई बलराम और छोटे भाई निहाल सिंह दृ को खोज निकाला।जैसे ही मोतीराम की स्थिति की जानकारी पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेंद्र कुसुमाकर को मिलीए उन्होंने उसी क्षण इसे गंभीरता से लिया और परिवार की खोजबीन हेतु सभी स्तरों पर प्रयास प्रारंभ किए। उनका भावनात्मक जुड़ाव और मार्गदर्शन इस मानवीय अभियान की अदृश्य रीढ़ बना।

**वीडियो कॉल पर पुनर्मिलनरू सिहरन से भीगी आंखें :** मोतीराम की वीडियो कॉल पर जब अपने भाइयों से बात हुईए तो दोनों तरफ आंखें नम थीं और स्वर टूट रहे थे।

## डीआईजी ने क्रिकेटर क्रांति के साथ किया नेट अभ्यास

**छतरपुर।** छतरपुर की उभरती क्रिकेटर क्रांति, जो डब्ल्यूपीएल के तीसरे सीजन में यूपी वॉरियर्स की ओर से खेलकर भारतीय टीम के दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं, ने पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) ललित शाक्यवार से उनके बंगले पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डीआईजी ने क्रांति के साथ नेट अभ्यास किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। उनकी पत्नी श्रीमती मधुर खन्ना शाक्यवार ने क्रांति को छतरपुर की महिला खिलाड़ियों के लिए रोल मॉडल बताया।

ब्लॉक समन्वयक बड़ामलहरा धीरज चौबे ने बताया कि क्रांति ने डीआईजी शाक्यवार के साथ करीब एक घंटे तक अपने क्रिकेट सफर पर चर्चा की। डीआईजी ने क्रांति से उनकी बॉलिंग स्पीड और समकालीन तेज गेंदबाजों के बारे में जाना। उन्होंने ग्वालियर में 24 फरवरी 2010 को सचिन तेंदुलकर की ऐतिहासिक वनडे डबल सेंचुरी के दौरान अपनी ड्यूटी के अनुभव साझा किए। डीआईजी ने कहा, करियर में उतार-चढ़ाव आते हैं, लेकिन किसी भी परिस्थिति से घबराना नहीं चाहिए। वहीं श्रीमती मधुर खन्ना ने कहा, क्रांति की उपलब्धियां जिले की अन्य युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करेंगी। इसके बाद डीआईजी ने क्रांति को अपनी बनाई पेंटिंग दिखाई और कड़ी धूप में उनके साथ एक घंटे तक नेट अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान क्रांति की गेंदों पर डीआईजी कई बार बीट हुए, लेकिन उन्होंने उनका हौसला बढ़ाया। अंत में, डीआईजी ललित शाक्यवार और श्रीमती मधुर खन्ना ने क्रांति को श्री लक्ष्मी-नारायण का विग्रह भेंट किया और उनके शानदार करियर के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक छतरपुर जितेंद्र आरख, डीआईजी बंगले पर तैनात हीरा शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैंक मित्रों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच किया प्रदर्शन

### काली पट्टी बांध जताया विरोध




**जागरण, कटनी।** बैंक मित्रों ने काली पट्टी बांधकर कलेक्ट्रेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया। सुबह बैंक मित्र कलेक्ट्रेट के सामने एकत्रित हुए इसके बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन के आह्वान पर किया गया। इससे पहले बैंक मित्रों ने भोपाल आरबीआई कार्यालय को भेजकर बैंकों पर लक्ष्य पूरा करने के संबंध में दबाव दिए जाने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन दिया था।

ज्ञापन में बताया गया था कि 1 मई को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में बैंक मित्रों को सामाजिक सुख, बीमा योजनाओं के नाम पर कंपनियों और बैंकों द्वारा बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव व आईडी बंद करने की धमकियों के खिलाफ यह विरोध किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसी महत्वकांक्षी योजनाओं को कराने के लिए बैंक मित्रों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। यदि लक्ष्य पूरे नहीं होते तो आईडी बंद करने की धमकी दी जाती है। बैंक मित्रों ने कहा कि में इन योजनाओं के महत्व को भलीभांति समझते हैं लेकिन यदि किसी खाताधारक पास पहले से ही किसी अन्य बैंक के माध्यम से बीमा योजना है तो उसे दोबारा बीमा कराना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि बिना खाताधारक की सहमति के बीमा कराना भी नियम विरुद्ध है। इसके बावजूद बैंक प्रतिदिन लक्ष्य देकर दबाव बना रही हैं इसे रोका जाना चाहिए।

## 11 अज्ञात सहित 19 फरार आरोपियों पर 70 हजार रूपए का नगद पुरस्कार घोषित

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने छतरपुर जिले के अंतर्गत 11 अज्ञात सहित 19 फरार आरोपियों पर 70 हजार रूपए का नगद पुरस्कार घोषित किया है। जो अपराध घटित करने के बाद से फरार है। आरोपी आनंद कोरी उम्र 25 वर्ष निवासी अमानगंज पर थाना सिविल लाईन में 5 हजार रूपए, रविशंकर कुशवाहा निवासी खजुराहो पर थाना बमीठा में 5 हजार रूपए, रामप्रताप शुक्ला निवासी ग्राम खड़ेहा पर थाना सरवई में 3 हजार रूपए, रवि रैकवार निवासी ग्राम बसारी पर थाना सटई में 3 हजार रूपए, जितेंद्र यादव, सुखधीन यादव, छोटू उर्फ धर्मेंद्र यादव सभी निवासी ग्राम बेलगांय बिजावर एवं बाबू राजा नि. ग्राम जगारा बाजना पर थाना बिजावर में 2 हजार रूपए एवं थाना बमीठा में पंजीबद्ध अपराध में 3 अज्ञात आरोपी पर 3-3 हजार रूपए एवं 3 अन्य अज्ञात आरोपी पर 5-5 हजार रूपए, थाना हरपालपुर में 1 अज्ञात आरोपी पर 3 हजार रूपए, थाना ईशानगर में 1 अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रूपए, थाना खजुराहो में 2 अज्ञात आरोपी पर 5-5 हजार रूपए एवं थाना लवकुशनगर में 1 अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रूपए का नगद पुरस्कार घोषित किया है। पुरस्कार वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक छतरपुर का निर्णय अंतिम मान्य होगा।

## 15 वर्षीय किशोरी ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत धरवारा गाँव मे कक्षा नवमीं की छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम को छात्रा द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन किया गया था। गुरुवार सुबह उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई। परिजनों के पूछने पर उसके द्वारा जहरीला पदार्थ का सेवन करना बताया गया। परिजन किशोरी को आनन फानन में जिला अस्पताल कटनी लेकर पहुँचे जहाँ उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। रास्ते मे तेवरी पहुँचने से पहले किशोरी ने दम तोड़ दिया। शव पीएम के लिए जिला अस्पताल पीएम हाउस लाया गया। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। इतनी कम उम्र में किशोरी द्वारा यह आत्मघाती कदम के भूलवश या अनजाने में या फिर किसी और वजह से उठाया गया पुलिस इसकी गहनता से जांच कर रही है।

## ग्राम पंचायत कचोरी में अवैध हड्डी गोदाम से फैल रहा प्रदूषण, ग्रामीणों का जीना हुआ मुश्किल

**पवई।** शाहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कचोरी के पास एक अवैध रूप से संचालित हड्डी गोदाम से उठते दुर्गंध और प्रदूषण ने स्थानीय लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसारए यह गोदाम बिना किसी वैध अनुमतिकृना तो उद्योग विभाग से और ना ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सेन ही ग्राम पंचायत से कृचुपचाप संचालित हो रहा है। यदि जांच की जाए तो खुलासा हो सकता की किस तरह बेध या अबेद्य संचालित हो रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गोदाम में खुलेआम जानवरों की हड्डियाँ और मांस के अवशेष डाले जाते हैंए जिससे बदबू तो फैलती ही हैए साथ ही संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। यहाँ तक कि रास्ते से गुजरने वाले लोग भी नाक ढककर निकलने को मजबूर हैं। जानकारों की मानें तो इस तरह का संचालन न केवल पर्यावरण नियमों का उल्लंघन हैए बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा भी पैदा कर रहा है। न तो अवशेषों का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा किया जा रहा हैए न ही उन्हें ढंककर रखा जा रहा हैए जिससे मक्खियाँए जानवर और कीट भी आकर्षित हो रहे हैं। यदि इस और प्रशासन में ध्यान नहीं दिया तो वह दिन दूर नहीं की कई सैकड़ो लोग बीमारी से ग्रसित होंगे और पूरा क्षेत्र प्रदूषित हो जाएगा। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कीए लेकिन अभी तक कोई भी अधिकारी मौके पर जांच के लिए नहीं पहुंचा है।

## शादी के सीजन में पैसों के लिए हाहाकार

### पवई के एटीएम महीनों से बंद, एटीएम के चककर काट लोग परेशान

**जागरण, पवई।** शादी.ब्याह के सीजन में जहां लोगों को पैसों की जरूरत सबसे ज्यादा होती हैए वहीं पवई नगर में बैंकों और एटीएम की स्थिति चिंता जनक बनी हुई है। लोगों को अपनी जमा पूंजी निकालने के लिए दर.दर भटकना पड़ रहा है। शासकीय और निजी बैंकों में नकदी की कमी साफदिखाई दे रही हैए जिससे आमजन खासकर ग्रामीण क्षेत्र से खरीदारी करने आए लोग और राहगीर परेशान हैं। नगर में एसबीआई की तीन एटीएम मशीनें हैंकृजिनमें से दो बस स्टैंड स्थित फुहारा के पास और एक झंडा बाजार में है। तीनों ही एटीएम महीनों से बंद पड़ी हुई हैं। ऐसे में लोग बार.बार एटीएम के चक्कर काटते नजर आ रहे हैंए लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगती है। जानकारी के अनुसारए पहले एटीएम में कैश डालने की जिम्मेदारी सीएमएस एजेंसी पन्ना के पास थीए लेकिन वेंडर बदलने के बाद यह प्रक्रिया रुक गई है। इसके अलावा एटीएम मशीनें भी काफी पुरानी हो चुकी हैंए जिन्हें जल्द बदला जाना आवश्यक है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और बैंक प्रबंधन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिएए क्योंकि शादी.विवाह और त्योहारों के इस मौसम में नकदी की उपलब्धता अत्यंत जरूरी है। वहींए निजी क्षेत्र के कुछ कियोस्क और बैंकिंग एजेंट इस स्थिति में लाभ कमा रहे हैंए जिससे आम लोगों की परेशानियां और भी बढ़ गई हैं।

### किसने क्या कहा

चेस्ट ब्रांच पन्ना में पैसे की कमी के कारण हमें हमारी बैंक की जरूरत के अनुसार नकदी नहीं मिल पा रही हैए जिस वजह से ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिर भीए बेटियों की शादी में किसी प्रकार का व्यवधान न आएए इसके लिए मेरी ओर से प्रयास किए जा रहे हैं कि ऐसे परिवारों को प्राथमिकता देते हुए यथासंभव सहायता की जाए।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल छतरपुर का किया निरीक्षण

### कलेक्टर ने डॉ. अमित खरे के अनुपस्थित होने पर शोकॉज जारी करने के दिए निर्देश




**छतरपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र सिंह ने गुरुवार को जिला जेल छतरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सी.जे.एम. स्वाति जायसवाल सहित अन्य न्यायाधीश, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन उपस्थित रहे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सिंह ने कैदी वार्ड का निरीक्षण करते हुए उनका परिचय प्राप्त कर सामग्री को चेक किया। साथ ही खाद्यान्य की भी जांच की। इसके अलावा महिला बंदी वार्ड में निरीक्षण करते हुए जेलर को निर्देश दिए कि महिला कैदियों से सिलाई का कार्य कराए। निरीक्षण के क्रम में जेल अस्पताल में मेडिकल रजिस्टर की जांच की गई। इस दौरान 21 अप्रैल 2025 से डॉ. अमित खरे के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**नाम सुधार सूचना**

मैं गणेश कुमार प्रजापति पिता-प्रेमलाल प्रजापति उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ग्राम बांसी, बंसी 429, तमाराबसी, रीवा जिला रीवा (म.प्र.) का हूं। शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा पुत्र सिद्धार्थ प्रजापति केन्द्रीय विद्यालय नं. रीवा (म.प्र.) में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 8वीं में अध्यनरत है, जिसमें मेरे पुत्र के विद्यालय रिकार्ड में पिता का नाम अर्थात मुझ शपथकर्ता का नाम गणेश प्रजापति दर्ज है, जबकि मेरा सही व रिकार्डेड तथा पूरा नाम गणेश कुमार प्रजापति है। जिस समय मेरे पुत्र का प्रवेश जिस रिकार्ड के आधार पर किया गया था, उस समय मेरा नाम गणेश प्रजापति ही रहा है, किन्तु बाद में मैने अपना सही व रिकार्डेड नाम गणेश कुमार प्रजापति सुधरवा लिया था, जिससे मेरे समस्त रिकार्डो में मेरा नाम गणेश कुमार प्रजापति ही है, ऐसी स्थिति में छात्र के रिकार्डो को लेकर भविष्य में किसी प्रकार की विसंगतियां उत्पन्न ना हो, जिससे मैं अपने पुत्र के समस्त शैक्षणिक रिकार्डो व विद्यालयीन रिकार्डो से छात्र के पिता के नाम में संशोधन कराकर 'गणेश प्रजापति' के स्थान पर 'गणेश कुमार प्रजापति' दर्ज कराना चाहता हूँ। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय रिकार्ड में पिता का नाम 'गणेश प्रजापति' के स्थान पर 'गणेश कुमार प्रजापति' दर्ज किया जाए एवं लिखा पढ़ा व जाना जाए।

RN- 82229 गणेश कुमार प्रजापति

**न्यायालीन आम सूचना**
**न्यायालय साजिद मोहम्मद**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.)**

प्रोसेस क्रमांक: Q/2025
प्रकरण क्र.: MJCSUC/08/25
तारीख पेशी दिनांक 28/06/2025

01-धर्मवती सिंह पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र सिंह उम्र 85 साल 02-आनन्द प्रताप सिंह पिता स्व. राजेन्द्र सिंह उम्र 54 साल, 03- श्रीमती सूर्यकली सिंह पत्नी स्व. श्री श्रवण कुमार सिंह उम्र 55 साल, सभी निवासी ग्राम रतनगवाँ पोस्ट आफिस रतनगवाँ थाना मऊगंज, तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)

..........आवेदकगण

बनाम

01-आम जनता, 02- शासन मध्यप्रदेश राज्य द्वारा जिलाध्यक्ष महोदय मऊगंज, जिला मऊगंज (म.प्र.) पिन कोड-486331 03-शाखा प्रबन्धक, इंडियन बैंक शाखा मऊगंज, IFSC Code- IDIB000M669 जिला मऊगंज (म.प्र.) पिन कोड-486331, 04-श्रीमती रमा सिंह पत्नी स्व. श्री रामायण प्रताप सिंह उम्र 70 साल, 05-रमा निवास सिंह पिता स्व. श्री राजेन्द्र सिंह उम्र 66 साल, 06- महेश प्रताप सिंह पिता स्व. श्री राजेन्द्र सिंह उम्र 63 साल, तीनों निवासी ग्राम रतनगवाँ पोस्ट आफिस रतनगवाँ थाना मऊगंज, तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)

..........अनावेदकगण

आवेदन पत्र वावत् प्राप्त किये जाने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 ई.

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त उन्मान का आवेदन पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु अन्तर्गत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम-1925 ई0, इस न्यायालय में आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसमे कहा गया है कि श्री राजेन्द्र सिंह पिता श्री पदुमनाथ सिंह निवासी ग्राम रतनगवाँ, थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.) की मृत्यु दिनांक- 18.05.2024 को ग्राम रतनगवाँ में हो गयी है। आवेदकगण एवं अनावेदक क्रमांक-04, 05 एवं 06 मृतक श्री राजेन्द्र सिंह के विधिक वारिसान हैं, मृतक श्री राजेन्द्र सिंह के बैंक खाता इंडियन बैंक शाखा मऊगंज, IFSC Code- IDIB000M669 जिला मऊगंज (म.प्र.) के खाता क्रमांक-22491814653 में कुल रकम-11,98,886-00 रुपये (ग्यारह लाख अन्ठान्नवे हजार आठ सौ छियासी रूपये) जमा हैं। जिसे प्राप्त करने के लिये बैंक द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गयी है। जिससे आवेदकगणो द्वारा इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से आम जनता एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि यदि उपरोक्त विषयांकित के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता/अधिवक्ता के माध्यम से जो उक्त विषय से सम्बन्धित जवाव/आपत्ति पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम हो नियत तारीख पेशी दिनांक-28.06.2025 को समय-11.00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाव / आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त प्रकरण में एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जावेगा। यदि किसी कारण वश उक्त दिनाक को अवकाश घोषित किया जाता है, तो अगले कार्य दिवस पर सुनवायी की जावेगी।

यह नोटिस आज दिनांक 30.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी की गयी।

सजिद मोहम्मद
(पद मुद्रा) न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मऊगंज, जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 82230

**लेकसिटी हॉस्पिटल**
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
LAKECITY HOSPITAL CARING PARTNERS
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980
जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, टखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
SmileTrain
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
● जले मरीजों का इलाज मुफ्त
● जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
ReSurge INTERNATIONAL
जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत नि:शुल्क किए जा रहे हैं

**ट्यूशन हेतु शिक्षक की आवश्यकता है**
कक्षा 10वीं सीबीएसई (गणित) अंग्रेजी माध्यम।
पता:- बुलेट एजेंसी के सामने मेन रोड रतहरा रीवा,
मो. न. 9993217514, 8839450252 (आरएन. जीएम सर 02/05)

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## सिंघाडी नदी के सीमांकन को लेकर छतरपुर तहसीलदार ने कहा सिंघाडी नदी छतरपुर की लाइफ लाइन है



**छतरपुर।** नदियों तालाबों को बचाने के संबंध में जल संवर्धन मिशन का कार्य किया जा रहा है जो कि अभी इसी क्रम में हमारी जल संरचनाएं हैं अगर उन पर किसी भी प्रकार का कोई अतिक्रमण है तो उनको चिन्हांकन कर उसी क्रम में सीमांकन किया जा रहा है जब उनसे पूछा गया कितने मकान इस अतिक्रमण में आ रहे हैं तो उन्होंने कहा सिंघाड़ी नदी का एरिया काफी बड़ा है इसलिए क्रमवर सीमांकन चल रहा है पूरा सीमांकन होने के बाद ही पता चलेगा कितने मकान सिंघाड़ी नदी के अतिक्रमण में आ रहे हैं जिन लोगों ने भी अवैध तरीके से वहां पर प्लाट बेचे है उन पर भी कार्यवाही की जाएगी।

**M.P. STATE COOPERATIVE UNION LTD.**
E-8/77, Shahpura, Trilanga Road Bhopal - 462039
E-mail : rajyasanghbpl@yahoo.co.in
Website: www.mpscu.in, Tel. : 0755-2926160

**INVITES RATE FOR PURCHASE OF MACHINERY FOR CFC BHOPAL**

The detailed terms and conditions of the Tender are given on our website www.mpscu.in Interested agencies may download application form and other documents from the website www.mpscu.in or procure hard copy from our Head office MP STATE COOPERATIVE UNION LTD.E-8/77, SHAHPURA, TRILANGA ROAD BHOPAL- 462039.
The interested agencies may apply as per the directives mentioned in the document on or before 15.05.2025 by 5 P.M. in the office of under signed. The Managing Director reserves the right to cancel this assignment.

**Tender Documents uploaded from our Website :-**
1. Profile of the Organization
2. Technical Bid form
3. Financial Bid form
4. Check List.
5. Special Conditions for Bidder.
6. General Conditions for Bidder.

M.P. Madhyam/119868/2025 **MANAGING DIRECTOR**

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 02 मई 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.27 अस्त : आज
05.34 उदय : कल

शहर का तापमान
34.0 0 अधिकत
22.0 0 न्यूनतम



# आवारा पशुओं को चिन्हित करेंगी पंचायत समिति

जागरण अभियान

## कलेक्टर गौवंश संरक्षण अभियान की स्वयं कर रहे हैं निगरानी

## गौवंशों को लेकर ग्राम पंचायतों में सक्रियता तेज



जागरण, सीधी

जिले में चल रहे गौ वंश संरक्षण अभियान को लेकर ग्राम पंचायतों में समिति का गठन हो चुका है। पंचायत की समिति आवारा पशुओं को चिन्हित करेंगी। कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी गौवंश संरक्षण अभियान की स्वयं निगरानी कर रहे हैं। आवारा गौवंशों को स्थाई ठिकाना एवं खुराक सुनिश्चित हो इसको लेकर सबसे ज्यादा सक्रियता शुरू हो चुकी है। गौवंश संरक्षण अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर निराश्रित गौवंशों के संरक्षण तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु ग्राम पंचायत क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया। गठित समिति में अध्यक्ष सरपंच/उप सरपंच, सचिव की जिम्मेदारी पंचायत सचिव/ग्राम रोजगार सहायक को दिया गया है। वहीं समिति के सदस्य में समस्त पंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका, शिक्षक, जन अभियान परिषद के मैदानी कार्यकर्ता, जल दूत स्व-सहायता समूह की सीआरपी, मनरेगा के मेट, गौवंश के संरक्षण हेतु रखे जाने वाले युवा शामिल हैं। ग्राम पंचायत कियान्वयन समिति का कार्यदायित्व भी निर्धारित किया गया। जिसमें गौवंश संरक्षण हेतु गौवंश पालकों को जागरुक करना तथा लावारिश गौवंशों का चिन्हांकन शामिल है। वहीं ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम सभा में लावारिश पशु छोंड़ने वाले व गौवंशकों पर अर्थदंड का प्रावधान भी किया गया है। यदि समझाईस के बाद भी गौवंश लावारिश पाए जाते हैं तो अर्थदंड अधिरोपित किया जाएगा। निराश्रित गौवंश की समुचित देखरेख व्यवस्था अभियान के तहत किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर जल संरक्षण एवं गौवंश संरक्षण हेतु जन जागरुकता रैली तथा व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार का कार्य भी किया जाना है। दीवारों पर स्लोगन लिखवाकर लोगों को गौवंशों के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं निर्मित गौशालाओं एवं गौ-अभ्यारण्य में स्थानीय जन समूह से आर्थिक सहयोग प्राप्त करके गौशालाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराना है। गौ संरक्षण अभियान के तहत विभागीय कार्य दायित्व भी निर्धारित किए गए हैं। गौवंश के सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा बेहतर प्रबंधन हेतु विभागों के लिए भी दायित्व निर्धारित किए गए हैं। जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत निर्मित समस्त गौशालाओं एवं गौ-अभ्यारण्य को पूर्ण करने हेतु क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा तथा ग्राम पंचायतों के द्वारा अभियान में सतत रूप से निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण कर कार्य पूर्ण कराया जाएगा। जनपद, ग्राम पंचायत, उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग को गौवंश संरक्षण अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर अभियान का क्रियान्वयन दायित्व निष्पादित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रमुख मार्गों से हटाए जाएंगे निराश्रित गौवंश



सीधी जिले के प्रमुख मार्गों में रहने वाले निराश्रित गौवंशों को गौसंरक्षण अभियान के तहत हटाने की कार्ययोजना बनाई गई है। सीधी जिले में गौवंशों के चलते सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राजमार्ग सीधी-रीवा, राष्ट्रीय राजमार्ग सीधी-सिंगरौली, राजमार्ग सीधी-मड़वास, राजमार्ग सीधी-ब्यौहारी, राजमार्ग सीधी-मऊगंज, राजमार्ग बहरी-हनुमना के साथ ही अन्य ऐसे मार्गों जहां अत्यधित दुर्घटनाएं गौवंशों के चलते संभावित हैं उनके लिए विशेष कार्ययोजना के तहत कार्य किया जाएगा। योजना के तहत इन मार्गों में स्वच्छंद विचरण करने वाले सभी निराश्रित गौवंशों को यहां से हटाकर समीपी गौशालाओं, गौ अभ्यारण्यों में रखा जाएगा। सभी ग्राम पंचायतें अपने-अपने क्षेत्र के मुख्य मार्गों से निराश्रित गौवंशों को हटाकर उन्हें निश्चित ठिकाना उपलब्ध कराएंगी। जिन क्षेत्रों में गौशालाओं एवं गौ-अभ्यारण्यों की व्यवस्था नहीं है वहां पंचायतों के माध्यम से ऐसे निराश्रित गौवंशों को सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध कराने के लिए पूरी कार्ययोजना बनाई जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर निराश्रित गौवंशों को ग्राम पंचायतों के माध्यम से व्यवस्थित किया जाएगा। निराश्रित गौवंशों को खुराक एवं पानी की व्यवस्था भी ग्राम पंचायतों के माध्यम से बनाई जाएगी। जिससे उनको संरक्षित करने में किसी तरह की दिक्कतें न हों। अभियान के तहत सीधी जिले के ग्राम पंचायतों में गौवंश संरक्षण को लेकर जो कार्य किए जा रहे हैं उनकी सतत जानकारी कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा लेने के साथ आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं।

# जिला अस्पताल में देर रात मुख्य द्वार का भरभराकर गिरा छज्जा



## मलबे में दबने से क्षतिग्रस्त हुई खड़ी बाइकें

जागरण, सीधी

जिला अस्पताल के मुख्य द्वार में छज्जा देर रात भरभराकर गिर गया। गनीमत यह रही कि उस दौरान सिक्योरिटी गार्ड एवं अन्य कोई व्यक्ति वहां मौजूद नहीं थे। छज्जा का मलबा नीचे गिरने से वहां खड़ी कुछ बाइकें दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं। तेज आवाज के साथ रात करीब 12:30 बजे छज्जा गिरने की जानकारी सामने आई। जिसके बाद रात्रिकालीन ड्यूटी में मौजूद कुछ अस्पताल कर्मचारियों के साथ सिक्योरिटी गार्ड और पुलिस सहायता केंद्र के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अस्पताल प्रबंधन के अधिकारियों ने भी छज्जा गिरने की जानकारी मिलने पर सुबह मौके पर पहुंचकर जानकारी ली और मलबा को हटवाने का काम शुरू कराया गया। बताया गया है कि जिला अस्पताल के मुख्य द्वार का छज्जा कई दिनों से खस्ता हालत में था। जिसको लेकर अस्पताल प्रबंधन से शिकायत भी की गई थी। समय पर छज्जा के मरम्मत का कार्य न होने के कारण बीती रात वह भरभराकर नीचे आ गिरा। यदि दिन का समय होता और उस दौरान छज्जा नीचे गिरता तो उसकी चपेट में आने से सिक्योरिटी गार्ड समेत अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो सकते थे। छज्जा गिरने के बाद लोहे की सरिया जगह-जगह से निकलकर लटकती नजर आई। यह माना जा रहा है कि छज्जा की गुणवत्ता सही न होने के कारण ही उसके गिरने की घटना सामने आई है। छज्जा की हालत सही न होने के कारण कई दिनों से कुछ कंक्रीट नीचे गिर रहे थे। जिसको गंभीरता के साथ नहीं लिया गया। इसी वजह से छज्जा पूरी तरह से नीचे जा गिरा। अब अस्पताल प्रबंधन द्वारा मुख्य द्वार के छज्जे का नए सिरे से निर्माण कराने की बात कही जा रही है।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## सांसद ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण



जागरण, सीधी। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ. राजेश मिश्रा ने जिला चिकित्सालय परिसर का छज्जा गिरने का समाचार प्राप्त होते ही जिला चिकित्सालय पहुंचकर मुआयना करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने सिविल सर्जन डॉ. खरे से मिलकर अस्पताल की व्यवस्थाओं के संदर्भ में जानकारी ली और मरीजों के हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सांसद डॉ. मिश्रा ने गिरे हुए छज्जे को शीघ्र निर्माण कराने एवं जर्जर छज्जे व बिल्डिंग के हिस्से को चिन्हित कर उसकी मरम्मत करने के लिए आदेशित किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. एसव्ही खरे सहित जिला चिकित्सालय के अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे।

## वैश्य महासम्मेलन करेगा प्रभारी मंत्री का सम्मान

जागरण, सीधी। वैश्य महासम्मेलन के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मध्यप्रदेश शासन में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं सीधी विधानसभा के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल से मुलाकात की गई। मुलाकात के दौरान सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह करते हुए संगठन को मजबूत करने हेतु होने वाली क्षेत्रीय बैठक के विषय में चर्चा की गई। ज्ञात होवे कि वैश्य महासम्मेलन द्वारा प्रभारी मंत्री का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। सम्मान समारोह कार्यक्रम आज 2 मई की शाम 8 बजे स्थानीय इन्द्रराज पैलेस में आयोजित किया गया है जिसमें वैश्य समाज के वरिष्ठए युवा व महिला इकाई की सहभागिता रहेगी। मुलाकात के दौरान भोला प्रसाद गुप्ता प्रदेश महामंत्री, राकेश जायसवाल संरक्षक, शिवलाल जायसवाल, मनोज जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, आलोक केशरी संभागीय अध्यक्ष, दिनेश गुप्ता जिला अध्यक्ष सीधी, डॉ. राहुल जायसवाल जिला अध्यक्ष युवा इकाई सीधी सहित वैश्य समाज के सदस्य गण शामिल रहे।

## राहुल गांधी की मांग के आगे झुकी मोदी सरकार: ज्ञान



जागरण, सीधी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के सरकार के फैसले को देर आए दुरुस्त आए बताया और जोर देकर कहा कि हम सभी के सर्वमान्य नेता लोक सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने देश में जाति जनगणना की बात हमेशा की वे जाति जनगणना कराना चाहते हैं और लगातार सरकार से जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग करते रहे हैं कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में भी जातिगत जनगणना कराया जाने को कहा था लेकिन भाजपा इसका विरोध करती रही है। भाजपा और मोदी सरकार कभी भी जातिगत जनगणना नहीं करना चाहती थी लेकिन केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष और राहुल गांधी के आगे घुटने टेकते हुए आखिरकार जातिगत जनगणना करने को तैयार हो गई है। यह राहुल गांधी और देश की जनता की बहुत बड़ी जीत है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी ने देशव्यापी जाति जनगणना की मांग करते हुए इसे एक बड़ा चुनावी मुद्दा बना दिया साथ ही कांग्रेस सरकार के समय बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ राज्यों में ऐसे जातिगत सर्वेक्षण कराए हैं। ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि जाति जनगणना गरीबों का सर्वे है किस जाति में कितने गरीब हैं, उस गरीब की पहचान है जाति जनगणना से उनके लिए देश के खजाने के द्वार खुलेगे मंदिर में पूजा करने वाला गरीब पुजारी की पहचान होगी तो गांव में अंतिम छोर पर खड़े हमारे अनुसूचित जाति और जनजाति के भाई की पहचान होगी, अमीर और गरीब की खाई दूर होगी।

## सर्किट हाउस में आयोजित हुई भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



जागरण, सीधी। भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय सर्किट हाउस में जिले के प्रभारी मंत्री तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता और मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक शरदेन्दु तिवारी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौंहनी विधायक कुँवर सिंह टेकाम की विशिष्ट उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त करने के पश्चात जिले के प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं का प्रचार प्रसार गली-गली, मोहल्ले मोहल्ले और नुक्कड़, चौपाल में करें, किंतु पार्टी की कुछ विशिष्ट बातें पार्टी फोरम पर ही रखें। अपने नेतृत्व और अपनी पार्टी के प्रति समर्पण, श्रद्धा भाव अनिवार्य रूप से रहे क्योंकि हमारी पार्टी और हमारा नेतृत्व जो भी करेगा वह हमारे और देश हित में ही होगा। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी से विभिन्न विषयों पर सरकार का फीडबैक लिया और सरकार और पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के बीच समन्वय के संदर्भ में कई बातें कार्यकर्ताओं के समक्ष रखी। जिसका कार्यकर्ताओं ने तालियो की गड़गड़ाहट से एक स्वर से अभिनंदन किया।

RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI
Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi
Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

# ग्रामोत्सव 2025 का नौवें दिवस हुआ समापन

## रामगढ़ में चल रहे ग्रामोत्सव का श्रमदान के साथ समापन

## झोरा झरना में हुआ श्रमदान, 21 दिवसीय चलेगा श्रमदान पखवाड़ा




जागरण, सीधी

जिला मुख्यालय के समीपस्थ एक ऐसी ग्राम पंचायत रामगढ़ नम्बर 2 है जहां विगत 11 वर्षों से जन अभियान परिषद् की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ नम्बर 2 के आयोजन और अमित गौतम स्वतंत्र के संयोजन में तीन से इक्यावन दिवसीय तक ग्रामोत्सव मनाया जा रहा है। इस वर्ष 23 अप्रैल से शुरू ग्रामोत्सव का नौवें दिवस 1 मई दिन गुरुवार को जल संवर्धन के क्षेत्र में काम करते हुए झोरा झरना में श्रमदान कर ग्रामोत्सव 2025 का समापन किया गया। ग्रामोत्सव के दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विभागों और संस्थाओं के सहयोग से शिविर, व्याख्यान माला, कार्यशाला सहित कई कार्यक्रम आयोजित हुए। संयोजक अमित कुमार गौतम स्वतंत्र ने ग्रामोत्सव दौरान शासकीय विभाग, सामाजिक संस्थान, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयं सेवकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि निरंतर हम अपने गांव का उत्सव ग्रामोत्सव के रूप में मनाते रहेंगे और नागरिकों की सेवा करेंगे। व्यक्ति के अंदर सामाजिक कार्यों के लिए नकारात्मक विचारों का स्थान नहीं होना चाहिए बल्कि उसमें सहभागी होना चाहिए, क्योंकि जिस व्यक्ति के द्वारा निस्वार्थ रूप से सामाजिक कार्य किया जा रहा हो तो उसे कोई भी नकारात्मक शक्ति असफल नहीं कर सकती है। समाज में एक ऐसी भावना का स्थान हो जिसमें सामाजिक उत्थान और सद्भावना का विकास संभव हो। श्री स्वतंत्र ने कहा कि जल संरक्षण के लिए झोरा झरना में बहुत जल्द 21 दिवसीय श्रमदान अभियान चलाया जाएगा और ग्राम के मानचित्र पर सुंदर चित्र उकेरा जाएगा। इस दौरान समिति सचिव प्रवीण शुक्ल, कमलाकर प्रसाद गौतम कमल, रामजी गौतम सहित समिति पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थिति रहे।

## चुरहट पुलिस ने जन चौपाल का किया आयोजन

जागरण, सीधी। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन के निर्देश पर आमजन तथा पुलिस के बीच संवाद हेतु चुरहट पुलिस ने जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन-जागरूकता बढ़ाना तथा पुलिस एवं जनता के बीच समन्वय स्थापित करना मुख्य उद्देश्य रहा। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा के मंशानुरूप पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी चुरहट उनि बृजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में चुरहट पुलिस द्वारा ग्राम चंदैनिया में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल का उद्देश्य जन-जागरूकता बढ़ाना तथा पुलिस एवं जनता के बीच समन्वय स्थापित करना है। जन चौपाल मे एसडीओपी चुरहट, थाना प्रभारी चुरहट मय स्टाफ एवं ग्राम सरपंच, उप सरपंच, ग्राम सचिव, गणमान्य नागरिक गण तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी ने जन चौपाल मे आये नागरिकों को साइबर अपराध के बारे मे बताया कि किस प्रकार हमारे भौतिक जीवन के साथ एक अदृश्य साइबर जगत भी समानान्तर रूप से चल रहा है इसलिए हमें आधुनिक तकनीकि तथा मोबाइल एवं इंटरनेट का बड़ी सावधानी पूर्वक उपयोग करना है। साथ ही डिजिटल अरेस्ट व अन्य अपराधों से बचने हेतु जानकारी दिए कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता यदि आपके साथ कभी ऐसी स्थिति बनती है तो तुरंत नजदीकी थाने में संपर्क कर पुलिस को अवगत कराएं। अपनी निजी जानकारियां जैसे बैंक खाता सम्बंधित गोपनीय जानकारी एवं ओटीपी किसी को न बतायें। सावधान रहें सुरक्षित रहें। इसी क्रम में थाना प्रभारी चुरहट उनि बृजेन्द्र सिंह ने नशामुक्ति हेतु आमजन से अपील किया कि आज समाज में नशा ने बहुत अव्यवस्था फैलाई है जिसके कारण नये नये अपराध हो रहे हैं जो आने वाले समय मे और भी भयंकर हो जायेगा इसलिए इसके समूल नाश के लिए हमें आपको मिलकर काम करना पड़ेगा जिसके लिए नशे के व्यापारियों के बारे मे गुप्त जानकारी देकर उनपर कार्रवाई करवाते हुए समाज कि गंदगी को साफ करने मे सहयोगी बने।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करने जा रहा आरोपी गिरफ्तार



जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा भापुसे के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में चुरहट पुलिस नें अवैध रूप से शराब की बिक्री करने जा रहे आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अपराध दर्ज किया है। एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि नवोदय रोड सहकारी मुर्गी फार्म चुरहट के पास एक व्यक्ति अवैध शराब बिक्री करने हेतु किसी का इंतजार कर रहा है। उक्त सूचना पर एसडीओपी चुरहट ने थाना चुरहट से पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर की सूचना के तस्दीक एवं कार्रवाई हेतु रवाना किये। पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्रवाई की जहां पर एक व्यक्ति एक बोरी व 6 नग कागज के कार्टून में शराब रखे मिला। उसका नाम पता पूछा तो अपना नाम संतोष कुमार रावत पिता मोतीलाल रावत उम्र 34 वर्ष निवासी बार्ड क्र. 8 भेलकी थाना चुरहट का होना बताया। कार्टूनो एवं बोरी में गिनती करने पर 330 पाव देशी शराब पाई गई। तत्पश्चात चुरहट पुलिस नें उक्त 330 पाव शराब कुल मात्रा 59 लीटर 400 मिली जिसकी कुल कीमत 23100 रुपए को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। आरोपी संतोष कुमार रावत पिता मोतीलाल रावत उम्र 34 वर्ष निवासी बार्ड क्र. 8 भेलकी थाना चुरहट का यह कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का दण्डनीय पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं शराब रखने के संबंध मे पूंछतांछ किया गया जो बताया कि मेरा साथी अमन सिंह बघेल पिता चन्द्रभान सिंह बघेल निवासी बीछी रोड चुरहट का है वह इसी प्रकार से शराब बेचने का काम कर्ता है। मै उसका पार्टनर हूँ। आज हम लोग इन्डिका कार मे उक्त शराब लोड करके मेरे घर मेरे साथ पहुचाने के लिये थाने के दूर वाले रास्ते से आ रहे थे कि यहां पर जैसे ही पहुचे तो अमन बोला कि तुम शराब लेकर यही पर रुको मै थोड़ी देर मे आता हू की बात कहकर वह मुझे शराब सहित यहां पर छोड़ कर चला गया मै उसके आने का इंतजार कर रहा था कि जब तक आप लोग आ आकर पकड़ लिये है। जिसके बाद आरोपी संतोष कुमार रावत पिता मोतीलाल रावत उम्र 34 वर्ष निवासी बार्ड क्र. 8 भेलकी तथा अमन सिंह बघेल पिता चन्द्रभान सिंह बघेल निवासी बीछी रोड चुरहट के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है एवं आरोपी को वैधानिक कार्रवाई उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। समस्त कार्रवाई में उनि बृजेन्द्र सिंह, उनि आशा सिलावट, सउनि ओपी पाण्डेय, प्रधान आरक्षक आशीष सिंह बघेल, आरक्षक आनंद सिंह बघेल, उदय प्रकाश तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## वैश्य महासम्मलेन की क्षेत्रीय बैठक कल

जागरण, सीधी। वैश्य समाज को एकजुट करके संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से स्थानीय डीजे प्लाजा में बैठक के दौरान भोला प्रसाद गुप्ता प्रदेश महामंत्री एवं प्रभारी सीधी संभाग ने पदाधिकारियों के समर्थन से क्षेत्रीय बैठक के आयोजन का निर्णय लिया जिसमें वैश्य महासम्मेलन द्वारा 3 मई दिन शनिवार को क्षेत्रीय बैठक का आयोजन सीधी नगर स्थित इन्द्रराज पैलेस में किया जाएगा। यह बैठक वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के शिरोमणी संरक्षक उमाशंकर गुप्ता के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल की अध्यक्षता, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संदेश जैन एवं संगठन मंत्री विजय झांझरी के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न होने जा रही है। इस बैठक में शहडोल संभाग, रीवा सम्भाग एवं सीधी संभाग में मूल इकाई, युवा इकाई तथा महिला इकाई के संभाग प्रभारी, संभाग अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष पदाधिकारी अपेक्षित रहेगे।

# मजदूर दिवस पर अपनी मांगों को लेकर सामने आए संगठन



## कलेक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन सौंपने पहुंचे पदाधिकारी एवं सदस्य

## श्रमिकों के कल्याण के लिए की गई विभिन्न मांगे

जागरण, सीधी

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर आज अपनी मांगों को लेकर श्रमिकों में एकजुटता नजर आई। शासन से श्रमिकों के कल्याण से जुड़ी कई मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इसी कड़ी में आज इसी कड़ी में आज मप्र श्रमजीवी पत्रकार संगठन के साथ शासकीय विभागों से संबद्ध विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के कर्मचारियों द्वारा भी अपने पदाधिकारियों के साथ मांगों का ज्ञापन कलेक्ट्रेट आकर सौंपा गया है। सभी ज्ञापन मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के नाम से सौंपे गए। जिसमें संगठनों द्वारा मांग की गई है कि श्रमिकों के हितों को देखते हुए उनको शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। साथ ही श्रमिकों के भविष्य को देखते हुए उनके हित में दूरगामी निर्णय जल्द से जल्द किए जाएं। जिससे मध्य प्रदेश में भी श्रमिकों की हालत में सुधार हो सके। ज्ञापन लेने वाले अधिकारी द्वारा उसे प्रदेश सरकार को भेजने के लिए आश्वस्त किया गया। ज्ञापन में शामिल मांगों का निराकरण प्रदेश सरकार द्वारा ही किया जा सकता है। इस वजह से जिला स्तर पर सौंपे गए ज्ञापनों पर कार्यवाही के लिए उनको हर वर्ष की तरह मजदूर दिवस पर प्रदेश सरकार को प्रेषित किया जाएगा। इन पर कितनी कार्यवाही होगी यह आने वाला समय बताएगी।

## श्रमजीवी पत्रकार संगठन ने सौंपा मांगों का ज्ञापन





मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई सीधी द्वारा प्रदेशाध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार आज 1 मई को संभागीय महासचिव आदित्य सिंह एवं जिला अध्यक्ष हरीष मिश्रा की मौजूदगी में मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि एसडीएम गोपद बनास नीलेश शर्मा को सौंपा गया। जिले के पत्रकार गण पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह बीथिका भवन में एकत्र होकर गगनभेदी नारे की गूंज के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। यहां एसडीएम को 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शामिल मांगों में पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू करें। भोपाल के मालवीय नगर स्थित पत्रकार भवन के जिसे कमलनाथ की कांग्रेस सरकार ने बिना सूचना के छीन लिया था उस भूमि को वापिस की जाए, पत्रकार पेंशन योजना/श्रद्धा निधि में अधिमान्यता की शर्त हटाई जाए ओ उसे आजीवन देने का नियम बनाया जाए। श्रद्धा निधि प्राप्त श्रमजीवी पत्रकार की मृत्यु के बाद यह पेंशन राशि शासकीय कर्मचारियों की तरह उनकी विधवा को मृत्यु तक उपलब्ध कराई जाए। मध्य प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पत्रकार भवन के लिए निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराई जाए, पत्रकारों को टोल टैक्स से मुक्त करने मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यता कार्ड को मान्यता दी जाए। पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजन को उत्तर प्रदेश की तर्ज पर निःशुल्क करके सभी पत्रकारों को इसका बिना शर्त लाभ पहुंचाने की घोषणा की जाए। श्रमजीवी पत्रकारों के लिए किसी भी प्रकार की शासकीय कमेटियां बने तो पूर्व की भांति श्रम विभाग से तथा श्रमजीवी पत्रकार संघ से ही नाम मांग कर बनाई जाए, श्रमजीवी पत्रकारों को बैंको से जीरो प्रतिशत ब्याज पर लोन दिया जाए आदि मांगें शामिल हैं। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से संभागीय महासचिव आदित्य सिंह, जिलाध्यक्ष हरीश मिश्रा, अमित सिंह, रजनीश तिवारी, अजय मिश्रा, रजनीश वेदांती, संतोष तिवारी, वीरेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र सिंह, सुभाष तिवारी, राजकुमार जायसवाल, आदर्श गौतम, धीरेश मिश्रा, मझौली ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह परिहार, प्रवेश शुक्ला, रवि पाण्डेय, दीपक द्विवेदी, राम प्रकाश कुशवाहा मझौली सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## सांप्रदायिक सद्भाव का एक सशक्त संदेश

**ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश दुख और गुस्से की मनःस्थिति से गुजर रहा है, जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का एक सशक्त संदेश दिया है।**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सदन ने सर्वसम्मति से इस वीभत्स हत्याकांड की पुरजोर निंदा करते हुए बाकायदा एक प्रस्ताव पारित किया। जिस आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया, लोगों को आक्रोशित तथा दुखी किया, उसके खिलाफ जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना व निंदा प्रस्ताव पारित करना निश्चित रूप से देश के जख्मों पर मरहम लगाने जैसा ही है। निश्चय ही यह संदेश देश की गंगा-जमुनी संस्कृति के अनुरूप ही है। निर्विवाद रूप से आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है, लेकिन हर धर्म के व्यक्ति को खुले मन से आतंकियों की निंदा करनी चाहिए। यह विडंबना ही है कि यह भयावह घटना राज्य से केंद्रशासित बने जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण और सक्रिय भागीदारी वाले विधानसभा चुनावों के बाद उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के छह माह बाद हुई। ऐसे में मुख्यमंत्री के लिये सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि संवेदनशील केंद्र शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के पुनरुद्धार से होने वाले लाभ यूं ही व्यर्थ न चले जाएं।

निश्चित रूप से इस नये कश्मीर से आया यह संकेत दिल को छूने वाला है। जो यह भी बताता है कि अभी भी सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। निश्चित रूप से राष्ट्रीय एकता, करुणा और लचीलेपन की यह भावना स्वागत योग्य है। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री होने के नाते उमर अब्दुल्ला ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि वे राज्य में आये पर्यटकों को सुरक्षित घर वापस भेजने की अपनी जिम्मेदारी में विफल रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक आतंकवाद अपना भयानक रूप दिखाता रहेगा, तब तक जम्मू-कश्मीर का केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा समाप्त नहीं होगा। हालांकि, बहुत कुछ केंद्र सरकार और विभिन्न राज्यों द्वारा संकटग्रस्त केंद्रशासित प्रदेश को दिए जाने वाले समर्थन पर निर्भर करेगा। निस्संदेह, आतंकवाद के इस विनाशकारी आघात के बाद जम्मू-कश्मीर को संभालने में मदद करना राष्ट्रीय प्राथमिकता बननी चाहिए।

निश्चित रूप से जम्मू-कश्मीर विधानसभा से आया यह रचनात्मक संदेश देश की एकता व अखंडता के लिये सुखद ही है। देश में आतंकवाद की इस घटना के बाद जैसे नकारात्मक प्रतिक्रिया देने की कोशिशें की जाती रही है, उसको यह सार्थक जवाब है। जो वक्त की मांग भी थी।

घाटी से संदेश आया है कि यहां लोग देश की संवेदना से उसी तरह के सरोकार रखते हैं, जैसा कि अन्य राज्यों के लोग रखते हैं। यह भी कि आतंकवाद किसी भी धर्म का हिस्सा नहीं होना चाहिए। मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। जिसकी रक्षा करना हरेक नागरिक का दायित्व है।

# ये दुनिया मिल भी जाये तो क्या है...



ईश्वर को इस पृथ्वी को बनाये हुए लगभग 4.5 अरब वर्ष बीत गये... पहले यह जमीन आग का एक गोला थी... जलती हुई... तपती हुई ... पिघली हुई... एक आग थी यह पृथ्वी... लावा... भीषण गर्मी... और... असहनीय तपन से भरी हुई थी हमारी यह आज की... शस्य-श्यामला... हरीतिमा भरी हुई... नीर... क्षीर... समीर के... शीतल झोकों से परिपूर्ण धरती...

परमात्मा ने कृपा की... जगत जननी की इच्छा जागी धरती पर जीव... और... जीवन रचने की... नारायण को... नर बनने की कामना हुई... और... शुरू हो गई कहानी... संसार बसाने की... कथा मनु और इला की... किस्सा आदम और हव्वा का... आग के इस गोले... पृथ्वी को... इस जमीन को... इस धरती और धरा को... इस वसुन्धरा को.... जिसे परमब्रह्म परमात्मा ने... साढ़े चार अरब वर्ष पहले बनाया था... उसे ठंडा... और ठंडा... फिर और अधिक ठंडा तथा ठोस करने में... सृष्टि के रचयिता परमेश्वर को भी अरबों वर्षों तक... अथक मेहनत करनी पड़ी.... तब कहीं जाकर... आज के इस वर्तमान स्वरूप में आ सकी यह हमारी पृथ्वी... हमारी यह जमीन...

तब कहीं इतनी कड़ी मेहनत और तपस्या के ये दुनिया मिल भी जाये तो क्या है... बाद (वैज्ञानिक अनुमानों के अनुसार) हमारे भू-लोक में आज से महज... लगभग दो लाख वर्ष पूर्व... इंसान को पैदा कर सका था भगवान... पहले उसने आग से तपते गोले को ठंडा किया... फिर जमीन बनायी... फिर वायु मंडल बनाया... फिर समुद्र और नदियाँ बनाई... पर्वत और वन बनाये... वनस्पतियाँ बनाईं... और तब... जल में रहने वाले एक कोशकीय... और... दो कोशकीय... जीव बनाये... और फिर... इन एक और दो कोशकीय जीवों के संगम से उसने... जल में रहने वाले जीव-जन्तु... पृथ्वी पर रहने वाले चौपाये पशु... गगन में उड़ने वाले पक्षी और धरती के अंदर तथा जल में रहने वाले सरिसृप बनाये... तब कहीं... जाकर उस परमात्मा ने बनाया... इंसान को... आदमी और औरत के रूप और गुणों में... मनु और इला के रूप में... आदम और हव्वा के रूप में बनाया... तब कहीं जाकर पैदा हुई... संसार में इंसान की औलादें... हम सब नर और नारियाँ...




पर... वाह-रे-वाह... इंसान की औलादों... वाह रे वाह... मनु और इला की संतानों... और... वाह रे वाह... आदम और हव्वा के बेटे-बेटियों... धिक्कार है... धिक्कार है तुम्हें... जिस आग के गोले को.... तुम्हें जन्म देने के लिये... ठंडा करने में... परमात्मा को भी साढ़े चार अरब वर्षों से भी अधिक का समय लगा था... उसे फिर से गरम कर दिया तुमने... पृथ्वी को दो लाख वर्षों के छोटे से समय में ही... बर्बाद करके फेंक दिया तुम सबने... यह दुनिया... नष्ट कर डाली तुमने... आकाश में ओजोन परत की सुरक्षा छतरी... जो परमात्मा ने... सूरज की तपती पराबैंगनी किरणों को सीधे धरती पर आने से बचाने के लिए बनाई थी उसमें छेद कर दिये तुमने...

**मैं चाहता हूँ, इस धरती को तुम**
**थोड़ा-थोड़ा करके ही सही**
**समझना तो शुरू करो...**
**तुम खुद अपनी ही आँखों से देखो**
**किस तरह खण्डहर में तब्दील हो गए हैं**
**इतिहास के सामने**
**और पथराने लगी है हवा, किसी बुनियाद के बिना**
**भटकती-बिर्राती हैवानी चीख में...**
**तुम खुद देखो इंसानों को कितनी तेजी से**
**फ़ालतू चीजों और कचरे के ढेर में फेंक कर**
**बढ़ गए हैं हमलावर**
**खूँखार जानवरों से कहीं ज़्यादा ख़तरनाक**
**हथियार हैं उनके पास**
**घूमता जा रहा है वक्त का आइना**
**इस रौशनी और अंधेरे में**
**अब 'कोई तो आकर बचा ले' जैसी पुकार**
**एक बार नहीं हजार बार कर रही है यह धरती...**

न शुद्ध जल बचने दिया... तुम हव्वा की औलादों ने.... न जंगल और वन ही बचने दिये तुम इला की संतानों ने... सुखा डालीं नदियाँ... प्रदूषित कर डाली... पतितों को भी पावन करने वाली गंगा...

फिर भी...? तब पर भी...? आज तक हम लड़ते चले जा रहे हैं... मज़हब के नाम पर... देश और जमीन के नाम पर... भाषा के नाम पर... कोई हिन्दू है... तो कोई मुसलमान... कोई सिख है... तो कोई ईसाई... कोई भारतीय है तो कोई अंग्रेज... कोई जापानी है... तो कोई चीनी... कोई पाकिस्तानी है... तो कोई है सीरियाई है... आतंकवादी जमातें अमन की दुश्मन अब इस जमीन पर जगह-जगह लड़ रही हैं... खेती और किसान मर रहे हैं... दुनिया रोज़-ब -रोज़... मौत के मुँह में समा रही है... और... हम सब बंट रहे हैं... बंटते ही जा रहे हैं... विभिन्न धर्मों में... मज़हबों में... सम्प्रदायों में... हम सब... हिन्दू हैं... मुसलमान हैं... क्रिश्चियन... या... बौद्ध हैं... अगर हम कुछ नहीं हैं... तो बस... हम सब... ईश्वर की सच्ची संतानें नहीं हैं... क्योंकि आज... परमेश्वर की... सबसे महत्वपूर्ण कृति... परमात्मा की सबसे बड़ी तपस्या... भगवान की सबसे बड़ी मेहनत... अल्लाह का सबसे बड़ा करिश्मा... क्राइस्ट का सबसे बड़ा क्रियेशन... यह यूनिवर्स... यह पृथ्वी... इस जमीन को... हम सब मनुष्यों ने बर्बाद कर के रख दिया है... आदमी के बस की बात तो अब है ही नहीं... इस पृथ्वी को बचाना... अगर खुदा ही कुछ करे... तो करे...

इंसान अभी भी कहा बाज़ आ रहा है अपनी फितरत से...? कभी जमीन का सीना फाड़ कर... धरती के अन्दर गहरे... बहुत गहरे में करता है परमाणु बमों के धमाकेदार परीक्षण... तो कभी समुद्र की अतल गहराइयों के भी नीचे... जलमग्न धरती की छाती को छेदकर... परमाणु बारूद की जाँच करता रहता है... आज का आदमी... जो जितना बड़ा देश है... वह उतना ही ज्यादा बारूद भर रहा है... धरती माता के सीने में... उतनी ही ज्यादा विनाशकारी ऊर्जा का उत्सर्जन कर रहा है... उतनी ही ज्यादा हिलियम गैस छोड़ रहा है अन्तरिक्ष में... जो फाड़ रही है पृथ्वी के रक्षा कवच 'ओजोन लेयर' को... जंगल कट रहे हैं... वन और प्रपात सूख रहे हैं... और आदमी घड़ियाली आँसू बहा रहा है... अरेSS इंसानों... रोक सको... तो रोक लो... अपनी दुनिया में... रोज-ब-रोज मचती हुई तबाही को... बदल डालो अपनी आदतें... बन्द करो परमाणु परीक्षण... मत काटो हरे-भरे वृक्षों को...

**परिन्दे अब कहाँ जाएँ**
**कि सारे घोंसले तुमने जलाए**
**परिन्दे अब कहाँ जाएँ...?**
**हृदय घायल किसी का, खो दी आँख किसी ने**
**किसी के पंख जले या फिर पंजे जले किसी के**
**कि तुम हृदयहीन मानव समझोगे क्या**
**एक-एक घर में कितने घर झुलसे हैं**
**आक्रोश की ज्वाला, जले चेहरों पर उभर आए....**
**परिन्दे अब कहाँ जाएँ**
**क्यों न परों के पनपते ही, तुम पर ही न टूट पड़ें**
**डराकर या उड़ाकर, न इनको और सताओ**
**परिन्दे अब कहाँ जाएँ...?**
**शिकारी ग़र तुम थे नादान**
**तो इतने जाल कैसे बिछाए**
**जले फूल, परों, औ' पत्तों की अब तक**
**'जले जंगलों से गंध औ' दुर्गन्ध आए**
**परिन्दे अब कहाँ जाएँ...?**

और समझो कि... दुनिया की हर नदी... हिन्दुओं की 'गंगा'... मुसलमानों का 'आब-ए-जमजम'... इजिप्शियनस् की नील... या अंग्रेजों की 'टेम्स' और रशियंस की 'वोल्गा' और फ्रेंच की 'साइन' जैसी ही पवित्र हैं... मत बहाओ इन पवित्र नदियों में इंसानी गंदगी और रसायनों के अपशिष्टों का सैलाब... बचा सको तो... अब भी बचा लो... पृथ्वी को... नदियों को... जंगलों को... वरना... कल को न यह दास्तान कहने वाला मैं ही बचूंगा... और... न यह अफसाना सुनने वाले... तुम ही बचोगे... खत्म हो जायेगी सारी कहानी... व्यर्थ हो जायेगी ईश्वर की तपस्या.... वह कड़ी मेहनत... जो परवरदिगार ने... परमेश्वर ने... राम और रहीम ने... साढ़े चार अरब वर्षों तक इस पृथ्वी को... इंसानों के रहने लायक जगह बनाने में की थी... सब की सब बर्बाद हो जायेगी...

**देखना, एक दिन चुक जायेगा यह सूर्य भी**
**सूख जायेंगे सभी जल एक दिन...**
**एक दिन हवा चाहे मातरिश्वा हो**
**नाम को भी नहीं होगी, एक दिन नहीं होगी अग्नि कोई**
**और एक दिन नहीं होगी कोई मृत्तिका भी ...**

सोचो...! अगर बिना पानी... बिना हरियाली के... जलती- सुलगती... दुनिया आने वाले वक्त के लोगों को... मिल भी जाये तो क्या है...?

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# आर्थिक मोर्चों पर पाक की तुलना में बहुत मजबूत है भारत

विश्लेषण




**भारत आर्थिक ताकत के हिसाब से पाक से दस गुना से भी अधिक मजबूत है। इस समय जब भारत की अर्थव्यवस्था छलांगें लगाकर आगे बढ़ रही है, वहीं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारी मुश्किल में है और दिवालिया जैसी स्थिति में है। ऐसे में युद्ध की आशंका में जहां भारत युद्ध के भारी खर्चों को वहन करने की स्थिति में होगा, वहीं युद्ध होने पर पाक की कमजोर अर्थव्यवस्था बर्बादी की ओर उन्मुख होगी।**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

इन दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान को सिखाए जाने वाले सबक के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय मीडिया व विशेषज्ञों द्वारा कहा जा रहा है कि भारत सैन्य ताकत की दृष्टि से पाकिस्तान से बहुत मजबूत है। भारत द्वारा पाकिस्तान पर सैनिक कार्रवाई में कोई दिक्कत नहीं है। भारत सरकार के पास वैश्विक कूटनीतिक समर्थन, आर्थिक संबल व देश की जनता का अभूतपूर्व समर्थन है।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान से गोलीबारी की जा रही है। भारत की आर्थिक मजबूती भी भारत के लिए प्रभावी हथियार बनी हुई है। वस्तुतः इस समय भारत पाक से आर्थिक ताकत के हिसाब से दस गुना से भी अधिक मजबूत है। ऐसे में युद्ध की आशंका में जहां भारत युद्ध के भारी खर्चों को वहन करने की स्थिति में होगा, वहीं युद्ध होने पर पाक की कमजोर अर्थव्यवस्था बर्बादी की ओर उन्मुख होगी।

गौरतलब है कि सरकार ने 23 अप्रैल को पाकिस्तान के साथ व्यापार रोकने, पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारियों को निकालने, सार्क वीजा रियायत योजना के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को दिए वीजा निरस्त करने और सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

उल्लेखनीय है कि 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को 1965, 1971 और 1999 में पाक युद्ध के समय भी स्थगित नहीं किया गया था। भारत द्वारा सिंधु जल संधि का स्थगन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पाक का एक ब?ा हिस्सा सिंधु नदी के पानी से पेयजल, खेती व बिजली उत्पादन तक की गतिविधियों के लिए निर्भर है। पाक के जीडीपी का करीब 25 फीसदी सिंधु जल व्यवस्था पर निर्भर है। तभी पाक की बौखलाहट दिखाई दे रही है।

ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स 2025 के अनुसार, भारत विश्व की चौथी सबसे मजबूत सैन्य शक्ति वाला देश है, वहीं पाकिस्तान अब 12वें नंबर पर पहुंच गया है। यह इंडेक्स विभिन्न देशों की पारंपरिक युद्ध क्षमताओं के 60 से अधिक फैक्टर्स जैसे जनसंख्या, रक्षा बजट, सैन्य संसाधन, क्रय शक्ति, और सामरिक स्थिति को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है। भारत के सक्रिय सैनिकों की संख्या लगभग 14.55 लाख है, जो पाकिस्तान के 6.54 लाख सक्रिय सैनिकों की तुलना में कहीं अधिक है। इसके अलावा, भारत के पास ज्यादा रिजर्व सैनिक और पैरामिलिट्री फोर्सेज भी हैं। थल सैन्य शक्ति के अलावा भारत की वायु और जल सैन्य शक्ति भी पाकिस्तान से बहुत अधिक है। यह भी महत्वपूर्ण है कि फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स (एफएएस) के मुताबिक जहां भारत के पास 180 परमाणु हथियार हैं, वहीं पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। लेकिन भारत के परमाणु हथियार न्यूक्लियर डोमेन में पाकिस्तान से बहुत आगे हैं। इतना ही नहीं भारत न्यूक्लियर ट्रायड यानी जल, थल और आकाश तीनों में परमाणु हथियार दागने की क्षमता रखता है। वहीं भारत की आर्थिकी पाकिस्तान से दस गुना से भी अधिक मजबूत है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दोनों देशों के बजट को देखें तो पाते हैं कि भारत का बजट पाकिस्तान के बजट से करीब 11 गुना बढ़ा है। मौजूदा वित्त वर्ष के केंद्रीय बजट में भारत ने अपनी रक्षा तैयारियों के लिए 77.4 अरब डॉलर का आवंटन किया है, वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान का रक्षा बजट लगभग 7.6 अरब डॉलर है। इस अंतर से साफ पता चलता है कि भारत का सैन्य बजट पाकिस्तान से लगभग 10 गुना अधिक है। हाल ही में प्रकाशित विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर 6.3 फीसदी और पाकिस्तान की विकास दर महज 2.6 फीसदी रह सकती है। भारत की जीडीपी इस समय करीब 4000 अरब डॉलर की है, जबकि पाकिस्तान की जीडीपी 400 अरब डॉलर से भी कम है। प्रति व्यक्ति आय में भी भारत बहुत आगे है। 2025 के अनुमानों के अनुसार, भारत की प्रति व्यक्ति आय 2,880 डॉलर है, जबकि पाकिस्तान की केवल 1,590 डॉलर।

भारत की तेजी से चमकती आर्थिक छवि के कारण भारत में विदेशी निवेश बढ़ रहे हैं, वहीं पाकिस्तान की नकारात्मक छवि की वजह से पाकिस्तान में विदेशी निवेश लगातार घटते जा रहे हैं। यदि हम निर्यात की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत ने वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 437 अरब डॉलर का वस्तु निर्यात किया है। जबकि पाकिस्तान का वस्तु निर्यात इसका दसवां भाग भी नहीं है।

भारत के कुल निर्यात में पाकिस्तान की हिस्सेदारी मात्र 0.06 फीसदी ही है। पिछले वर्ष 2024 में भारत ने जितना सामान पाकिस्तान से आयात किया, उससे करीब 31 गुना ज्यादा पाकिस्तान को निर्यात किया।

इस समय जब भारत की अर्थव्यवस्था छलांगें लगाकर आगे बढ़ रही है, वहीं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारी मुश्किल में है और दिवालिया जैसी स्थिति में है। निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के ऐसे प्रभावी आधारों पर भारत युद्ध की आर्थिक लागत का सामना करने में पाकिस्तान की तुलना में अधिक सक्षम है। ऐसे में दो-तीन सप्ताह की जंग में पाकिस्तान घुटने टेक सकता है।

प्रसंगवश

## संबंधों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है कार्नी की जीत


**कनाडा के आम चुनावों में मार्क कार्नी के नेतृत्व में लिबरल पार्टी की जीत भारत से संबंधों में सुधार के नजरिये से बेहद महत्वपूर्ण है।**

चुनाव से पूर्व और चुनाव के दौरान कार्नी कहते रहे हैं कि आने वाले समय में भारत से बेहतर रिश्ते बनेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की दुराग्रह और पृथक्तावादियों के दबाव के चलते भारत कनाडा संबंध अपने सबसे बुरे दौर में पहुंच गए थे। कार्नी की जीत से उम्मीद जगी है कि दोनों देशों के संबंध फिर से पटरी पर लौटेंगे। दरअसल, एक अपरिपक्व राजनेता की तरह जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर प्रकरण को जिस तरह तूल दिया, उसके चलते दोनों देशों के संबंध बेहद खराब स्थिति में पहुंचे। हालांकि, भारत सरकार ने निज्जर प्रकरण में हाथ होने के दावों का दृढ़ता से खंडन किया था। लेकिन इसके बावजूद दोनों देशों के राजनीतिक, आर्थिक संबंध और लोगों के आने-जाने का उपक्रम बुरी तरह प्रभावित हुआ था। निस्संदेह, कार्नी का फिर सत्ता में लौटना संबंधों में सुधार का स्पष्ट संकेत है। वे अपने पूर्ववर्ती के विपरीत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित आर्थिक विशेषज्ञ, व्यावहारिक राजनेता और बयानों में संतुलन रखने वाले व्यक्ति हैं।

दरअसल, हाल के चुनावों में उनका 'मजबूत कनाडा, मुक्त कनाडा' का नारा खूब चला। ट्रंप के टैरिफ वार और बार-बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के बयानों ने कनाडा के लोगों में असुरक्षा का भाव भर दिया। कनाडाई जनमानस को पढ़ने में सक्षम कार्नी ने इस मुद्दे को हथियार बनाकर पार्टी की सत्ता में वापसी करा दी। अन्यथा कुछ समय पूर्व पार्टी के पराजय को लेकर दावे किए जा रहे थे। दरअसल, उन्होंने कनाडा को मजबूत करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बहाल करने की बात कही ताकि घरेलू स्थिरता को मजबूत किया जा सके। निश्चित रूप से कार्नी का यह दृष्टिकोण व्यापारिक, रणनीतिक व लोगों को जोड़ने की दृष्टि से भारत के लिये महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। एक सफल केंद्रीय बैंकर और अनुभवी निवेशक के रूप में कार्नी भारतीय बाजार से जुड़ने की आकांक्षा रखते हैं।

बहरहाल, कार्नी के कनाडा की सत्ता में वापसी और भारत विरोधी तत्वों के सिमटने से नये सिरे से व्यापार वार्ता शुरू करने, छात्र वीजा सुविधा के विस्तार और आव्रजन नीतियों में स्थिरता की उम्मीद जगी है। उनकी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बधाई देने में मजबूत साझेदारी की उम्मीद झलकती है। हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट से हजारों भारतीय छात्रों और आप्रवासियों का भविष्य प्रभावित हुआ। वीजा में देरी, पढ़ाई के बाद काम की चिंता और कथित रूप से कटुतापूर्ण माहौल ने एक सपनों के गंतव्य स्थल की छवि को धूमिल ही किया। बदले हुए हालात में कार्नी प्रशासन को इस वर्ग को आश्वस्त करने के लिये तेजी से काम करना होगा। वह वर्ग जो कनाडाई अर्थव्यवस्था में अरबों का योगदान देता है तथा उसके कुशल कर्मियों की संख्या को बढ़ाता है। भारत को पिछली कटुता को भुलाकर बेहतर संबंधों हेतु उदारता का परिचय देना चाहिए। आने वाला वक्त बताएगा कि कार्नी प्रशासन खालिस्तानी उग्रवाद और प्रवासियों संबंधी कट्टरता जैसे संवेदनशील मुद्दों को कितने बेहतर ढंग से संभालता है। वैश्विक व्यवस्था में बदलाव और अमेरिकी राजनीति में अनिश्चितता के बावजूद भारत व कनाडा के बीच जलवायु संबंधी मुद्दों, शिक्षा और डिजिटल नवाचार में गहरी भागीदारी की संभावना पैदा हुई है। कार्नी की जीत के बाद दोनों देशों के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद विश्वास में बदल सकती है। पूर्व बैंकर रहे कार्नी ने गत सोमवार को भारत व कनाडा के रिश्तों को बहुत महत्वपूर्ण बताया था, और भरोसा दिलाया था कि अगर वे दोबारा प्रधानमंत्री बनते हैं तो दोनों देशों के रिश्तों को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। साथ ही एक चैनल से कहा कि रिश्तों में जो तनाव पैदा हुआ वो हमारी वजह से नहीं हुआ। एक-दूसरे के प्रति सम्मान के साथ इसे फिर से बहाल करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि वैश्विक अस्थिर अर्थव्यवस्था के बीच भारत व कनाडा इसे नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

॥गीता॥



**श्लोक : ज्ञातिभि र्वण्टयते नैव चोरेणापि न नीयते। दाने नैव क्षयं याति विद्यारत्नं महाधनम॥**

**भावार्थ : यह विद्यारुपी रत्न महान धन है, जिसका वितरण ज्ञातिजनों द्वारा हो नहीं सकता, जिसे चोर ले जा नहीं सकते, और जिसका दान करने से क्षय नहीं होता।**

जीवन दर्शन

## खुशियां पाने के लिए खुद को महत्व देना जरूरी



महात्मा बुद्ध का एक प्रसिद्ध कथन है, जो व्यक्ति 50 लोगों से प्रेम करता है उसके पास 50 संकट है। हम यह नहीं कह रहे कि आप लोगों से सांत्वना या सौहार्द रखना बंद कर दें। लेकिन यह भी याद रखें कि जितने ज्यादा आप लोगों के नजदीक जाएंगे, उतना ही ज्यादा उनकी परेशानी आपको परेशान करेगी। आप सभी को प्रसन्न नहीं रख सकते, कुछेक लोग ही होते हैं जीवन में जो वाकई जरूरी हैं।

आप बहुत अच्छे हैं, फिर भी आप इस दुविधा में हैं कि सभी लोग आपको पसंद क्यों नहीं करते?

हर किसी को अपने जीवन में शामिल होने की अनुमति देना ही आपकी सबसे बड़ी गलती साबित हो सकती है। दूसरे लोग तभी आपके लिए कुछ सोचेंगे, आपको महत्व देंगे जब आप स्वयं को अहमियत देने लगेंगे।

क्या कभी आपने ऐसा महसूस किया है कि जिस व्यक्ति से आप वार्तालाप कर रहे हैं, या जिनसे मिलने के लिए आप आए हैं, उनके सामने होते हुए आपको कुछ अजीब सा महसूस हो रहा है, आपको अपने आसपास नकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हो रहा है? आपका कोई नजदीकी व्यक्ति जिसके लिए आप बहुत कुछ करते हैं, आपके सामने दुखभरी बातें करता है, आपसे शिकायतें करने लगता है और आप बस यही सोचते रह जाते हैं कि उनके भीतर आपके लिए इतनी निगेटिवटी आई कहां से? आप उनका दुख महसूस करने लगते हैं और ना चाहते हुए भी उनकी शिकायतों और परेशानियों को अपने ऊपर हावी होने देते हैं। फिर भी आप सामने वाले से बात तो कर रहे हैं पर ना जाने क्यों उस व्यक्ति के संबंध में आपको कुछ सही नहीं लगता। आप बस यही सोचने लगते हैं कि कैसे जल्दी से जल्दी आपकी यह मुलाकात समाप्त हो।अगर आपने ऐसे हालातों का अनुभव किया है तो यकीन मानिए आप जैसे बहुत से लोग हैं जिन्हें बहुत ही जल्दी दूसरे लोगों के आभामंडल में नकारात्मक ऊर्जाओं की मौजूदगी सताने लगती है।

भले ही आपका उस व्यक्ति या उस व्यक्ति से जुड़ी नकारात्मकता से कोई लेना-देना ना हो, लेकिन ऐसी ऊर्जाएं आपके लिए किसी जहर से कम नहीं हैं, जिनसे जल्द से जल्द छुटकारा पाया जाना ही सही विकल्प है।

**सभी से प्रेम :** आप बहुत अच्छे हैं, फिर भी आप इस दुविधा में हैं कि सभी लोग आपको पसंद क्यों नहीं करते? ऐसा इसलिए क्योंकि ऐसा कोई नियम नहीं है कि सभी आपको पसंद करें, सभी आपसे दुलार करें। इस पृथ्वी पर प्रत्येक प्राणी अलग-अलग उद्देश्यों के साथ रहता है और उन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ही वह दूसरे लोगों से वास्ता रखता है।

# मिड करियर ट्रेनिंग पर जाएंगे मध्यप्रदेश के 53 आईएएस

## भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, डिंडोरी कलेक्टर भी शामिल

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी मिड करियर ट्रेनिंग के लिए जाएंगे। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने एमपी के 53 अधिकारियों की सूची जारी कर राज्य सरकार से इन्हें चौथे चरण की ट्रेनिंग के लिए मसूरी की लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी भेजने के लिए कहा है। पत्र के अनुसार इन अफसरों का यह प्रशिक्षण सत्र आगामी 16 जून से 11 जुलाई तक आयोजित होगा। इसके लिए एमपी कैडर के 2004 बैच से लेकर 2011 बैच तक के अफसरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। लिस्ट के अनुसार मिड करियर ट्रेनिंग के लिए जाने वालों में 2004 बैच के लोकेश कुमार जाटव सबसे सीनियर अफसर और 2006 बैच के धनंजय सिंह भदौरिया दूसरे सबसे सीनियर आईएएस होंगे। इसके अलावा 2007 बैच के 3, 2008 बैच के 7, 2009 बैच के 10, 2010 बैच के 12 और 2011 बैच के 19 अफसर शामिल हैं।


आशीष सिंह


कौशलेंद्र विक्रम सिंह


रुचिका चौहान


नेहा मारव्या सिंह

### ट्रेनिंग पर जाने वालों में सीएम के दो सचिवों के भी नाम

ट्रेनिंग के लिए पात्र अफसरों की सूची में सीएम सचिवालय में पदस्थ सचिव एम सिबी चक्रवर्ती और इलैया राजा टी, एमपीआईडीसी के एमडी चंद्रमौलि शुक्ला, वित्त विभाग के सचिव लोकेश जाटव, एमपीआरडीसी के एमडी भरत यादव, लोक शिक्षण संचालनालय की आयुक्त शिल्पा गुप्ता, कृषि संचालक अजय गुप्ता, राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह, स्वास्थ्य आयुक्त तरुण राठी, आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल और राज्यपाल के सचिव उमाशंकर भार्गव का नाम भी चिन्हित अफसरों की सूची में शामिल है।

### ट्रेनिंग के लिए 16 मई तक होगा रजिस्ट्रेशन

केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने इन अफसरों को 16 मई तक मिड करियर ट्रेनिंग का रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए हैं। लिस्ट में इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह, भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान और डिंडोरी कलेक्टर नेहा मारव्या सिंह के नाम शामिल हैं। सूची में शामिल अफसरों को लेकर कहा गया है कि ये अधिकारी किसी वजह से ट्रेनिंग नहीं कर पाए हैं और काम में सुधार के लिए यह प्रशिक्षण अनिवार्य है। आईएएस अफसरों के लिए मिड करियर ट्रेनिंग की शुरुआत 2007 में हुई थी, जिसमें शामिल होने के लिए अफसरों को तीन अवसर मिलते हैं। डीओपीटी के रिव्यू के दौरान यह सामने आया है कि कई अफसर बहाना बनाकर भी प्रशिक्षण पर जाने से बचते हैं। ऐसे में ट्रेनिंग के लिए डीओपीटी ने देशभर के कुल 779 आईएएस अफसरों को 16 मई तक रजिस्ट्रेशन कराने को कहा है। पत्र में साफ है कि जो अफसर 31 दिसम्बर 2028 से पहले रिटायर होंगे, उन्हें इस प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है।

### प्रदेश के ये अधिकारी जाएंगे ट्रेनिंग पर

| अधिकारी | बैच | प्रीति मैथिल | 2009 | दिनेश जैन | 2011 |
|---|---|---|---|---|---|
| लोकेश कुमार जाटव | 2004 | इलैया राजा टी | 2009 | गिरीश शर्मा | 2011 |
| धनंजय सिंह भदौरिया | 2006 | तेजस्वी एस नायक | 2009 | शिवराज सिंह वर्मा | 2011 |
| स्वतंत्र कुमार सिंह | 2007 | अमित तोमर | 2009 | उमाशंकर भार्गव | 2011 |
| शशांक मिश्रा | 2007 | श्रीकांत बनोठ | 2009 | प्रीति जैन | 2011 |
| स्वाति मीणा नायक | 2007 | मुजीबुर्रहमान खान | 2010 | उषा परमार | 2011 |
| आईरिन सिंथिया जेपी | 2008 | अनय द्विवेदी | 2010 | सरिता बाला प्रजापति | 2011 |
| विकास नरवाल | 2008 | तन्वी सुंद्रियाल | 2010 | चंद्रमौली शुक्ला | 2011 |
| भरत यादव | 2008 | तरुण राठी | 2010 | मनोज पुष्प | 2011 |
| एम सीबी चक्रवर्ती | 2008 | गणेश शंकर मिश्रा | 2010 | व्हीएस चौधरी कोलसानी | 2011 |
| वी किरण गोपाल | 2008 | अभिजीत अग्रवाल | 2010 | रुचिका चौहान | 2011 |
| नंदकुमारम | 2008 | कर्मवीर शर्मा | 2010 | सौरव कुमार सुमन | 2011 |
| शिल्पा गुप्ता | 2008 | कौशलेंद्र विक्रम सिंह | 2010 | विजय कुमार जे | 2011 |
| सूफिया फारुकी वली | 2009 | अनुराग चौधरी | 2010 | हरजिंदर सिंह | 2011 |
| अजय गुप्ता | 2009 | भास्कर लक्षकार | 2010 | नेहा मारव्या सिंह | 2011 |
| अविनाश लवानिया | 2009 | आशीष सिंह | 2010 | बी विजय दत्ता | 2011 |
| प्रियंका दास | 2009 | षणमुगा प्रिया मिश्रा | 2010 | अनुग्रह पी | 2011 |
| अभिषेक सिंह | 2009 | वीरेंद्र कुमार | 2011 | मोहित बुंदस | 2011 |

## संक्षिप्त खबरें

### गैस एजेंसी को वाहन पर लिखना होगा नाम व नंबर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले में बड़े पैमाने पर जारी सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने में नाकाम जिला खाद्य कार्यालय के अधिकारियों ने कालाबाजारी पर लगाम लगाने के लिए नए नियम बनाते हुए गैस एजेंसी के वाहनों पर एजेंसी का नाम व नंबर लिखने साथ ही गैस एजेंसी के डिलीवरी बॉय की यूनिफार्म पर नाम पट्टिका लगाना अनिवार्य कर दिया है। नए नियमों के तहत गैस एजेंसी के वाहनों पर अब गैस एजेंसी का नाम, मोबाइल नंबर स्पष्ट अंकों में लिखना अनिवार्य होगा। साथ ही एजेंसी जिस ऑयल कंपनी से संबंधित है। उसका नाम व लोगो भी वाहन पर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसी के साथ डिलीवरी बॉय गैस सिलेंडर की डिलीवरी के दौरान गैस एजेंसी की यूनिफार्म और नाम पट्टिका लगाएगा। साथ ही उपभोक्ताओं के सिलेंडर ब्लैक न हों, इसके लिए एजेंसी अपने स्तर पर ही काम करे। इसके बाद भी यदि सिलेंडर की कालाबाजारी की जाती है, तो एजेंसी संचालक और डिलीवरी बॉय पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जिले के सभी गैस एजेंसी संचालक अपने अपने वाहनों की डिटेल भी जिला खाद्य अधिकारी के कार्यालय में जमा कराएंगे।

### 17 तक होंगे एफएमजीई परीक्षा के रजिस्ट्रेशन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेस ने फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनबीईएमएस एफएमजीई का पंजीकरण कराने के लिए एनबीईएमएस की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। आवेदन पत्र जमा करने के लिए विंडो 17 मई तक खुली रहेगी। फॉर्म में करेक्शन के लिए विंडो 22 से 24 मई तक खुली रहेगी। फाइनल एडिट विंडो छह जून से नौ जून तक उपलब्ध रहेगी। एनबीईएमएस एफएमजीई परीक्षा 26 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों को 10 जुलाई तक सिटी स्लिप और 22 जुलाई तक एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे।

### बीयू एक तक जमा कराएगा चतुर्थ वर्ष के एग्जाम फार्म

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए सहित अन्य यूजी कोर्स के चतुर्थ वर्ष परीक्षा फार्म एक मई तक बिना विलंब शुल्क जमा कराएगा। पीजी के एमए, एमकॉम, एमएससी सहित अन्य कोर्सों के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा फार्म सामान्य शुल्क के साथ दो मई तक जमा होंगे। 300 रुपए के विलंब शुल्क के साथ छह मई और सात मई से परीक्षा शुरू होने के तीन दिन पहले तक 1000 रुपए का विशेष विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म जमा किया जा सकता है। इसके अलावा चार हजार रुपए के विशेष विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म परीक्षा शुरू होने के दो दिन पहले तक जमा हो सकेंगे। उक्त तिथि बीयू में संचालित विभागों के विद्यार्थियों के फार्म जमा होंगे।

# आ गए 52 नए नन्हे सुरक्षाकर्मी, खोजेंगे अपराधियों और मादक पदार्थों का सुराग

## डॉग स्क्वॉड को 10 महीने का कठिन प्रशिक्षण हुआ शुरू, 10 साल तक करेंगे प्रदेश की सेवा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की सुरक्षा के नजरिए से बेहद अहम डॉग स्क्वॉड में शामिल होने के लिए 52 नन्हे श्वान हैदराबाद से भोपाल आ गए हैं। एक से तीन माह की उम्र वाले इन श्वानों को अब उनके हैंडलर्स को सौंप दिया गया है। इन्हें सबसे पहले हल्की-फुल्की कसरत कराने के साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इसके बाद 9 महीने की कड़ी ट्रेनिंग का दौर शुरू होगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इन डॉग्स को उनके हैंडलर्स के साथ ही प्रदेश के अलग-अलग जिलों और यूनिटों में तैनात किया जाएगा। इन नन्हें श्वानों का खास ख्याल रखते हुए इन्हें तेज गर्मी के दौर में 23वीं बटालियन के डॉग ट्रेनिंग स्कूल में बने नए कैनाल में रखा गया है, जो सेंट्रली एयरकूल्ड है। इन सभी 52 पप्स को मौसम के हिसाब से ढाला जा रहा है और इस दौरान खानपान का भी खास ध्यान रखा जा रहा है। इस बार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर डॉग स्क्वॉड के लिए विदेशी ब्रीड के ही 52 पप्स खरीदे गए हैं। इनमें 14 जर्मन शेफर्ड, 8 डाबरमैन, 8 बेल्जियन मेलोनॉइस और 22 लेब्राडोर शामिल हैं। इन सभी को अगले 9 महीनों तक चरणबद्ध तरीके से अपराधियों और मादक पदार्थों की पहचान, सीक एंड फाइंड, सेंट आइडेंटिफिकेशन, ट्रैक ऑन लीड, ग्राउंड, बिल्डिंग एंड व्हीकल सर्च, ह्यूमन बॉडी एंड लगेज आइडेंटिफिकेशन, एक्सप्लोसिव डिटेक्शन, रिफ्यूजिंग ऑफ फूड के साथ परेड स्टेप्स और कई हैरतअंगेज करतब भी सिखाए जाएंगे। किसी भी डॉग को काम पर भेजने से पहले चार चरणों में ट्रेनिंग दी जाती है। पहले फेज में एक महीने का वक्त डॉग्स अपने हैंडलर के साथ घुलने-मिलने में लगाते हैं। इसके बाद अगले तीन महीने में इन्हें ऑर्डर और कमांड लेने और उसका पालन करने की ट्रेनिंग दी जाती है। तीसरे चरण में इन्हें 4 महीने तक किसी भी गंध की पहचान और उसकी खोज का प्रशिक्षण दिया जाता है और उसके बाद चौथे चरण में एक माह का रिफ्रेशर कोर्स होता है। इन सभी स्टेज पर सफल रहने वाले डॉग्स को ही फील्ड पर तैनात किया जाता है और विफल रहने वाले डॉग को रिजेक्ट कर ट्रेनिंग स्कूल में ही बने डॉग शेल्टर में रख दिया जाता है।



### मेन्यू में स्टार्टर और कीमा

पुलिस डॉग स्कूल में इन नन्हें श्वानों का पहले दिन से ही खास ख्याल रखा जा रहा है। एक से तीन माह की उम्र वाले इन पप्स के लिए डेली डाइट वहां पदस्थ वेटरनरी डॉक्टर्स तय करते हैं। फिलहाल इन्हें स्टार्टर के रूप में पपी फूड और पैक्ड फूड दिया जा रहा है। इसके अलावा इन्हें कीमा भी परोसा जा रहा है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ इनका मेन्यू और रूटीन बदला जाएगा। आने वाले समय में इन डॉग्स को दिन में आठ से दस घंटे तक रोजाना अलग-अलग विधाओं और करतबों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ट्रेनिंग में सफल रहने पर इन्हें 10 साल के लिए फील्ड में भेजा जाएगा। इसके बाद इन्हें रिटायर कर दिया जाएगा। हालांकि इन डॉग्स के कामकाज को देखते हुए इन्हें छह माह का सर्विस एक्सटेंशन भी दिया जा सकता है।

### डॉग स्कूल ने जीते मेडल

23वीं बटालियन के डॉग ट्रेनिंग स्कूल ने दस साल बाद एमपी पुलिस को राष्ट्रीय स्तर पर दो पदक दिलाए हैं। यहां से ट्रेनिंग हासिल करने वाली जीआरपी की डॉग चिंकी ने भोपाल में आयोजित 66वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में गोल्ड मेडल के साथ बेस्ट ऑफ चैंपियनशिप ट्रॉफी हासिल की है, जबकि इसी स्कूल से ट्रेंड हुई डॉग काया ने रांची में आयोजित हुई 68वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में बेस्ट डॉग का पदक जीतते हुए बेस्ट चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की है।




### स्निफर और ट्रेकर डॉग्स में अंतर

आम तौर पर लेब्राडोर और जर्मन शेफर्ड को स्निफर की ट्रेनिंग दी जाती है। उनकी सूंघने की असाधारण क्षमता के कारण वे आसानी से नशीले पदार्थों और विस्फोटकों जैसे अवैध पदार्थों को खोज लेते हैं। इन डॉग्स को ट्रेनिंग के दौरान यह सिखा दिया जाता है कि विस्फोटक या मादक पदार्थों की गंध मिलते ही वे अपने संकेत से हैंडलर को अलर्ट कर देते हैं। स्निफर डॉग्स खोज के अलावा बचाव कार्यों में लापता व्यक्तियों को खोजने में भी माहिर होते हैं। इसके अलावा डाबरमैन जैसी नस्ल को ट्रेकर की ट्रेनिंग दी जाती है। ये किसी गंध की खोज में दूर तक जाकर छिपाया हुआ सामान खोजने के साथ अपराधी के आने-जाने का रास्ता बता देते हैं। ये डॉग्स बेहद फुर्तीले और आक्रामक होते हैं इसलिए किसी आरोपी पर हमला कर उसे घायल कर सकते हैं। बेल्जियन मेनोलॉइस की ब्रीड ट्रेकिंग और स्निफर दोनों कामों में पारंगत मानी जाती है इसलिए इस नस्ल के डॉग्स को स्निफर और ट्रेकर दोनों तरह का प्रशिक्षण दिया जाता है।

# पीएम मित्र पार्क से किसानों को मिलेगा लाभ: मुख्यमंत्री

## श्रमिकों के खाते में 600 करोड़ अंतरित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान), और नारी सशक्तिकरण के लिए 4 मिशन लॉन्च किए हैं। हितग्राहियों को कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री बुधवार को धार के उमरबन में आयोजित सामूहिक विवाह एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा युवाओं को रोजगार, लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता, गरीब जरूरतमंदों के निशुल्क उपचार की व्यवस्था है। जनजातीय क्षेत्रों सहित प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं का जाल बिछाया है। मुख्यमंत्री बुधवार को धार के उमरबन में आयोजित सामूहिक विवाह एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचाकर प्रदेश के सिंचित रकबे को 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 लाख हेक्टेयर करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके लिए केन-बेतवा लिंक और पार्वती-चंबल-कालीसिंध लिंक परियोजनाओं की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि धार को पीएम मित्र पार्क की सौगात केन्द्र से मिली है। यहां 2100 करोड़ से औद्योगिक पार्क आकार लेगा और लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। धार अंचल के किसान कपास की खेती करेंगे तो उन्हें भी अधिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विवाह में गैर-जरूरी खर्च से बचा जाए और यह राशि परिवार और बच्चों की पढ़ाई जैसे जरूरी कार्यों पर खर्च किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बहनों का भाई गरीब से गरीब की बेटी का विवाह कराएगा। मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में प्रदेश के 27 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संबल योजना से जुड़ने वाले सभी परिवारों को मुश्किल समय में सहायता प्रदान करती है। पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड योजना का भी लाभ मिल रहा है। हितग्राहियों का 5 लाख रुपए तक का इलाज फ्री है। हमारी सरकार ने सभी आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निश्शुल्क एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में संकट या कोई कष्ट आएगा तो सरकार हर संभव सहायता करेगी।



### मतपत्र लूटने और एसडीएम से मारपीट का मामला

# 22 साल पुराने मामले में 2 पूर्व विधायकों समेत 6 को सजा

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में मत पत्र लूटने और एसडीएम से मारपीट के 22 साल पुराने मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दो पूर्व विधायकों सहित 6 लोगों को सजा सुनाई है। पूर्व विधायक संजय जायसवाल और आदित्य विक्रम सिंह भी मामले में दोषी ठहराए गए हैं। इन्हें कोर्ट ने तीन-तीन साल की सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया। बस्ती की एमपी-एमएलए कोर्ट ने भाजपा के पूर्व विधायक संजय जायसवाल और आदित्य विक्रम सिंह के अलावा त्रयंबक पाठक, महेश सिंह और इरफान को जेल भेजा है। अभियोजक के मुताबिक, 2003 के विधान परिषद चुनाव की मतगणना 3 दिसंबर 2003 को तहसील भवन में हो रही थी। तभी शाम 5.45 बजे एमएलसी प्रत्याशी रहीं कंचना सिंह अपने पति आदित्य विक्रम सिंह, बस्ती के पूर्व विधायक संजय जायसवाल, डुमरियागंज के पूर्व विधायक कमाल यूसुफ के बेटे मोहम्मद इरफान सहित 30-40 समर्थकों को लेकर पहुंची और विवाद करने लगीं। क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश सिंह और एआरओ से बदसलूकी के बाद यह लोग 50 मतपत्र उठा ले गए थे।

### 4500-4500 रुपए जुर्माना

विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट प्रमोद कुमार गिरि ने सभी लोगों के खिलाफ लोवर कोर्ट में पारित तीन साल के कारावास और अर्थदंड की सजा को बरकरार रखते हुए जेल भेज दिया। आरोपियों को 3-3 साल की सजा के अलावा 4500-4500 रुपए जुर्माना भी चुकाना होगा। जुर्माना न देने पर 2 माह 10 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

# बदमाशों ने फायनेंस कंपनी के जोनल हेड पर रॉड से किया हमला

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने फायनेंस कंपनी के जोनल हेड पर रॉड से हमला कर दिया। आरोपियों ने बाइक से उन्हें ओवरटैक करते हुए रोका था फिर कार में तोड़फोड़ करते हुए उन पर हमला कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जोनल हेड से पूछताछ करनी चाही तो उन्होंने एक दिन का समय मांगा है। पुलिस के अनुसार स्प्रिंग वैली कटारा हिल्स निवासी 28 साल के आशीष श्रीवास्तव फायनेंस कंपनी में रिकवरी शाखा में जोनल हेड हैं। बुधवार सुबह करीब 10 बजे वह अपनी कार से एमपी नगर जोन क्रमांक-2 स्थित ऑफिस जाने के लिए निकले। अमलताश चौराहा से अस्सी फीट रोड होते हुए उन्हें एमपी नगर जाना था। लिहाजा अमलताश चौराहा से करीब पांच सौ मीटर वे आगे पहुंचे ही थे कि पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने कार के सामने बाइक अड़ा दी। आशीष कुछ समझ पाते इससे पहले ही आरोपियों ने रॉड से कार में तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान आरोपियों ने आशीष पर भी हमला किया था। हमले में आशीष को आंख के पास, माथे पर और सिर में चोट हैं। पुलिस अस्पताल की सूचना पर पहुंची और आशीष से बातचीत की। इस दौरान आशीष ने बताया कि हमलावरों को वह नहीं जानता है।

# एनएलआईयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 11 मई को, होगी निगेटिव मार्किंग

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय (एनएलआईयू) में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम मास्टर ऑफ सायबर लॉ एंड इंफार्मेशन सिक्योरिटी (एमसीएलआईएस) में एडमिशन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि चार मई कर दी गई। आवेदन करने की अंतिम तिथि पूर्व में तीस अप्रैल रखी गई थी। पर्याप्त संख्या में आवेदन नहीं मिमलने के कारण अंतिम तिथि में चार दिन की बढ़ोतरी की गई है। उक्त अंतिम तिथि पीएचडी के आवेदन भी जमा किए जाएंगे। एनएलआईयू प्रवेश परीक्षा 11 मई को लेगा। एमसीएलआईएस के माध्यम से छात्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग की भी समझ विकसित की जाएगी। छात्रों को सायबर सिक्योरिटी और लॉ का आपस में किस तरह से सबंध है इसके तकनीकी पहलू भी बताए जाएंगे। इससे वे इस क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान कर सकें। मास्टर ऑफ साइबर लॉ एंड इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी (प्रोग्राम में बैच 2025-27 के लिए कुल 66 भारतीय छात्रों और पांच विदेशी छात्रों का प्रवेश होगा। इस कोर्स में एडमिशन के लिए अभ्यर्थी को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त करनी चाहिए। जिसमें कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड हो।

**पूछे जाएंगे 150 प्रश्न :** उक्त कोर्स में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश परीक्षा 150 नंबर की होगी। यह ऑल इंडिया लेवल पर आयोजित की जाएगी। प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा। इसमें कुल 150 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी। प्रवेश परीक्षा 11 मई है। परीक्षा भोपाल, बैंगलूरू, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई में होगी।

### अधिसूचना जारी: हाईब्रिड वाहन को नहीं मिलेगी रियायत

# एमपी में सीएनजी वाहनों को भी दी जाएगी टैक्स में छूट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने राज्य में ई-व्हीकल पॉलिसी के तहत बैटरी वाले वाहनों को कर में छूट देने के बाद, अब सीएनजी वाहनों को भी टैक्स में रियायत देने का निर्णय लिया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार अब एमपी में पंजीकृत होने वाले फैक्ट्री-फिटेड सीएनजी किट वाले सभी नए वाहनों पर लगने वाले लाइफटाइम टैक्स में 1 प्रतिशत की छूट देगी। यह रियायत केवल उन्हीं वाहनों को मिलेगी जिनका पंजीकरण सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) पॉलिसी 2025 के लागू होने की तारीख से एक साल के भीतर मध्यप्रदेश में होगा। राज्य सरकार ने अधिसूचना में साफ कर दिया है कि यह छूट हाइब्रिड वाहनों पर लागू नहीं होगी, भले ही उनमें सीएनजी ईंधन का विकल्प हो।



### छूट के बाद सीएनजी वाहनों के लिए लागू नई दरें

- 10 लाख तक की बाइक, 13 लोगों की क्षमता वाले वाहन - कीमत का 7 प्रतिशत
- 10 से 20 लाख तक की बाइक, 13 लोगों की क्षमता वाले वाहन - कीमत का 9 प्रतिशत
- 20 लाख से अधिक की बाइक, 13 लोगों की क्षमता वाले वाहन - कीमत का 13 प्रतिशत
- 7500 किलो क्षमता वाले लोडिंग वाहन - कीमत का 7 प्रतिशत
- 7500 किलो से अधिक क्षमता वाले लोडिंग वाहन - कीमत का 4 प्रतिशत
- अन्य सभी नए मोटर वाहन - कीमत का 9 प्रतिशत

**अनदेखी** | कई कॉलेजों में निभा रहे प्राचार्य का दायित्व, अतिथि विद्वानों को आखिर कब मिलेगा सम्मान

# अतिथि विद्वानों के भरोसे प्रदेश के कई यूजी-पीजी कॉलेज

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के 573 सरकारी कॉलेजों की स्थिति काफी चिंताजनक है। शासन-प्रशासन लगातार दावे कर रहा है कि सब कुछ आल इज वेल है, लेकिन है ठीक इससे उलट। जहां एक तरफ नियमित प्राचार्य नहीं हैं वहीं दूसरी तरफ प्रभारी प्रचार्यों के भरोसे सरकारी कालेज संचालित हो रहे हैं। राज्य में मुट्ठीभर प्राचार्य ही कालेजों की बागडोर संभाले हुए हैं। कई कॉलेजों में अतिथि विद्वान प्रभारी प्राचार्य का दायित्व निभा रहें हैं, तो वहीं सैकड़ों कॉलेजों में जब नियमित प्राचार्य छुट्टियों पर जाते हैं तब अतिथि विद्वान ही प्राचार्य के चार्ज में रहते हैं और कालेज को संचालित करते हैं, लेकिन उन्हीं विद्वानों का भविष्य सुरक्षित नहीं। शासन प्रोफेसरों को पदोन्नति देकर प्राचार्य और डिग्री प्राचार्य बनाने को तैयार नहीं है। एक बार तो शासन ने प्राचार्य की नियुक्ति के लिए एमपीपीएससी में पत्र तक भेज दिया था, लेकिन यह भर्ती प्रक्रिया भी रोक दी गई। आलम यह है कि कालेजों में प्रोफेसर के स्थान पर अतिथि विद्वानों को चालू कार्य के लिए प्रभारी प्राचार्य का दायित्व दिया जा रहा है। इससे शासन की चौतरफ किरकिरी रही है।



**फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| प्रोफेसर के पद | 13,281 |
| कार्यरत | 6,263 |
| रिक्त पद | 7,100 |
| अतिथि विद्वान | 4,800 |

### प्राचार्य, परीक्षा अधीक्षक तक की मिली जिम्मेदारी

अतिथि विद्वान प्रभारी प्राचार्य के साथ परीक्षा अधीक्षक, नैक, रूसा, प्रवेश प्रभारी सहित अन्य खास पदों पर चार्ज में बने रहते हैं और बखूबी निभाते भी हैं। बता दें कि डॉ नीरज मिश्रा बडेरा कालेज सतना, डॉ अश्वनी पांडेय ताला कालेज सतना, डॉ प्रीती पांचोली भानपुरा कालेज मंदसौर, डॉ संजय रजक अमदरा कालेज सतना, डॉ भरत सिंह रैकवार नशरुल्लागंज कालेज सिहोर, डॉ ममता तिवारी बसई कालेज, डॉ पवन गुप्ता बजाग कालेज डिंडोरी, डॉ विजेंद्र श्रीवास्तव रवती कालेज, डॉ माया परास राजनगर कालेज अनूपपुर, डॉ अब्दुल इशाक आलमपुर कालेज भिंड, डॉ सनत तिवारी सरई कालेज सिंगरौली, डॉ अग्नेश त्रिपाठी हनुमना कालेज मऊगंज, डॉ जेपी जिझोतिया सिहोरा कालेज नरसिंसिंहपुर सहित कई कॉलेजों में अतिथि विद्वान जिम्मेदार पदों में हैं। डॉ महेश तिवारी मॉडल कॉलेज खंडवा में समय समय पर प्राचार्य की जिम्मेदारी संभालते हैं।

### अतिथि विद्वानों को मुख्यधारा में जोड़ने से निकलेगा हल

नई शिक्षा नीति में वर्कलोड तो काफी बढ़ा है और जिम्मेदारी उठाने समझने वाले जिम्मेदारों कि संख्या में भी कमी आई है। अतिथि विद्वान कालेज का हर काम करते ही हैं। नेट, सेट और पीएचडी भी हैं और अनुभवी भी है। अगर सरकार विद्वानों को मुख्यधारा में जोड़ती है, तो काफी समस्या हल हो सकती है। पीएचडी गाइड, को-गाइड, प्रोजेक्ट में अतिथि विद्वानों के अनुभव योग्यता का लाभ लिया जा सकता है। वैसे भी हर विश्वविद्यालय में गाइड की काफी कमी है, जिससे शोध में काफी दिक्कतें आ रही हैं।

जब तक साशन अतिथि विद्वानों को मुख्यधारा में नहीं शामिल करती तब तक नई शिक्षा नीति को सफल होने में संदेह है। प्रवेश, परीक्षा, प्रबंधन, अध्यापन, मूल्यांकन, नैक, रूसा, प्राचार्य का दायित्व सहित समस्त कार्य अतिथि विद्वान करते हैं, लेकिन भविष्य सुरक्षित नहीं। शासन प्रशासन को स्थाई समायोजन करना चाहिए विद्वानों का।

■ **डॉ आशीष पाण्डेय**, मीडिया प्रभारी, अतिथि विद्वान महासंघ

अपना सम्पूर्ण जीवन उच्च शिक्षा विभाग को सजाने संवारने में लगा दिए और मिला क्या वहीं मजदूरी दिहाड़ी औऱ शोषणकारी अतिथि नाम। अतिथि विद्वानों के हित में जब भी बात आती है तो बीच में कोई ना कोई गुमराह करने लगते है सरकार को। मेरा विनम्र निवेदन है मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री एवं शीर्ष अधिकारीयों से कि हरियाणा सरकार के तर्ज पर ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अधेड हो चुके अतिथि विद्वानों का भविष्य सुरक्षित करें।

■ **डॉ देवराज सिंह**, प्रदेश अध्यक्ष, अतिथि विद्वान महासंघ

नियमित प्रोफेसरों के अभाव में अतिथि विद्वान को कालेज का प्रभारी बनाया गया होगा। स्थानांतरण पालिसी में सभी नियमित प्रोफेसर भेजकर प्रभारी प्राचार्य पदस्थ किए जाएंगे।

■ **अनुपम राजन**, एसीएस, उच्च शिक्षा विभाग

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2025 के आयोजन के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक




**जागरण डिंडोरी।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिले में एक माह का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है, इसी के अंर्तगत आज गुरूवार को कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पंचायत सीईओ श्री अनिल कुमार, एसडीएम एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री भारती मेरावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री डॉ. अमित वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रतिसिंह, जिला चिकित्सालय अधिकारी डॉ. रमेश सिंह मरावी, डीपीसी श्री रावेन्द्र मिश्रा, खेल और युवा कल्याण अधिकारी मो. अहमद खान, सीएमओ नगर परिषद श्री अमित तिवारी, प्रशिक्षक, समन्वयक, व्यायाम शिक्षक, संघो के अध्यक्ष सचिव सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी को दो वर्ग में रखा गया है, जिसमें 8 वर्ष से14 और 14-18 वर्ष के बालक बालिका संबंधित चयनित खेल में भाग ले सकेंगे। उक्त प्रशिक्षण शिविर 5 मई से 5 जून 2025 तक सुबह 06 बजे से 08 बजे एवं शाम 04.30 से 06.30 बजे तक संचालित रहेगा। जिसमें कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, एथलेटिक्स, हॉकी, मार्शल आर्ट, डांस, बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, आर्ट, तिरंदाजी (अर्चरी), कुश्ती, ऐरोविक, एडवेंचर जैसी अन्य गतिविधियां अलग-अलग स्थानों पर प्रशिक्षक, समन्वयक, खेल शिक्षक, संबंधित विषय के विशेषज्ञों के द्वारा बच्चों को बारीकी के साथ सिखाया जाएगा। प्रशिक्षक हेतु खेल सामग्री खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने प्रशिक्षण स्थल पर प्राथमिक उपचार हेतु फॉस्र्डेट बॉक्स एवं खिलाडियों के लिए पेयजल संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। समस्त प्रशिक्षण केन्द्रों में खेल का प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों का सफल आयोजन के लिए ऑनलाइन लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन किया जाना है। जिले के समस्त अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने बच्चों को समर कैम्प में भेजने का प्रयास करें, जिससे उनका शारीरिक, मानसिक रूप से विकास होगा।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने डीपीसी श्री रावेन्द्र मिश्रा को लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा निर्धारित समर कैंप गतिविधियों को जिला मुख्यालय के साथ-साथ विकासखंड स्तर पर शैक्षणिक गतिविधियों ड्रॉइंग आर्ट, पेंटिंग, क्राफ्ट, स्टोरी किलिंग, वाद-विवाद, मॉडलिंग, जुम्बा आर्ट, कविता लेखन आदि गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। खेल युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय में चार खेल एवं विकासखंड स्तर पर दो-दो खेल आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें संबंधित खेल के प्रशिक्षक के द्वारा एक माह सुबह शाम निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्र पर देंगे। जनसंपर्क विभाग को प्रसार-प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में क्रिकेट के अध्यक्ष श्री राकेश सिहारे, कराते संघ के सचिव श्री एस के नागवंशी, श्री चेतराम अहिरवार, सुश्री आरती सोंधिया, श्रीमती सुनीता परस्ते, श्रीमती लक्ष्मी बनावल, श्रीमती संतोषी यादव, श्रीमती उषा मानिकपुरी, श्री सुखना सिंह पन्द्राम, श्री कैलाश रजक, श्री नारायण सिंह मरावी, श्री रोशन बाबू, श्री अरूण चौबे, श्री आर के सोनी, ब्रजभूषण बघेल, एवं समस्त बीईओ, बीआरसी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सांसद एवं कलेक्टर ने लिया आदि उत्सव कार्यक्रम स्थल में तैयारियों का जायजा



**जागरण मंडला।** सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने रामनगर में आगामी 4 एवं 5 मई 2025 को होने वाले आदि उत्सव के कार्यक्रम स्थल पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि हेलीपेड, ग्रीनरूम, कार्यक्रम स्थल के पास तक सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने कार्यक्रम के लिए तैयार किए जा रहे स्टॉल, मंच, ग्रीनरूम, भोजन व्यवस्था आदि के विषय में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल के मैप के माध्यम से सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते को उत्सव की तैयारियों के विषय में अवगत कराया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर पक्ष एवं वधु पक्ष के लिए पृथक-पृथक रूकने की व्यवस्था कराएं। कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, आमजन की बैठक व्यवस्था, मंच, मंच के मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम, भोजन, पेयजल, मेडीकल टीम, एम्बूलेंस, बेरीकेटिंग, साउंड सर्विस, हितलाभ वितरण, जोड़ों के विवाह कार्यक्रम आदि की तैयारियों को अंतिम रूप दें। कलेक्टर ने बताया कि आदि उत्सव के प्रथम दिन 4 मई को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आगमन तथा 5 मई को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। दोनों ही दिनों के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करें। उन्होंने हैल्थकैम्प, दिव्यांग शिविर, विभागों के स्टॉल, फूड स्टॉल आदि के लिए लगाए जा रहे टेंट एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। स्थल निरीक्षण के दौरान सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने ध्वजपूजा स्थल, नर्मदा पूजा स्थल, मनोकामना मंदिर तथा ऐतिहासिक रामनगर किले का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे, ईईआरईएस, ईईपीडब्ल्यूडी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री रोहित बड़कुल, जिला परिवहन अधिकारी श्री विमलेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, सीईओ जनपद पंचायत बिछिया श्री रमेश मंडावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

# वन अधिकार के पट्टे पात्र हितग्राहियों को देने मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

**जागरण डिंडोरी।** गुरूवार को कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में अनुविभागीय अधिकारी के अंतर्गत आने वाले विकासखंड समनापुर, अमरपुर एवं डिंडौरी के जनपद सीईओ और रेंजर्स, पटवारी, सचिव, मोबेलाइजर, को वन अधिकार के पट्टे बांटने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। और कैसे ग्राम पंचायत ,राजस्व और वन कर्मियों को फील्ड में भेजकर पात्र हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया बताई। उक्त प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर श्री अक्षय, एसडीओ वन विभाग श्री सुरेन्द्र जाटव, तहसीलदार श्री शशांक शेण्डे सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने अधिकारियों को बताया कि ग्राम पंचायत या ग्राम सभा में जागरूकता के अभाव में वन अधिकार के पात्र हितग्राही कितनी जमीन पर काबिज है इसकी जानकारी नहीं दे पा रहे है। इसलिए ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी और बीट गार्ड आज 01 मई को प्रशिक्षण दिया गया। 3 मई से 10 मई तक वन ग्रामों में जाकर पात्र वन अधिकार धारक कितनी जमीन पर काबिज है या उसे जमीन लीज पर मिली है।उसका नक्शा और सीमा सत्यापित करेंगे। एसडीएम ने बताया कि ग्राम स्तरीय समिति, ग्राम पंचायत या फिर ग्राम सभा वन भूमि पर काबिज हितग्राहियों का चयन करेगी। इस काम में पटवारी और बीट गार्ड उनका सहयोग करेंगे। संकल्प पारित होने के बाद आवेदन ग्राम सभा में जाएगा, प्रस्ताव में पटवारी और बीट गार्ड अपना अभिमत उसी प्रपत्र में देंगे। इसके बाद ग्राम पंचायत अपना प्रस्ताव उपखंड स्तरीय समिति के पास भेजेगी। समिति में सीईओ , एसडीओ और एसडीएम के साथ तीन अशासकीय सदस्य होंगे। समिति आवेदनों की जांच करेंगे और दस्तावेज में कमी पाए जाने पर फिर ग्राम सभा को भेजेंगे। ग्राम सभा या तो दस्तावेज कंप्लीट कर वापस भेजेगी या फिर निरस्त करेगी। इसके बाद उपखंड स्तरीय समिति से सीधे जिला स्तरीय समिति के पास आवेदन आयेंगे। जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर, डी एफ ओ और सहायक आयुक्त के साथ तीन अशासकीय सदस्य होंगे ,जो आवेदनों की जांच करेंगे। यह पूरी प्रक्रिया डेढ़ महीने में पूरी करनी है।ताकि पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार के पट्टे वितरित किए जा सके।

# शहडोल जिला इकाई द्वारा कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन



**जागरण शहडोल।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ शहडोल जिला इकाई द्वारा प्रांताध्यक्ष साथी शलभ भदौरिया के मार्गदर्शन में एवं जिला अध्यक्ष साथी गजेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को 21 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया । शहडोल स्थानीय सर्किट हाउस से रैली निकाला कर जय घोष, और नारेबाजी के साथ पत्रकारसाथी कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे जहां सोनसभागार में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम कलेक्टर शहडोल को ज्ञापन वाचन कर सौंपा गया।इस अवसर पर प्रदेश संगठन प्रभारी साथी मो.अली,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साथी दिनेश अग्रवाल,सम्भागीय उपाध्यक्ष साथी अखिलेश पाण्डे, सम्भागीय महासचिव साथी कृष्णा तिवारी,जिला अध्यक्ष शहडोल जिला इकाई गजेंद्र सिंह परिहार, महासचिव शहडोल जिला इकाई अनुराग त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह, जिला उपाध्यक्ष राहुल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सिद्धीक अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अनिल पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष गोहपारू सुमित सिंह चंदेल,ब्लॉक अध्यक्ष जयसिंहनगर राकेश गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष ब्यौहारी अशोक तिवारी, धनपुरी नगर अध्यक्ष शकील खान, शहडोल नगर अध्यक्ष निशांत सिंह, साथी दिलीप सिंह मरावी, राजेंद्र शर्मा, साथी इस्लाम खान, साथी कोमल प्रसाद कुशवाहा, आईटी सेल संयोजक रिजवान खान, साथी कृष्णा मिश्रा, साथी अशोक तिवारी सचिव शहडोल, साथी समीर खान सोहागपुर, कोषाध्यक्ष शहडोल जिला इकाई विश्वास हलवाई,सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

## प्रसिद्ध चौगान मढ़िया पहुँचे कलेक्टर

**जागरण मंडला।** रामनगर में आयोजित किए जा रहे आदि उत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा प्रसिद्ध चौगान मढ़िया पहुँचे। उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि ऐतिहासिक मढ़िया हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल के मध्य स्थित है इसलिए अतिथियों का मढ़िया दर्शन के लिए आना संभावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए मढ़िया के आसपास साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे, ईईआरईएस, ईईपीडब्ल्यूडी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री रोहित बड़कुल, जिला परिवहन अधिकारी श्री विमलेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, सीईओ जनपद पंचायत बिछिया श्री रमेश मंडावी सहित संबंधित उपस्थित थे।



# सरस्वती ज्ञान मंदिर में पौधा किया गया रोपित

**जागरण ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत दिनांक 30 अप्रैल 2025 को शिशु ज्ञान मंदिर वार्ड क्रमांक11 ब्यौहारी बहादुरगंज के विद्यालय प्रांगण में कदम और शीशम के पौधे रोपित किये गये । इसमें विद्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री देशराज सिंह एवं समाजसेवी डॉअशोक तिवारी पत्रकार साथ में शिवानी सिंह प्रभारी प्राचार्य एवं पूनम बर्मन , एवं जन अभियान परिषद के मेंटर हीरालाल साहू की उपस्थिति रही।

# आदि उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दें : कलेक्टर



## जिला योजना भवन में बैठक आयोजित

**जागरण मंडला।** जिला योजना भवन में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने आगामी 4 एवं 5 मई को होने वाले आदि उत्सव के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि आदि उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दें। सभी तैयारियाँ समय से पूर्व कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है, इसके लिए टिकरवारा के कार्यक्रम की तरह ही तैयारियाँ कराएं। 5 मई को आदि उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसके लिए सुबह से ही सामग्री वितरण, दुल्हन की तैयारी के साथ-साथ सभी जोड़ों को 10 बजे तक विवाह स्थल में पहुँचाने की तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि दोनों दिन अति विशिष्ट अतिथियों का आना प्रस्तावित है, इसलिए हेलीपेड, ग्रीन रूम, सड़क मार्ग, पार्किंग, बेरीकेटिंग, मंचीय व्यवस्था, पेयजल, चलित शौचालय इत्यादि की व्यापक व्यवस्थाएं करें। उन्होंने सहायक संचालक आदिवासी विकास को निर्देशित किया कि दोनों दिन के कार्यक्रम की मिनिट-टू-मिनिट डिटेल बनाएं, जिससे कार्यक्रम का सिक्वेंस बना रहे। कार्यक्रम स्थल पर हेल्थकैम्प के साथ-साथ मेडीकल की टीमें भी तैयार रखें। हितलाभ वितरण के कार्यक्रम को अंतिम रूप दें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीओपी मंडला श्री पीयूष मिश्रा, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री रोहित बड़कुल सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया स्कूल ग्राउंड का निरीक्षण

**जागरण मंडला।** रामनगर भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने हायरसेकेंडरी स्कूल के ग्राऊँड का निरीक्षण किया। ग्राउंड में वैकल्पिक हेलीपेड बनाए जाने के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि चौगान के तीन हेलीपेड के साथ-साथ इसे वैकल्पिक हेलीपेड के तौर पर तैयार रखें। अतिथियों के आगमन पर हेलीकॉप्टर्स की अधिक संख्या होने पर इसका उपयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हेलीपेड की सफाई, तैयारी, बेरीकेटिंग, ग्राउंड से सटे स्कूल अथवा हॉस्टल में ग्रीन रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे, ईईआरईएस, ईईपीडब्ल्यूडी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री रोहित बड़कुल, जिला परिवहन अधिकारी श्री विमलेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, सीईओ जनपद पंचायत बिछिया श्री रमेश मंडावी सहित संबंधित उपस्थित थे।


**JAIPRAKASH POWER VENTURES LIMITED**

**Regd. Office :** Complex of Jaypee Nigrie Super Thermal Power Plant, Nigrie, Tehsil Sarai, District Singrauli - 486 669, (Madhya Pradesh)
**Corporate Office:** 'JA House' 63, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057 (India)
**Website:** www.jppowerventures.com **Email:** jpvl.investor@jalindia.co.in **CIN :** L40101MP1994PLC042920

**STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/YEAR ENDED 31st MARCH, 2025**

(Rs. in Lakhs Except Earning Per Share)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31.03.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations (net) | 136,634 | 125,635 | 186,353 | 570,630 | 715,100 | 136,667 | 125,663 | 186,363 | 570,755 | 715,129 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items) | 20,069 | 19,232 | 85,055 | 121,456 | 171,028 | 20,092 | 19,251 | 85,058 | 121,561 | 171,032 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items) | 20,069 | 19,232 | 21,222 | 121,456 | 91,323 | 20,092 | 19,251 | 54,817 | 121,561 | 124,919 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period (after tax and exceptional items) | 15,549 | 12,465 | 25,284 | 81,073 | 68,610 | 15,567 | 12,668 | 58,879 | 81,355 | 102,195 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 15,540 | 12,469 | 25,239 | 81,075 | 68,625 | 15,558 | 12,672 | 58,834 | 81,357 | 102,210 |
| 6 | Equity Share Capital | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 |
| 7 | Other Equity | | | | 161,978 | 80,903 | | | | 162,221 | 80,864 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (in Rs.) | | | | | | | | | | |
| | Basic : | 0.16 | 0.14 | 0.33 | 0.89 | 0.73 | 0.15 | 0.14 | 0.69 | 0.89 | 1.09 |
| | Diluted : | 0.16 | 0.14 | 0.33 | 0.89 | 0.73 | 0.15 | 0.14 | 0.69 | 0.89 | 1.09 |

**Note :** The above is an extract of the detailed statement of Quarter/Year ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full Quarter/Year ended Financial Results are available on the Stock Exchange websites i.e. **www.bseindia.com** & **www.nseindia.com** and also on the Company's website i.e. **www.jppowerventures.com.**

JAYPEE GROUP

For and on behalf of the Board
**MANOJ GAUR**
**Chairman**
**DIN 00008480**

Place : New Delhi
Dated : 01st May,2025

# अवैध शराब तस्करी पर दो आरोपियों को बाइक सहित पकड़ा



**जागरण, पन्ना ।** पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर संचालित सघन अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के करतल से मोटर साइकिल से अवैध रूप से 270 पाव मस्तीह और ग्रैंड मस्ती देशी शराब मसाला का अवैध परिवहन करते हुए दो आरोपियों को आबकारी विभाग की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त अजयगढ़ मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर दो व्यक्तियों को करतल से खोरा की तरफ शराब अवैध रूप से लेकर आने के दौरान पकड़ा गया। इस दौरान ग्राम कंजरपुरवा के पास करतल.खोरा मार्ग पर घेराबंदी की गई थी। आबकारी टीम द्वारा रोककर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना नाम नवल किशोर उर्फ कल्ला लोधए उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम गड़ौरपुर पुलिस चौकी खोरा थाना धरमपुर तहसील अजयगढ़ और विजय बहादुर सिंह उर्फ कल्लू उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम खोरा थाना धरमपुर तहसील अजयगढ़ होना बताया। बाइक पर बड़ी बोरी में रखे सामान के बारे में पूछने पर उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के करतल से लाई शराब होना बताया। विधिवत तलाशी लेने पर झाल में कागज के छह कार्टून में 270 पाव उत्तर प्रदेश में विक्रय हेतु निर्धारित मस्तीह और ग्रैंड मस्ती ब्रांड की देशी मदिरा मसाला शराब के टेट्रा पैकए जिसकी कुल मात्रा 54 बल्क लीटर कीमती 20ए250 रुपए हैए प्राप्त हुई। आरोपियों से उक्त शराब के संबंध में कोई परमिट या लायसेंस भी नहीं मिला। इस पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34;2द्ध के अपराध में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बरामद शराब और मोटरसाईकिल को जप्त किया गया।

आबकारी टीम द्वारा जानकारी दी गई कि संभवतः अक्षय तृतीया पर्व पर अधिक संख्या में होने वाले वैवाहिक कार्यक्रमों का आरोपियों द्वारा लाभ उठाने का प्रयास किया जा रहा था। यह विवाह के लिए अबूझ मुहूर्त होने के कारण इस दिन बिना मुहूर्त देखे भी लोग विवाह तय कर लेते हैं। प्रायः अक्षय तृतीया पर सभी गांव में वैवाहिक कार्यक्रम होता है। इससे गांवों में शराब की खपत भी बढ़ जाती है। इसी का लाभ उठाने दोनों आरोपी यूपी से सस्ती शराब लेकर अपने गांव में खपत करने की फिराक में थेए लेकिन आबकारी के मुखबिर तंत्र की सक्रियता के कारण पकड़े गए। इस कार्रवाई में आबकारी महिला आरक्षक स्मिता ठाकुरए आबकारी आरक्षक सोनू कोरकूए नगर सैनिक वीरेंद्र यादवए मोतीलाल प्रजापतिए फोटोलाल प्रजापतिए महिला नगर सैनिक कौशल्या बाई और सुशांत सिंह भी शामिल रहे। आबकारी विभाग द्वारा लगातार इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

# देवी प्रसाद ने गन्ना ज्यूस मशीन स्थापित कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया कदम



**पन्ना ।** पन्ना जिले के जनकपुर निवासी मूलतः सब्जियों का उत्पादन और विक्रय करने वाले देवी प्रसाद कुशवाहा ने अब गन्ना जूस मशीन लगाकर आत्मनिर्भरता की ओर अपना कदम बढ़ाया है। पहाड़ीखेरा रोड पर जनकपुर में मुख्यमार्ग के किनारे सब्जी एवं किराना दुकान के माध्यम से कई वर्ष से परिवार का भरण पोषण करने वाले देवी प्रसाद ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के सहयोग से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का लाभ प्राप्त कर हैदराबाद से गन्ना जूस की मशीन क्रय की और कुशवाहा जूस प्वाइंट के नाम से गन्ना जूस की दुकान खोली। देवी प्रसाद ने बताया कि विभाग से आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण भी मिला। देवी प्रसाद की गन्ना जूस दुकान से दैनिक रूप से बढ़िया आमदनी की शुरूआत होने से वे खुश हैं और कहते हैं कि दुकान में बेहतर स्वच्छता और साफसफाई से ग्राहकों का रूझान भी बढ़ा है। बिजली से संचालित इस मशीन में आसानी से गन्ना जूस प्राप्त हो जाता है और हाथ मशीन की अपेक्षा इस मशीन के उपयोग से काफी सहूलियत है। देवी प्रसाद कुशवाहा अपने खेत में सब्जी एवं अन्य फसलों के उत्पादन के साथ ही स्वयं आधा एकड़ जमीन पर गन्ने की पैदावार भी करते हैं। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी विभाग की पीएमएफएमई योजना वरदान साबित हुई है। 32 वर्षीय देवी प्रसाद कक्षा 8वीं तक शिक्षित हैं। पहले परंपरागत रूप से मुख्यतः सब्जी उत्पदान पर ही निर्भर थेए लेकिन अब विभाग एवं वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी संजीत बागरी से समय.समय पर मिली महत्वपूर्ण जानकारी और सहयोग से पन्ना में संभवतः प्रथम गन्ना जूस मशीन स्थापित हुई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत एक लाख 95 हजार रूपए की लागत से गन्ना मशीन क्रय पर निर्धारित अनुदान राशि का फायदा भी मिला है।

# राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, कांग्रेस विधायक सहित वरिष्ठ कांग्रेसी रहे मौजूद



**टीकमगढ़ ।** महामहिम राष्टपति से कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि म0प्र0 मे आदिवासी समाज के साथ घिनौने अपराध दिनो.दिन बढ़ते जा रहे है भारतीय जनता पार्टी की सरकार आदिवासियों की उपेक्षा कर रही है विगत दिनों म0प्र0 के बालाघाट जिले मे हट्टा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दुगलाई की मासूम नाबालिग आदिवासी बेटियों के साथ दिनांक 23.04.2025 को रात्रि लगभग 2 बजे दुष्कर्म किया गया साथ में बेरहमी कूटा गया गला घोटकर जान से मारने का प्रयास किया गया गरीब परिवारों के आदिवासियों के साथ प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसी भी प्रकार का कोई भी सहयोग एवं आदिवासियों के हित में कोई कदम नहीं उठा रही है। जिस कारण आज पूरे प्रदेश में आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रही है।जिसके चलते आज पूरे मध्य प्रदेश का आदिवासी समाज एक जुट होकर इन बेटियों के इन्साफकी गुहार करते हुये टीकमगढ़ जिले के आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिले की आदिवासी समाज के साथ महामहिम राष्ट्रपति महोदया से मांग की हैं कि इन बेटियों के साथ दुष्कर्म एवं बर्बता पूर्वक अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा एवं फांसी की सजा दिलाये जाने की मांग की है जिससे भवष्यि में आदिवासियों के परिवारों की बहन बेटियो महिलाओं के साथ इस प्रकार के अपराधों की पुनरावृत्ति नहीं हो सके और अपराधों पर लगाम लग सके। इस दौरान दिग्विजय विजय सिंह अम्मू राजाए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन साहू एवं आदिवासी कांग्रेस प्रकोष्ठ के लोग ज्ञापन देने में मौजूद रहे ।

# अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार योजना संचालित

**जागरण, पन्ना ।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉण् भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना संचालित की जा रही है। उक्त दोनों स्वरोजगार योजना के लिए आवेदक को जिले का मूल निवासी होने के साथ ही सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति एवं निवास प्रमाण पत्रए आधार राशन एवं पैन कार्डए समग्र आईडी व एक पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक है। इसके अलावा संबंधित व्यवसाय का कोटेशन तथा पूर्व में किसी संस्था का डिफाल्टर एवं वर्तमान में राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही नहीं होना चाहिए। संत रविदास स्वरोजगार योजना के लाभ के लिए न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण तथा 18 से 45 वर्ष आयु होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक के परिवार की वार्षिक आय भी 12 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए जबकि डॉण् भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना में आयकरदाता न होने की शर्त के साथ 18 से 55 वर्ष की आयु होना चाहिए। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी आरण्केण् सतनामी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025.26 में संत रविदास स्वरोजगार योजना में युवाओं को उद्योग विनिर्माण की परियोजना के लिए एक से 50 लाख रूपए तक का ऋण मिल सकेगा जबकि व्यवसाय व सेवा क्षेत्र की परियोजना के लिए एक से 25 लाख रूपए तक की ऋण राशि सीमा निर्धारित है। इसी तरह डॉण् भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए व्यवसाय सेवा व उद्योग विनिर्माण क्षेत्र की परियोजना के लिए 10 हजार रूपए से एक लाख रूपए तक की सहायता मिल सकेगी।

# दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण वितरण हेतु अनुमापन के लिए 3 से 9 मई तक लगेंगे शिविर

**जागरण, पन्ना ।** भारत सरकार की एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों और राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण का वितरण किया जाएगा। इस क्रम में अनुमापन के लिए शिविर लगाया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक अशोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि शिविरों में सहायक उत्पादन केन्द्र एलिम्को जबलपुर के तकनीकी दल द्वारा दिव्यांग और वृद्धजनों को आवश्यक सहायक उपकरणों के निःशुल्क प्रदाय के लिए संयुक्त रूप से अनुमापन किया जाएगा। शिविर में कृत्रिम अंग जैसे कैलिपर और कृत्रिम हाथ पैर इत्यादि लगाने के लिए अनुमापन नहीं होगा। इस संबंध में केवल सहायक उपकरणों की आवश्यकता वाले हितग्राहियों को शिविरों में पहुंचने के लिए सूचित किया गया है। 3 मई को जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण अजयगढ़ए 4 मई को जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण पन्नाए 5 मई को जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण गुनौर और ग्राम पंचायत भटनवाराए 6 मई को जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण पवईए 7 मई को तहसील कार्यालय प्रांगण सिमरियाए 8 मई को जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण शाहनगर तथा 9 मई को तहसील कार्यालय प्रांगण रैपुरा में शिविर लगाया जाएगा।

ये दस्तावेज आवश्यक : एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरणों हेतु 40 प्रतिशत अथवा अधिक का दिव्यांगता यूडीआईडी कार्ड और ई.ट्राईसिकिल के लिए 80 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता का प्रमाण पत्र यूडीआईडी आवश्यक है। इसके अलावा 22 हजार 500 रूपए या उससे कम की मासिक आय संबंधी प्रमाण पत्र अथवा बीपीएल राशन कार्ड तथा आधार कार्डए समग्र आईडीए पासपोर्ट साइज 2 फोटो और सक्रिय मोबाइल नंबर भी जरूरी है। इसी तरह राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठजनों के पास बीपीएल राशन कार्ड अथवा मनरेगा कार्डए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशनए राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन अथवा केन्द्र.राज्य सरकार की किसी अन्य पेंशन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी से संबंधित वरिष्ठ नागरिक पेंशनधारक होना जरूरी है। बीपीएल श्रेणी के अलावा अन्य वरिष्ठ नागरिकए जिनकी सभी स्त्रोतों से मासिक आय रूपए 15 हजार प्रतिमाह से कम हो या आय प्रमाण पत्र होए वे पात्र हैं। ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने गत 3 वर्ष में किसी भी अन्य स्त्रोतों से निःशुल्क उपकरण प्राप्त न किए हों। वे दिव्यांगजन ही सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते हैं। ई.ट्राईसिकिल एवं स्मार्टफोन के लिए यह अवधि 5 वर्ष निर्धारित है। शिविर में एलिम्को की टीम द्वारा परीक्षण कर पात्रता पर्ची प्रदान की जाएगी तथा आगामी दिवसों में सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में समस्त जनपद पंचायत सीईओ एवं सिमरिया व रैपुरा तहसीलदार को शिविर के प्रचार.प्रसार सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

# सेवानिवृत्त हुए उप पुलिस अधीक्षक एवं उप निरीक्षक को दी गई ससम्मान भावभीनी विदाई




**टीकमगढ़ ।** जिला पुलिस बल टीकमगढ़ में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडे एवं उप निरीक्षक प्रदीप तिवारी अपना सेवा काल पूर्ण कर सेवा निर्वत्त हो गए। पुलिस कंट्रोल रूम टीकमगढ़ में 30 अप्रैल को एक कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा शॉल श्रीफलए सर्टिफिकेटए पुलिस मोमेंटो भेंट कर इनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी बिदाई दी गई। इसी क्रम में रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय का स्थानातंरण टीकमगढ़ से भोपाल होने पर उन्हें सम्मानित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीयए रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहानए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्माए थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चन्द्रजीत यादवए मुख्य लिपिक किशन लाल कुशवाहाए सूबेदार उत्तम सिंह सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का पुलिस स्टाफएवं सेवा निर्वत्त पुलिस अधिकारियों के परिवारजन उपस्थित रहे। विधायक ने एसपी व नगरपालिका अध्यक्ष के साथ पुलिस लाइन में नवनिर्मित टीनशेड का लोकार्पण किया ।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जनकपुर में लगाया शिविर



**जागरण, पन्ना ।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा व्यवहार न्यायाधीश व प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर गुरूवार को गांधीग्रामए जनकपुर में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर नालसा ;असंगठित वर्ग के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएंद्ध योजना 2015 अंतर्गत उपस्थित श्रमिकों एवं महिलाओं को विधिक योजनाओं की जानकारी दी गई।

शिविर में प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि संविधान की नजर में समस्त व्यक्ति एक समान हैं एवं सभी को जीवन में आगे बढ़नेए विकास करने एवं एक गरिमामय जीवन जीने का अधिकार है। इस अधिकार का हनन कोई अन्य व्यक्ति नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि श्रमिकों को भी अपने जीवन को बेहतर बनाने एवं अपने परिवार के कल्याण हेतु अन्य व्यक्तियों के समान ही अधिकार प्राप्त हैं एवं यदि कोई व्यक्ति उनके किसी भी अधिकार का हनन करता हैए तो वो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर न्याय प्राप्त कर सकता है। उन्होंने उपस्थित श्रमिकों को अपने अधिकारों को जानने एवं अधिकारों का हनन होने पर जिला श्रम कार्यालय एवं प्राधिकरण कार्यालय में शिकायत कर न्याय प्राप्त करने की अपील की।

जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उपस्थित श्रमिक वर्ग को श्रमिकों के विभिन्न अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों का यह अधिकार है कि जहां भी वह कार्य करेए वहां मूलभूत सुविधाओं जैसे महिला एवं पुरुष श्रमिक हेतु पृथक टॉयलेट व्यवस्था होना चाहिए। श्रमिकों के कार्यस्थल में इतनी साफसफाई भी हो कि उन्हें कोई शारीरिक बीमारी होने का खतरा न रहे एवं ऊंचाई में काम करने वाले स्थानों में सुरक्षा जाली या अन्य सुरक्षात्मक उपकरण का होना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि श्रमिकों से जबरन कार्य नहीं लिया जा सकता एवं निश्चित कार्य अवधि के बाद कार्य लिए जाने की स्थिति में अतिरिक्त कार्य अवधि के लिए दोगुना पारिश्रमिक देने का प्रावधान है। इस दौरान बाल मजदूरी की रोकथाम के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही 14 वर्ष से कम आयु के बालकों के सभी तरह के कार्यों में नियोजन निषेध होने और नियमों के उल्लंघन पर क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक अथवा श्रम पदाधिकारी को शिकायत करने के बारे में अवगत कराया गया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई डीपीएमयू की बैठक

**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की डीपीएमयू की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरेए जिला परियोजना समन्वयक अजय गुप्ता सहित डाइट की एकेडमिक फेकल्टीए जिला शिक्षा केंद्र से समस्त सहायक परियोजना समन्वयकए सभी ब्लॉक के विकासखंड स्रोत समन्वयक और एफएलएन प्रभारी भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं सहित गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई तथा शासन के मंशानुरूप विद्यालय स्तर तक पुस्तकों का समय सीमा में परिवहन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आगामी एफएलएन एंड लाइन सर्वे के संदर्भ में सभी चयनित 55 शालाओं में विद्यार्थियों की शत.प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करानेए 16 जून से खुलने वाले विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पठन.पाठन पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा प्रत्येक माह होने वाली विकासखंड स्तरीय बैठक में शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय सभी कर्मचारियों की एक साथ सहभागिता सुनिश्चित कराने तथा अनेक स्तरों पर होने वाले निरीक्षणों को जिला स्तरीय कार्यालय से अनुमोदन करवाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

# राष्ट्रगीत के सामूहिक गान के साथ हुई शासकीय कार्य की शुरूआत

**पन्ना ।** कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर सुरेश कुमार की उपस्थिति में मई माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन के संगीतमय सामूहिक गान के साथ शासकीय कामकाज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# वैष्णव माता विधि महाविद्यालय के एलएलबी संकाय के छात्रों ने किया जिला न्यायालय का विजिट

**पन्ना ।** वैष्णव माता विधि महाविद्यालय पन्ना के एलएलबी तृतीय वर्ष छटवें सेमेस्टर के छात्र.छात्राओं को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमानुसार जिला एवं सत्र न्यायालय जाकर विजिट करने का प्रावधान है जिसके तहत महाविद्यालय के द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से अनुमति प्राप्त कर दिनांक 29 व 30 अप्रैल 2025 को छात्र.छात्राओं द्वारा महाविद्यालय संचालक अंकुर त्रिवेदी व एडवोकेट रामलखन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय पन्ना का विजिट किया। छात्र.छात्राओं द्वारा प्रभारी प्राचार्य राजकुमार सेनए सहायक प्राध्यापक बृजकिशोर त्रिपाठीए श्रीमती रिचा तिवारीए अतुल पाण्डेय के साथ जिला न्यायालय पहुंचकर न्यायालयीन प्रक्रिया को जाना। कोर्ट विजिट के दौरान छात्र.छात्राओं द्वारा न्यायालय में विभिन्न प्रकरणों पर चल रही कार्यवाही को समझा व जाना। इस दौरान छात्र.छात्राओं द्वारा न्यायालयीन प्रक्रिया के संबध में अपनी जिज्ञासाओं को लेकर विभिन्न प्रश्न भी किए जिस पर न्यायाधीश महोदयों ने उनके प्रश्नों का समाधान किया। महाविद्यालय वापिस आने पर छात्र.छात्राओं द्वारा न्यायालय विजिट के दौरान एकत्रित की गई जानकारी सभी के साथ सांझा की।

# जनहित एवं जनकल्याण के लिए मेरा सब कुछ अर्पित : विधायक यादवेंद्र सिंह



**टीकमगढ़ ।** टीकमगढ़ शहर की पुलिस लाइन में विधायक विकास निधि के माध्यम से 9ण्93 लाख रूपए की राशि से टीनशेड का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर बुधवार को टीनशेड का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई व नगरपालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मलिक के साथ लोकार्पण किया गया। टीनशेड के इस लोकार्पण समारोह में विधायक ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी सूर्य प्रकाश मिश्राए अनीश अहमदए फरीद खानए सनी सोनी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक यादवेंद्र सिंह ने कहा कि टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनहित एवं जनकल्याण कार्यों के लिए मैं हमेशा तैयार रहता हूं और विधायक निधि से क्षेत्र की जनता को जितना लाभ मिले सके उसे पूर्ण करने की कोशिश करता हूं। क्षेत्र की जनता की जो भी महत्वपूर्ण समस्याएं होती हैंए उन समस्याओं को पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहता हूं।

# रक्सेहा में रोका बाल विवाह

**पन्ना ।** कलेक्टर कार्यालय द्वारा बाल विवाह की रोकथाम और निगरानी के लिए खण्ड एवं ग्राम व वार्ड स्तरीय दल का गठन किया गया है। इस क्रम में विगत दिवस अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना की अध्यक्षता में गठित दल द्वारा चाईल्ड लाइन से प्राप्त शिकायत के आधार पर रक्सेहा में बाल विवाह को रोकने की कार्यवाही की गई। बाल विवाह की निगरानी और रोकथाम के लिए गठित दल द्वारा मौके पर जाकर बालिका के पिताए दादी एवं मौसी को समझाईश देकर बाल विवाह रोका गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी अशोक विश्वकर्मा द्वारा बालिका के पिता को समझाया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। यह बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत अपराध की श्रेणी में भी है। बाल विवाह में शामिल वर.वधु के परिजन व सेवा प्रदाताओं को भी सजा का प्रावधान किया गया है। कम आयु में विवाह से शारीरिक और मानसिक विकास भी अवरूद्ध हो सकता है। इसके अलावा उक्त बालिका मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में पंजीकृत है। इससे बाल विवाह की स्थिति में वह योजना के लाभ से भी वंचित रह जाती। समझाईश के दौरान परिजनों द्वारा बाल विवाह न करने की सहमति प्रदान की गई। इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक नीलम द्विवेदी सहित रक्सेहा सरपंच प्रतिनिधि कालूराम दासए सहायक ग्रेड 3 सौरभ खरेए ब्लॉक समन्वयक नीलेश पटेलए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मिनती गोलदार एवं पुलिस विभाग से बीट प्रभारी लक्ष्मीनारायण यादव और उनकी टीम भी उपस्थित रही।

# ईनामी स्थाई वारंटी को अहमदाबाद गुजरात से किया गया गिरफ्तार



**जागरण, पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एसण् थोटा द्वारा स्थायीध्गिरफ्तारी वारण्टियों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसारए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थानाध्चौकी स्तर पर थानाध्चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अजयगढ निरी बखत सिंह ठाकुर द्वारा स्थाई वारंटियो के संबंध मे मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है एंव सायबर सेल पन्ना से जानकारी प्राप्त की गई। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी अजयगढ़ के प्रकरण क्रमांक 205ध्16 मे 08 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी बिन्दु उर्फरतन सिंह के अहमदाबाद गुजरात मे होने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अहमदाबाद गुजरात रवाना हुई जो उपरोक्त स्थाई वारंटी बिन्दु उर्फरतन सिंह पिता काला सिंह निवासी छटवामील थाना अजयगढ जिला पन्ना को दिनांक 30ण्04ण्25 को बस स्टैण्ड अहमदाबाद गुजरात से गिरफ्तार किया जाकर स्थाई वारंटी को लेकर आज दिनांक 01ण्05ण्25 को माननीय जेएमएफसी न्यायालय अजयगढ के समक्ष पेश किया गया है।थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीण् बखत सिंहए प्रण्आर खेमचन्द्र रायए आरण् रामनरेश गुप्ता व सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा है।

## पन्ना पुलिस द्वारा 05 हजार रुपये के ईनामी फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार



**पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एसण् थोटा द्वारा स्थायीध्गिरफ्तारी वारण्टियों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसारए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थानाध्चौकी स्तर पर थानाध्चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सलेहा उनिण् भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा थाना सलेहा के अपराध क्रमांक 04ध्19 मे सलेहा थाना क्षेत्र मे अत्याधिक तेज गति से वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने वाले 01 वर्ष से फरार स्थाई वारण्टी की लगातार तलाश पतारसी की गई। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी सलेहा को मुखविर द्वारा आरोपी राजकुमार उर्फकज्जू व्यास के ग्राम गढ़ा थाना बमीठा मे होने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये ग्राम गढ़ा थाना बमीठा रवाना होकर उपरोक्त स्थाई वारंटी राजकुमार उर्फकज्जु व्यास पिता हल्के व्यास उम्र 30 वर्ष निवासी तल्ली थाना पवई को दिनांक 30ण्04ण्25 को ग्राम गढ़ा थाना बमीठा जिला छतरपुर से गिरफ्तार किया ।

# मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ने ज्ञापन सौंपा



**टीकमगढ़ ।** आज मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष शलभ भदोरिया के निर्देशन में संघ की टीकमगढ जिला इकाई अध्यक्ष रघुवीर सहाय पस्तोर के नेतृत्व में श्रमजीवी पत्रकार संघ के साथियों ने 21 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डां मोहन यादव को संवोधित ज्ञापन कलेक्टर विवेक श्रोतिय को सौपा। इस अवसर पर पत्रकार एकता जिन्दाबाद शलभ भदौरिया जिंदाबाद एक ही जज्बा एक ही जूनून लेके रहेगे पत्रकार सुरक्षा कानून पत्रकार एकता जिंदाबाद आवाज दो हम एक है के नारे लगाए गए तथा बिशाल रैली निकाली ।

ज्ञापन में 21सूत्रीय प्रमुख मांगो में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने मालवीय नगर स्थित पत्रकार भवन की भूमि वापिस दिलाई जाए इसी प्रकार जिला मुख्यालय पर पत्रकार भवन के लिए निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराने संघ को टोल फ्री करने सदस्यता कार्ड को मान्यता दिलाने उप्र की तरह निशुल्क स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिलाने बैक से जीरो प्रतिशत पर लोन दिलाने संघ के सदस्यों पर किसी भी प्रकार के दर्ज प्रकरण में कार्यवाही के पूर्व स्वतः ही प्रकरण सी आइ डी को सौपने तथा जांच के बाद अपेक्षित कार्यवाही की जाए संघ के सदस्यों के स्कूल में पढने बाले बच्चों को 50 प्रतिशत छूट दी जाए जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में विश्राम का अधिकार देने श्रमजीवी पत्रकार संघ के आवंटित शासकीय आवासों के रिन्यूअल आंवटन की प्रक्रिया से मुक्त करने हर जिले में रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने आर टी ओ विभाग में पूर्व की भांति वाहनों के पंजीयन क्रमांक की सीरीज निर्धारित की जाए जो पत्रकार नही है किन्तु वाहनों पर प्रेस शब्द लिखवाकर दुरूपयोग को रोकने हेतु कडाई से जांच हो कइ पत्रकार संघ द्वारा जारी सदस्यता कार्ड में अधिमान्यता शब्द का दुरुपयोग रोका जाए तथा कडी कार्यवाही कर पंजीयन निरस्त किए जाए श्रमजीवी पत्रकार संघ के परिवार को आयुष्मान कार्ड योजना से जोडा जाए जनसंपर्क द्वारा जारी किए जाने बाले विज्ञापन लघू एवं मध्यम समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं को समान रूप से विज्ञापन भेदभाव खत्म कर विज्ञापन दिए जाए अखबार के प्रकाशन मुख्यालय में कार्यरत सहायक संपादक उप संपादक जैसे पद पर डेस्क पर कार्यरत श्रमजीवी पत्रकार को अधिमान्यता जारी की जावे एवं श्रमजीवी पत्रकार कल्याण आयोग का सरकार गठन करे जिसमें संघ के साथ जनसंपर्क अधिकारीयों को रखा जाए वह अपनी व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करें इन बिन्दुओं पर गंभीरता से विचार किया जाए । इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त सचिव वीरेंद्र त्रिपाठी राजीव रावत कार्यकारी अध्यक्ष संजय खरे महासचिव दीपक अग्रवाल उपाध्यक्ष शेलेन्द्र द्विवेदी संजीव सिरवैया योगेंद्र कान्हा होटल योगेंद्र तिवारी लाली झा सुबोध पाठक संजय जैन प्रताप नायक महेंद्र दुबे राजेन्द्र तिवारी गिरीश खरे मनोज खरे भूपेंद्र वशिष्ठ राकेश नायक शिवेंद्र यादव राजेश यादव अनिल रिछारिया हरगोविंद चौरसिया अंकुर शुक्ला मोहसिन अहमद संजूर मुहम्मद राजेश यादव मोहनगढ पवन संज्ञा अनिल खरे पलेरा सद्दाम रायन इमरान खान मुन्ना खान राम सिंह यादव राजेंद्र पांडे मनोज रजक आदि मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सैकड़ो साथी उपस्थित रहे ।

**प्रथम पुण्यतिथि 2 मई 2025**

**सलिल मिश्रा**



**चिट्ठी न पाती न जाने कहां चले गए
हम सबके सपने अधूरे छोड़ गए
हर क्षण हर पल बहुत याद आए
सलिल मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।**

शोक संतप्त : **रामकिशोर मिश्रा पिता सौरभ आशा मिश्रा बड़े भाई भाभी, अर्चना पत्नी इशित पुत्र, शलभ बबिता मिश्रा छोटा भाई बहू, आमिश, वेदान्त भतीजे, समस्त परिवार एवं सतना के मित्रजन ।**

# विश्व मजदूर दिवस पर 222 श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण




**जागरण बैढ़न।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सिंगरौली द्वारा विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर गरीब श्रमिक बच्चे व उनके परिवारजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण का शिविर रामलीला मैदान के पास अंबेडकर चौक पर आयोजित किया गया । शिविर के मुख्य अतिथि रेडक्रॉस अध्यक्ष सह कलेक्टर चंद्र शेखर शुक्ला के अध्यक्षता में एवं रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एस डी सिंह के मार्गदर्शन में यह शिविर संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में श्रमिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित सभी नागरिकों का अभिनंदन किया । तत्पश्चात उनके द्वारा बताया गया कि वास्तव में आज भारतीय समाज का एक बड़ा दिन है आज श्रमिक दिवस है । इसका उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना उनके योगदान को सम्मान देना और उन्हें एक बेहतर कार्य वातावरण देना है। इस बात को हम सब जानते हैं कि कोई भी देश तभी प्रगति कर सकता है जब उसकी नींव मजबूत हो और यह नींव तैयार करते हैं हमारे श्रमिक। चाहे वह सड़कें बनाने वाले हों भवन निर्माण में लगे लोग होंए खेतों में पसीना बहाने वाले किसान हों फैक्ट्रियों में दिन.रात काम करने वाले कर्मचारी हों या फिर छोटे दुकानदार और सफाई कर्मचारी हर मजदूर अपने.अपने स्तर पर समाज को आगे ले जाने में जुटा हुआ है। श्रमिक दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा किया जा रहा यह प्रयास जिसमें रेड क्रॉस के उपस्थित सभी पधिकारियों एवं वॉलिंटियर्स ने इस शिविर में पधारकर एवं योगदान देकर इस विषय को साकार कर दियाए और श्रमिक समाज हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है तो हम भी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने कोए साथ खड़े होने को तैयार है । रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा तमाम ऐसे विषय जो देश और समाज के सामने एक चुनौती का विषय होता है चाहे स्वास्थ्य का विषय होए शिक्षा एवं दिव्यांगो की बात होए श्रमिकों का विषय हो सभी क्षेत्रों में अपनी सहभागिता एवं पीड़ित समाज के प्रति निस्वार्थ भाव से सेवा का कार्य करता रहता हैए जिसका उनके द्वारा बहुत ही प्रशंसा व्यक्त किया गया । इसके साथ ही सरकार के द्वारा चलाया जा रहा संबल योजनाए आयुष्मान योजना एवं अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी दिया गया जिससे श्रमिकों को योजना का लाभ प्राप्त हो सके । रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एस डी सिंह के द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि श्रमिक भाइयों के कंधे पर पूरे परिवार का बोझ रहता है और वे अपने स्वास्थ्य की बिना चिंता किए हुए दिन रात परिवार के भरण पोषण के लिए कार्य करते रहते है । वह अपने स्वास्थ्य का कभी भी जल्दी परीक्षण नहीं करा पाते है । रेडक्रॉस सोसायटी ऐसे ही समाज के शोषित वंचित तथा अंतिम पंक्ति के बैठे हुए लोगों के लिए कार्य करती है जिससे उनका भी जीवन यापन सही ढंग से चल सके । इसी उद्देश्य के साथ आज अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर आज यह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं निःशुल्क दवा वितरण का कैंप आयोजित कर उनको लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है । रेडक्रॉस द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में अमित शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी की भी उपस्थिति रही । इस निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कुल 222 महिला एवं पुरुष श्रमिक गण उपस्थित होकर लाभ उठाए जिसमें उनका निःशुल्क ब्लड प्रेशर ब्लड शुगर हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुप का जांच किया गया एवं तदोपरांत डॉक्टर के द्वारा निःशुल्क परामर्श तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवा भी वितरण करने कार्य किया गया । इस शिविर में रेडक्रॉस सचिव डॉ डी के मिश्रा रेडक्रॉस ब्लड सेंटर मेडिकल डायरेक्टर डॉ आर डी द्विवेदी डॉ सौम्या सिन्हा एवं उनकी पूरी टीम द्वारा उपस्थित सभी श्रमिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं रेडक्रॉस द्वारा संचालित जन औषधि केंद्र के माध्यम से सभी श्रमिकों को निःशुल्क दवाइयां वितरित किया गया । इस स्वास्थ्य शिविर में श्रमिकों के पंजीयन का कार्य आश्रय गृह के कोऑर्डिनेटर शिरीन द्वारा किया गया तथा ब्लड सेंटर की टीम हरिशंकर गुप्ता राकेश प्रजापति कृष्णा शाह प्रगति शाह के द्वारा उपस्थित श्रमिकों का ब्लड प्रेशर ब्लड शुगर ब्लड ग्रुप एवं हीमोग्लोबिन का जांच करने का कार्य किया गया । इसके साथ ही रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग का स्टाल लगाया गया जिसमें कृत्रिम हाथ एवं पैर निर्माण कर दिव्यांगो को निःशुल्क प्रदान किया जाता है तथा श्रवण बाधित लोगों की जांच ऑडियोमेट्री मशीन से की गयी एवं फिजियोथेरेपी के माध्यम से अनेकों असाध्य बीमारी का इलाज के बारे में जानकारी प्रदान किया गया ।

## शिविर में इनकी रही उपस्थिति

शिविर में रेड क्रॉस प्रबंध समिति सदस्य सुरेश गिरी राजाराम केशरी जितेंद्र सिंह विवेक कुमार त्रिपाठी सी ए मनोरमा शाहवाल तथा रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य नटवर दास अग्रवाल शिवेंद्र पांडे अवनीश कुमार दुबे अनुभव कुमार इत्यादि लोग उपस्थित रहे । रेड क्रॉस के सेवायुक्तों जय प्रकाश दुब अरविन्द विश्वकर्मा एवं डीडीआरसी सेवायुक्त अजय कुमार सिंह विपिन रावत श्याम बाबू यादव अर्पिता सिंह राधा देवी साकेत एवं उनकी टीम खुला आश्रय गृह अर्चना पांडे एवं उनकी टीम तथा जन औषधि केंद्र से रवीश कांत त्रिपाठी एवं उनकी टीम द्वारा अपने कर्तव्यों का पूरे मुस्तैदी के साथ पालन किया । इस शिविर की सफलता को देखते हुए सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की और सहराना की इसी तरह के शिविर आगे भी प्रति वर्ष आयोजित होता रहेगा ।

# अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा प्रगति परियोजना के तीसरे बैच का शुभारम्भ




## माइनिंग सरदार दक्षता प्रमाणपत्र परीक्षा की निःशुल्क तैयारी

**जागरण बैढ़न।** जिले के सरई तहसील अंतर्गत आंध्रप्रदेश मिनरल डेवलपमेंट कार्पोरेशन एपीएमडीसी की सुलियरी कोयला खदान में एक वैधानिक पद माइनिंग सरदार प्रमाण पत्र दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए प्रगति परियोजना के तीसरे बैच का शुभारम्भ बुधवार को किया गया। खदान क्षेत्र के प्रभावित गांवों के सक्षम उम्मीदवारों के लिए इस निःशुल्क माइनिंग सरदार प्रशिक्षण का संचालन सुलियारी के टाउनशिप में स्थित एमएफ बिल्डिंग में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में आमडांड बेलवार डोंगरी झलरी खनुआ नया टोला और मझौली पाठ इत्यादि सहित आठ गांवों के कक्षा 12 वी पास कर चुके 25 सक्षम उम्मीदवारों का चयन किया गया है। इन्हें कुशल प्रशिक्षक के नेतृत्व में इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए जिम्मेदारी पूर्वक तैयारी की शुरुआत की गयी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक वैधानिक नियोक्ता के रूप में परियोजना प्रभावित गांवों के सक्षम युवाओं को कोयला खनन उद्योग से जोड़ने के लिए जरूरी व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उनमें कार्यकुशलता तथा जिम्मेदारी के स्तर को बढ़ाना है। प्रोजेक्ट प्रगति. के उद्घाटन समारोह में अदाणी कौशल शिक्षा के सीईओ रॉबिन भौमिक ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थिति दी। इसके साथ ही एपीएमडीसी के खान प्रबंधक रूप नारायण चतुर्वेदी सिंगरौली खदान के चीफ ऑफ़ क्लस्टर कर्नल केहर सिंह महाप्रबंधक तकनीकी प्रशिक्षण रवि रेमी क्लस्टर एचआर हेड विकास सिंह रांची के प्रशिक्षक बिजय किशोर और कौशल और शिक्षा के सहायक प्रबंधक स्नेहाद्री दासगुप्ता मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। अपने सन्देश में सीईओ रॉबिन भौमिक ने कहा किए अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा सुलियारी खदान क्षेत्र में आज युवाओं के लिए माइनिंग सरदार के दक्षता प्रमाण पत्र परीक्षा के लिए परियोजना के तीसरे बैच का शुभारम्भ किया जा रहा है। आज देश में कई तरह के खदान संचालित हैं लेकिन आज भी माइनिंग सरदार की कमी है। हमारा यह केंद्र युवाओं में तकनीकी कौशल विकास के लिए निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए मैं सभी उम्मीदवारों शुभकामनाएं देता हुँ। सुलियारी खदान के चीफ ऑफ़ क्लस्टर कर्नल केहर सिंह ने कहा कि सुलियरी परियोजना से प्रभावित गांवों में समावेशी विकासात्मक प्रक्रियाओं को चलाया जा रहा है। डीजीएमएस द्वारा कोयला खदानों में एक वैधानिक पद के लिए आयोजित माइनिंग सरदार प्रमाण पत्र की दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए आज हमने श्प्रगतिश् परियोजना के तीसरे बैच से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है जिससे इस खदान में कार्यरत प्रोजेक्ट प्रभावित कर्मचारियों को परीक्षा की बारीकियों को समझाया जायेगा। वहीं सक्षम उम्मीदवारों को इस इम्तिहान को पास करके अन्य खदानों में वैधानिक पदों पर नियुक्ति मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक व फैसिलिटेटर बिजय किशोर ने प्रशिक्षण पद्धति तथा अन्य दिशानिर्देशों की जानकारी दी एवं प्रशिक्षणार्थियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया किए खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस धनबाद द्वारा कोयला खदानों में माइनिंग सरदार पद के लिए हर साल दिसम्बर में दक्षता प्रमाण पत्र की परीक्षा आयोजित की जाती है। यह पद किसी भी कोयला खनन कंपनी में बहुत ही महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी वाला होता है। साथ ही इस इम्तिहान में सफल होने से कर्मचारियों के वेतन और तरक्की की संभावनाएं बेहतर हो जाती हैं। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा संचालित सुलियारी कोयला खदान एपीएमडीसी की खदान है जो एक जिम्मेदार खनिक के अंतर्गत समुदायों एवं कर्मचारियों को बेहतर और उज्ज्वल भविष्य उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयत्नशील है। खदान को चलाने के लिए माइनिंग सरदार की मौजूदगी ज़रूरी है। भारत सरकार द्वारा 100 से ज़्यादा कोयला ब्लॉकों की नीलामी के साथ.साथ लौह अयस्कए बॉक्साइट और चूना पत्थर के बढ़ते खनन के कारण माइनिंग सरदार की मांग पहले से कहीं ज़्यादा बढ़ गई है। यह उल्लेखनीय है कि एपीएमडीसी ने स्पर्धात्मक बोली के द्वारा अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज को खदान के विकास और संचालन के लिए नियुक्त किया है जिसने स्थानीय युवाओं के सशक्तिकरण और अच्छे भविष्य के लिए यह अनूठा प्रयास शुरू किया है। अदाणी कौशल शिक्षा के उत्कृष्ट योगदान से इस परियोजना ने स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**जागरण शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा आज राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय लाइब्रेरी ऑडिटोरियम मे एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परियोजना तथा प्रचालन एवं अनुरक्षण विभाग के संविदा कर्मियों को जागरूक करने एवं उनके अधिकारों से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय आरपीएफ़सी के अधिकारीगण .श्याम बिहारी नील कमल एवं रमनीक ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने प्रतिभागियों को भविष्य निधि और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाके विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। संविदा कर्मियों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का अधिकारियों ने सरल एवं प्रभावी ढंग से समाधान कियाए जिससे उन्हें इन योजनाओं की प्रकिया और लाभों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली। इस कार्यक्रम का आयोजन सतर्कता विभाग और मानव संसाधन विभाग द्वारा किया गया जिसका संचालन शाश्वत मिश्रा प्रबंधक मानव संसाधन ने कुशलता पूर्वक किया। कार्यक्रम के अंत में सुशोभन दास अपर महाप्रबंधक सतर्कता विभाग ने सभी आरपी एफ़ सी अधिकारियों का आभार प्रकट किया और संविदा कर्मियों को संगठन में उनकी भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला।

# एनटीपीसी की प्रगति में श्रमिकों की भूमिका को अत्यधिक महत्वपूर्णः फणि कुमार






## एनटीपीसी विंध्याचल ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस को धूमधाम से मनाया

**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनायाए जिसमें प्लांट और टाउनशिप के 15 से अधिक स्थानों पर अपनी समर्पित कार्यबल के अनमोल योगदान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी विभागों की भागीदारी देखी गई जहाँ विभाग प्रमुख और इंजीनियर.इन.चार्ज ईआईसी ने श्रमिकों को उनकी अथक मेहनत और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया। समारोह का एक महत्वपूर्ण आकर्षण प्रशासनिक भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम था जिसमें प्रशासनिक विभागों जैसे कि एचआर पीएंडएस और नगर अनुरक्षण के संविदाकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ई.सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक विंध्याचल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रह उनके साथ राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल आशीष अग्रवाल अपर महाप्रबंधक सुरक्षा और मानव विभाग के सदस्य भी उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए आशीष अग्रवाल अपर महाप्रबंधक सुरक्षा ने श्रमिक दिवस के ऐतिहासिक पहलू पर प्रकाश डाला और बताया कि यह दिवस 1886 में शिकागो के श्रमिक आंदोलन से जुड़ा हुआ है जिसने श्रमिकों के लिए उचित श्रम प्रथाओं की नींव रखी थी। वहीं कार्यकारी निदेशक विंध्याचल सत्य फणि कुमार ने कार्यबल के योगदान को सराहा और एनटीपीसी की प्रगति में श्रमिकों की भूमिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया। साथ ही ऊर्जा क्षेत्र और राष्ट्र की प्रगति में श्रमिकों का सहयोग सराहा। उनकी समर्पण और सेवा के लिए आभार स्वरूप संविदाकर्मियों को पोषण और स्वच्छता किट वितरित की गईए जिसके बाद उनका सम्मान करते हुए विशेष रूप से उनके लिए संपूर्ण भोजन का आयोजन किया गया।

# कार्य और कर्मी का सम्मान है सफल कार्य संस्कृति की नींव : साईराम






## एनसीएल परिवार ने खनिक अभिनंदन दिवस पर श्रमवीरों को किया नमन

**जागरण सिंगरौली।** आज भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में खनिक अभिनंदन दिवस. 25 के अवसर पर मुख्यालय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएमडी एनसीएल बी.साईराम निदेशक कार्मिक मनीष कुमार निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीकी/संचालन जितेंद्र मलिक निदेशक तकनीकी/परियोजना एवं योजना सुनील प्रसाद सिंह श्रमिक संघों के जेसीसी सदस्य. सीएमएस से अजय कुमार आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह बीएमएस से श्याम धर दूब एचएमएस से अशोक कुमार पाण्डेय सीएमओएआई महासचिव सर्वेश सिंह महाप्रबंधक विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मियों ने शहीद स्मारक एवं खनिक प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर देश की ऊर्जा आपूर्ति हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले ऊर्जा वीरों को नमन किया। इस दौरान सीएमडी बी.साईराम ने अपने उद्बोधन में एनसीएल परिवार एवं हितग्राहियों को खनिक अभिनंदन दिवस की बधाई दी। साथ ही उन्होंने कर्मी और कार्य दोनों के सम्मान की कार्य संस्कृति को आत्मसात करने हेतु आह्वान किया। इसके अतिरिक्त उन्होनें कोल इंडिया के गौरवशाली 50 वर्ष पूर्ण होने के आलोक में इस खनिक अभिनंदन दिवस को अलग और अहम बताया स उन्होंने एनसीएल की शानदार विभागीय क्षमता उत्कृष्टता का ज़िक्र करते हुए सभी कर्मियों के अभूतपूर्व योगदान की सराहना की। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में पदस्थ 58 उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में खनिक अभिनंदन दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विभिन्न संवर्गों में 270 पात्र एनसीएल कर्मियों को पदोन्नति भी मिली है। गौरतलब है कि खनिक अभिनंदन दिवस पर केन्द्रीय कार्यक्रम का आयोजन एनसीएल स्टेडियम सिंगरौली में किया जाएगा जिसमें विभिन्न परियोजना व उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा ।

# टैंकर ट्रॉली एवं बैक होल लोडर को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जागरण बैढ़न।** नगर परिषद कार्यालय परिसर बरगवां में आज एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला देवी ने टैंकर ट्रॉली और बैक होल लोडर को हरी झंडी दिखाकर सेवा में समर्पित किया। यह पहल नगर में स्वच्छता जल आपूर्ति और निर्माण कार्यों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए की गई है। श्रीमती प्रमिला देवी ने इस अवसर पर कहा जनता की सेवा ही हमारा संकल्प है। इन नए संसाधनों के माध्यम से हम नगर में स्वच्छता बनाए रखन आवश्यक जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और विकास कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने में सक्षम होंगे। उन्होंने आगे कहा कि नगर परिषद लगातार नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए काम कर रही है और आने वाले समय में और भी नई योजनाएं लागू की जाएंगी ताकि नगरवासियों को सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर और बेहतर रूप में मिल सकें। कार्यक्रम में नगर परिषद के उपाध्यक्ष पार्षद मंगल सिंह माणिकचंद गुप्ता अर्चना बियर पूनम वैश अनारकली बियर पुष्पा शाह पार्षद प्रतिनिधि रामचंद्र रमेश शाह एवम पार्षदगण अधिकारीगण कर्मचारी और संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे नगर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## अप्रैल में एनसीएल से सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह



**जागरण सिंगरौली।** आज भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल से 7 अधिकारियों एवं 31 कर्मचारियों सहित कुल 38 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से निर्भय चावरे मुख्यप्रबन्धक उत्पादन बबुआ राम यादव सहायक अभियंता सिविल एवं अमृत लाल पर्यवेक्षक परिवहन ग्रेड.सी गुणवत्ता नियंत्रण सेवानिवृत्त हुए। कंपनी मुख्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल सीएमडी बी.साईराम निदेशक कार्मिक मनीष कुमार निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीकी/संचालन जितेंद्र मलिक मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल बी. साईराम ने कंपनी की उत्तरोत्तर में सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की मंगल कामना करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस दौरान एनसीएल के निदेशक मण्डल ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को जीवन की आगामी पारी की शुरुआत हेतु शुभकामनाएँ दीं। अभिनंदन समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने एनसीएल में अपने लंबे कार्यालयीन जीवन के संस्मरण सभी के साथ साझा किए और अपनी उपलब्धियों का श्रेय एनसीएल को दिया ।



# खराब फील्डिंग, धीमी बल्लेबाजी और कम बाउंड्री बनी चेन्नई सुपर किंग्स की प्लेऑफ से जल्द विदाई की वजह

## आईपीएल इतिहास में पहली बार सीएसके लगातार दो सीजन तक प्लेऑफ में क्वालिफाई नहीं कर पाई



जेएनएन, चेन्नई

आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम है। चेपॉक में आईपीएल के 49वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्हें चार विकेटों से हार का सामना करना पड़ा। सीएसके ने पहले खेलते हुए 19.2 ओवर में 190 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने छह विकेट खोकर 194 रन बना लिए। यह आईपीएल इतिहास में पहली बार है, जब सीएसके लगातार दो सीजन तक प्लेऑफ में क्वालिफाई नहीं कर पाई है। इस सीजन टीम के प्रदर्शन में कई कमजोरियां सामने आईं। अब तक खेले गए 10 मुकाबलों में चेन्नई ने सिर्फ दो मैच जीते हैं। खास बात यह रही कि अब तक घरेलू मैदान पर खेले गए छह में से वे केवल एक ही मुकाबला जीत पाए। उन अहम आंकड़ों पर नजर डालते हैं, जो उनके इस कमजोर प्रदर्शन की बड़ी वजह बने। (सभी आंकड़े अब तक हुए 10 मैचों पर आधारित हैं।)

### कैच छोड़ने की आदत पड़ी भारी

इस सीजन सीएसके की फील्डिंग बेहद लचर रही। लगभग हर मैच में उन्होंने कोई न कोई कैच छोड़ा और उनकी कैचिंग पर्सेंटेज महज 66.7 प्रतिशत रही, जो किसी भी टीम के मुकाबले सबसे खराब है। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी पंजाब के खिलाफ मिली हार के बाद इस कमी को स्वीकार किया और कहा कि बेहतर कैचिंग से टीम विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बना सकती थी।

### पावरप्ले में दबाव

सीएसके के बल्लेबाज इस सीजन पावरप्ले में भी नाकाम रहे। उन्होंने शुरुआती छह ओवरों में कुल 18 विकेट गंवाए, जो दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। सीएसके के बल्लेबाजों ने अब तक पावरप्ले में 360 गेंदों पर सिर्फ 475 रन बनाए यानी रनरेट महज 7.91 रहा, जो किसी भी टीम की तुलना में सबसे कम है।

**बल्लबोज**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| शिवम दुबे | 248 |
| रचिन रविंद्र | 191 |
| रविंद्र जडेजा | 183 |
| एमएस धोनी | 151 |
| गायकवाड़ | 122 |

**गेंदबाज**

| खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|
| नूर अहमद | 15 |
| खलील अहमद | 14 |
| मथीशा पथिराना | 09 |
| रविंद्र जडेजा | 07 |
| आर. अश्विन | 05 |

### सलामी जोड़ी ने किया निराश

ओपनिंग बल्लेबाजी सीएसके की बड़ी समस्या बनी। अब तक चार अलग-अलग ओपनर्स मिलकर सिर्फ 199 रन बना सके हैं और उनका औसत 19.90 का रहा है। यह इस सीजन का सबसे खराब ओपनिंग औसत है।

### चौकों और सिक्सर के मामले में भी पीछे

सीएसके की टीम इस सीजन अब तक सिर्फ 56 सिक्सर लगा सकी है, जो किसी भी टीम से कम है। वहीं, पंजाब ने अब तक सबसे ज्यादा 105 सिक्स लगाए हैं। चौकों की बात करें तो सीएसके ने सिर्फ 135 चौके मारे हैं, जो टूर्नामेंट में दूसरा सबसे खराब आंकड़ा है।

### स्पिन के खिलाफ फेल

आईपीएल-2025 में सीएसके ने स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ सबसे ज्यादा 31 विकेट गंवाए हैं। स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट भी सबसे खराब रहा है। पंजाब के खिलाफ मैच से पहले तक शिवम दुबे का स्ट्राइक रेट घटकर 115 रह गया है। दुबे पिछले सीजन में स्पिन के खिलाफ 155 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे थे। रवींद्र जडेजा सिर्फ 91 के स्ट्राइक रेट से रन बना पा रहे हैं।

**19** अलग-अलग खिलाड़ियों को सीएसके ने अब तक आजमाया है, लेकिन टीम का कुल बल्लेबाजी औसत केवल 22.18 रहा, जो सिर्फ कोलकाता नाइट राइडर्स से बेहतर है। वहीं, टीम का औसत स्ट्राइक रेट 128.81 है, जो सभी टीमों में सबसे नीचे है।

“मुझे लगता है कि बल्लेबाजी में पहली बार हमने बोर्ड पर इतने रन लगाए, लेकिन क्या यह औसत स्कोर था, मुझे लगता है कि यह थोड़ा कम था। हमें कुछ कैच लेने चाहिए थे, क्योंकि इससे विकेट लेने में मदद मिलती है और आप विपक्षी टीम के मोमेंटम को धीमा कर सकते हैं। चहल को तीन विकेट देना और पूरी पारी न खेल पाना भी बड़ा फर्क डाल गया। मत भूलिए कि यह हाई-स्कोरिंग गेम था, लेकिन हम आखिरी चार गेंद नहीं खेल पाए और उसके पहले ओवर में हमने चार बल्लेबाज खो दिए। ऐसे करीबी मैचों में सात-आठ गेंदें भी बहुत मायने रखती हैं।

■ **महेंद्र सिंह धोनी**, कप्तान, सीएसके

**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 07 | 03 | 14 | 0.521 |
| पंजाब | 10 | 06 | 03 | 13 | 0.199 |
| मुंबई | 10 | 06 | 04 | 12 | 0.119 |
| गुजरात | 09 | 06 | 03 | 12 | 0.748 |
| दिल्ली | 10 | 06 | 04 | 12 | 0.362 |
| लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 10 | -0.325 |
| कोलकाता | 10 | 04 | 05 | 09 | 0.271 |
| राजस्थान | 10 | 03 | 07 | 06 | -0.625 |
| हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 06 | -1.103 |
| चेन्नई | 10 | 02 | 08 | 04 | -1.211 |

**ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)**



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 456 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 443 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 427 |
| यशस्वी (मुंबई) | 426 |

**पर्पल कैप (गेंदबाज)**



| | |
|---|---|
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 17 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 15 |
| मिचेल स्टार्क (दिल्ली) | 14 |

**बाउंड्री मीटर**



820 छक्के
1486 चौके
97 अर्धशतक

सीएसके के सैम कुरेन ने 88 रन बनाए। यह उनके आईपीएल करियर की छठी अर्धशतकीय पारी है। इस सीजन में सीएसके के किसी भी प्लेयर का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। यह टी-20 क्रिकेट में कुरेन का दूसरा सर्वोच्च स्कोर भी है।

# गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेऑफ की उम्मीद बरकरार रखने उतरेगी हैदराबाद



**जेएनएन, अहमदाबाद।** पिछले मैच में 'वंडर ब्वॉय' वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी से मिली हार से उबरकर गुजरात टाइटंस अब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के 51वें मैच में जीत की राह पर लौटने उतरेगी, जबकि सनराइजर्स को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए हर हालत में जीतना होगा। राजस्थान के 14 वर्ष के सूर्यवंशी ने सिर्फ 35 गेंद में शतक जड़कर गुजरात की गेंदबाजी की बखिया उधेड़ डाली थी। शुभमन गिल की गुजरात नौ मैचों में छह जीत के साथ चौथे स्थान पर है। उसे बाकी पांच मैचों में से सिर्फ दो जीतने होंगे, ताकि प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 16 अंक पूरे कर सके। वहीं सनराइजर्स के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स नौ में से सिर्फ तीन मैच जीतकर तालिका में नौवे स्थान पर है। एक और हार से प्लेआफ के उसके रास्ते बंद हो जाएंगे। गुजरात को पिछले मैच में दिक्कतों का सामना करना पड़ा था, जब राजस्थान के खलिाफ उनके कप्तान शुभमन गिल पीठ में जकड़न की वजह से मैदान पर फील्डिंग के लिए नहीं उतरे थे। उस मैच में राशिद खान ने कप्तानी की थी। लेकिन अब गिल इस मैच के लिए उपलब्ध हैं, जो टीम के लिए एक सुखद खबर है। शुरुआत की चार टीमों में अंक तालिका में काफी उथल पुथल देखने को मिल रही है। गुजरात यह मैच जीता, तो सीधा नंबर एक पर पहुंच जाएंगा या हो सकता है कि रन रेट के हिसाब से मुंबई से एक कदम पीछे रहें। दूसरी ओर हैदराबाद को कुछ समय का ब्रेक मिला था और उनकी टीम मालदीव घूमने गई हुई थी। हैदराबाद का सफर खराब रहा है, लेकिन अभी भी वे टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुए हैं।

### बटलर का तोड़ कमिंस-शमी के पास

इंग्लैंड के पूर्व वनडे कप्तान जोस बटलर ने आईपीएल 2025 में गजब का फॉर्म दिखाया है और नौ पारियों में चार अर्धशतकों और 81 की औसत के साथ 406 रन बना चुके हैं। हालांकि इस मैच में वह हैदराबाद की अनुभवी तेज गेंदबाजी जोड़ी मोहम्मद शमी और पैट कमिंस के सामने संघर्ष करते हुए नजर आ सकते हैं। दोनों ने बटलर को टी-20 क्रिकेट में तीन-तीन बार आउट किया है, जबकि बटलर उन पर क्रमशः 132 और 136 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं, जो कि उनके टी-20 स्ट्राइक रेट (145.80) और आईपीएल स्ट्राइक रेट (149.41) से बहुत कम है।

### शमी ढूंढना चाहेंगे अपनी लय

शमी के लिए अभी तक का आईपीएल कुछ खास नहीं गया है और उन्होंने आठ पारियों में 10.7 की महंगी इकॉनमी से रन देते हुए सिर्फ छह विकेट लिए हैं। हालांकि अपने पुराने घर नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में अपनी पुरानी टीम गुजरात के सामने वह लय ढूंढने का प्रयास करेंगे, जहां पर वह 13 आईपीएल मैचों में 20 विकेट ले चुके हैं।

**हेड टू हेड**

दोनों टीमों के बीच अब तक हुए पांच मुकाबलों में गुजरात का पलड़ा 4-1 से भारी है, जबकि अहमदाबाद में हुए दोनों टीमों के बीच दो मुकाबलों में गुजरात की टीम ने ही बाजी मारी है।

**गुजरात टाइटंस**

शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), शरफेन रदरफोर्ड, शाहरूख खान, राहुल तेवतिया, अरशद खान, राशिद खान, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इशांत शर्मा

**सनराइजर्स हैदराबाद**

ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, इशान किशन, हेनरिक क्लासन (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर/राहुल चाहर, पैट कमिंस, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, इशान मलिंगा, जीशान अंसारी

# पाक भालाफेंक खिलाड़ी नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी अरशद नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद एक 'कानूनी अनुरोध' के कारण भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। भारत में नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट खोलने की कोशिश करने वालों का यह संदेश मिल रहा है, भारत में यह अकाउंट उपलब्ध नहीं है। इस आशय के कानूनी अनुरोध के बाद यह फैसला लिया गया। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। सरकार ने उन पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट को बंद कर दिया है, जिनके भारत में बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को भी 'भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के विरुद्ध भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे और भ्रामक कथन और गलत सूचना प्रसारित करने' के लिए भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया था। पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर, बासित अली और शाहिद अफरीदी के यूट्यूब अकाउंट भारत में बंद कर दिए गए हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट हालांकि उपलब्ध हैं। पाकिस्तानी अभिनेता अली जफर, माहिरा खान के इंस्टाग्राम अकाउंट भी भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं ।

# स्वियातेक सेमीफाइनल में, सामना गॉफ से

**मैड्रिड, जेएनएन।** दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को 0-6, 6-3, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। स्वियातेक का सामना अब सेमीफाइनल में कोको गॉफ से होगा, जिन्होंने मिर्रा आंद्रीवा को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में आर्यना सबालेंका का सामना एलिना स्वितोलिना से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने मार्ता कोस्तियुक को 7-6, 7-6 से मात दी, जबकि स्वितोलिना ने मोयुका उचिजिमा को 6-2, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में इटली के मातेओ अर्नाल्डी ने फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 7-5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-2, 6-2 से हराया।



# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल लॉर्ड्स पर, 12 टीमों के बीच 33 मैच होंगे

**दुबई, जेएनएन।** महिला टी-20 विश्व कप फाइनल अगले साल पांच जुलाई को लार्ड्स क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 12 टीमों का टूर्नामेंट 12 जून को शुरू होगा, जिसमें 33 मैच खेले जाएंगे। इसका फाइनल लॉर्ड्स पर होगा, जहां 2017 महिला वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेला जा चुका है। लार्ड्स के अलावा विश्व कप के मैच ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, एडबस्टन, ओवल, हैंपशर बाउल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में टीमों को दो समूहों में बांटा जाएगा, जिसके बाद नॉकआउट खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज समेत आठ टीमें क्वालिफाई कर चुकी हैं, जबकि बाकी चार टीमों का चयन आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप क्वालिफायर 2025 से होगा। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि ब्रिटेन में सभी टीमों को अपार समर्थन मिलता है। 2017 में लार्ड्स पर महिला विश्व कप फाइनल में स्टेडियम खचाखच भरा था और फाइनल के लिए इससे बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हम टूर्नामेंट की तैयारी पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे है। हमें यकीन है कि रोमांचक टी-20 क्रिकेट न केवल यहां प्रशंसकों को लुभाएगा, बल्कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में ओलंपिक मंच पर क्रिकेट की वापसी के लिए 'शोकेस' भी होगा। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 2020 टी-20 विश्व कप फाइनल देखने मेलबर्न में रिकॉर्ड 86174 दर्शक उमड़े थे। इसके बाद केपटाउन (2023) और दुबई (2024) टी-20 विश्व कप फाइनल में भी मैदान खचाखच भरे थे।

**12 जून से शुरू होगा वर्ल्ड कप, 12 टीमों के बीच 33 मैच खेले जाएंगे**

# चेलसी ने लगातार छठी बार महिला सुपर लीग खिताब जीता




**मैनचेस्टर, जेएनएन।** चेलसी ने लगातार छठी बार महिला सुपर लीग फुटबॉल खिताब जीत लिया, जो इस सत्र का उनका दूसरा खिताब है। दूसरे स्थान पर काबिज आर्सनल के एस्टोन विला के हाथों 5-2 से हारने के बाद चेलसी ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 1-0 से हराकर नौ अंक की अजेय बढ़त बना ली। अभी दो मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। चेलसी ने इस सत्र में लीग कप पहले ही जीत लिया है और एफए कप फाइनल में पहुंच गई है, जहां उसका सामना 18 मई को वेम्बली स्टेडियम में मैनचेस्टर युनाइटेड से होगा।

**मैदान से हटकर**

# धवन के लिए सोफी शाइन का इजहार ए इश्क, रिश्ते पर मुहर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह मैदान के बाहर की है। आयशा मुखर्जी से तलाक के बाद शिखर ने निजी जीवन में एक नया अध्याय शुरू किया है। अबुधाबी में रहने वाली आयरिश प्रोफेशनल सोफी शाइन के साथ उनके कथित संबंधों को लेकर चर्चा हो रही है। सोफी ने एक मई को इंस्टाग्राम पर शिखर के साथ वाली एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने तस्वीर को शिखर के इंस्टाग्राम के साथ कोलैब भी किया। सोफी ने तस्वीर के कैप्शन में दिल के इमोजी के साथ लिखा मेरा प्यार। सार्वजनिक स्थलों पर दोनों का अक्सर साथ में देखे जाना (इसमें भारत और बांग्लादेश के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 मैच भी शामिल है) और इस एक इमोजी ने प्रशंसकों और मीडिया को उन्माद में डाल दिया। नेटिजेंस ने तुरंत बताया कि सोफी को 2024 के अंत में भी शिखर के साथ देखा गया था। सोफी मूल रूप से आयरलैंड की रहने वाली हैं वह अबुधाबी में नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉरपोरेशन में एक वरिष्ठ पद पर हैं। उन्होंने लिमरिक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मार्केटिंग में स्नातक किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिखर और सोफी कुछ साल पहले दुबई में मिले थे।



# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**भोपाल, खेप्र।** खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरूवार को तात्या टोपे स्टेडियम से खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रदेशव्यापी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025 का शुभारंभ किया। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर मध्यप्रदेश के युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। यह शिविर केवल खेल सिखाने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक सजग, अनुशासित और सक्षम नागरिक के रूप में तैयार करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस नवाचार के अंतर्गत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, खेल अकादमियों से जुड़ाव और प्रतियोगिताओं में भागीदारी के अवसर मिलेंगे। प्रतिवर्ष स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जाने वाले पारंपरिक ग्रीष्मकालीन खेल शिविर को इस वर्ष एक नवीन रूप प्रदान किया गया है। मध्यप्रदेश में पहली बार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर - 2025 को नवाचारपूर्ण तरीके से प्रारंभ किया जा रहा है। मंत्री सारंग ने बताया कि तीन-चरणीय योजना के तहत हम उत्कृष्ट खिलाड़ी निर्माण करेंगे। जिसमें प्रथम चरण में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित किया जाएगा। द्वितीय चरण में चयनित खिलाड़ियों को विभाग की 'प्रतिभा खोज' और 'खेलो बढ़ो अभियान' जैसे योजनाओं से जोड़ा जाएगा। कैंप में व्हॉलीबाल, जिम्नास्टिक, जूडो, ताईक्वांडो, बॉक्सिंग, कबड्डी, तलवारबाजी, कराते, मल्लखम्ब, टेबिल टेनिस, स्केटिंग, कुश्ती, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, एरोबिक, स्कवैश, एथलेटिक्स, शूटिंग (रायफल/पिस्टल) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं इन खेलों के साथ ही विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास भी किया जाएगा।



# पथिराना की गेंदों को भांपने लगे बल्लेबाज: कोच एरिक सिमंस

**चेन्नई, जेएनएन।** चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने इस आईपीएल सत्र में खराब फॉर्म से जूझ रहे मथीषा पथिराना का बचाव करते हुए कहा है कि विरोधी बल्लेबाज अब उनकी गेंदों को समझने लगे हैं और उसे बेहतर खेल पा रहे हैं। पांच बार की चैंपियन चेन्नई पंजाब किंग्स से मिली हार के बाद आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई। चेन्नई के मुख्य कोच ने इससे पहले कहा था कि एक्शन में बदलाव के कारण पथिराना का फॉर्म बिगड़ा है। सिमंस ने कहा कि यह साफ है कि एक्शन में थोड़ा बदलाव हुआ है। यह नहीं कह सकते कि उसकी सटीकता पर असर पड़ा है, लेकिन बल्लेबाज अब उसे बेहतर खेल रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खास तौर पर हमने यह देखा। वे उसकी गेंदों को बखूबी भांपने लगे हैं और बेहतर खेल पा रहे हैं। पथिराना ने इस सत्र में आठ मैचों में 10.39 की इकॉनॉमी से नौ विकेट लिए हैं। उन्होंने कई वाइड गेंदें फेंकी। सिमंस ने कहा कि उसे लगातार सुधार करना होगा। गेंदबाजों और बल्लेबाजों सभी को अपने खेल में सुधार करते रहना होता है। उन्होंने कहा कि चेन्नई को मैच जीतने के लिए निर्णायक मौकों पर अधिक चतुराई से खेलना होगा। उन्होंने कहा कि हमें बड़े ओवरों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मैच के अहम क्षणों में हमें अधिक चतुराई से खेलना होगा।

### कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर आज कार्यालयों और न्यायालयों का रोस्टर निरीक्षण करेंगे

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शासकीय कार्यालयों एवं राजस्व न्यायालयों में रोस्टर निरीक्षण का मई माह का कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार 2 मई को कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील कार्यालय रघुराजनगर एवं थाना कोलगवां और अपर कलेक्टर द्वारा डीईओ ऑफिस एवं जनपद पंचायत सोहवल के कार्यालय का निरीक्षण किया जायेगा।

### प्रतीक हिंगड़ ने कॉमर्स विषय में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया

**सतना।** इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा में क्रिस्तुकुला हायर सेकेंडरी स्कूल सतना के होनहार छात्र प्रतीक हिंगड़ ने कॉमर्स विषय में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे सतना जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतीक की इस असाधारण उपलब्धि ने न केवल उनके विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# कलेक्टर ने की उद्यानिकी के प्रगतिशील किसानों से चर्चा

**जागरण, सतना**



सतना जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही बरसात में 25 लाख पौधों का रोपण करने के लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण की तैयारी की जा रही है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने गुरूवार को उद्यानिकी के प्रगतिशील किसानों से चर्चा कर वृक्षारोपण कार्य में सहयोगी की अपील की। इस मौके पर उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. प्रमोद शर्मा, सहायक संचालक उद्यानिकी अनिल सिंह, केवी के मझगवां के डॉ. अखिलेश, पूर्व विधायक रामप्रताप सिंह, प्रणवीर सिंह हीरा सहित उद्यानिकी के प्रगतिशील कृषक उपस्थित है।

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने प्रगतिशील किसानों को जिले में 30 जून तक जल स्त्रोतों के पुर्नजीवन और जल संरक्षण के लिए चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान और जिले में 25 लाख पौधों के वृक्षारोपण की तैयारी की जानकारी देते हुए उनसे दोनों ही कार्यक्रम में सहभागिता और सहयोग की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि जिले का भू जल स्तर गर्मियों में बहुत नीचे चला जाता है। जिसके कारण कुयें और हैण्डपम्प प्रायः सूख जाते है। गांव-गांव सतही जल की संरचनायें तैयार कर अधिक से अधिक पानी को रोककर उसे पुर्नभरण की प्रक्रिया से भू जल स्तर में वृद्धि की जा सकती है। जिले में असफल बोर की जानकारी मंगा ली गई है। कुल 148 असफल नल कूपों का उपयोग उनमें रिचार्ज पिट की संरचना तैयार कर जल का पुर्नभरण करने की योजना है। कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक संस्थानों द्वारा अपनी सीएसआर के मद से वृक्षारोपण के लिए पौधे उपलब्ध कराने की सहमति दी गई है। वन विभाग द्वारा बांस के पौधे भी किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराने की बात कही गई है। उद्यानिकी के कृषक अपने खेत की मेडों एवं खाली भूमि पर जिस प्रजाति के पौधे रोपित करना चाहेंगे उन्हें उपलब्ध कराये जायेंगे। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारी को ऐसे किसानों की सूची तैयार करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने उद्यानिकी किसानों को फलदार पौधों के अलावा मोटे अनाज के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन दिया।

# पेयजल व्यवस्था और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें : कमिश्नर



**जागरण, सतना।** कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय समीक्षा बैठक में शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन बनाएं। जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वर्षा जल को संचित करके ही हम अपना जीवन सुरक्षित कर सकते हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हैण्डपंप तथा कुओं में रिचार्ज पिट बनाने का विशेष प्रयास करें। जिन क्षेत्रों में पेयजल संकट होता है वहाँ जल संरक्षण के कार्य अनिवार्य रूप से कराएं। नदियों के उद्गम स्थल की साफ-सफाई, घाटों की साफ-सफाई, चेकडैम तथा बोरी बांध निर्माण एवं खेत तालाबों का निर्माण अनिवार्य रूप से कराएं। मनरेगा योजना से स्वीकृत तथा अधूरे कार्यों को भी अभियान की अवधि में पूरा कराएं। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा सबसे बढ़कर आमजनता की भागीदारी सुनिश्चित करें। सबके सहयोग और प्रयास से ही पानी को सहेजने का प्रयत्न सफल हो पाएगा। बैठक में कमिश्नर ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल विभिन्न जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल व्यवस्था की सतत निगरानी रखें। हैण्डपंपों तथा नलजल योजनाओं के सुधार के संबंध में मिली सूचनाओं पर 24 घंटे के अंदर कार्यवाही सुनिश्चित करें। हर बसाहट में पेयजल की आपूर्ति अनिवार्य रूप से कराएं। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनके निराकरण पर विशेष ध्यान दें।

## उप मुख्यमंत्री ने घायल पुलिसकर्मी के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**जागरण, सतना।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा स्थित निजी चिकित्सालय पहुंचकर उपचाररत पुलिसकर्मी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से घायल पुलिसकर्मी के उपचार के संबंध में पूछताछ की तथा समुचित उपचार के निर्देश दिए। इस दौरान आईजी गौरव राजपूत तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सतना जिले के जैतवारा थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी को गत दिनों गोली मारकर घायल कर दिया गया था।

# पौधरोपण के लिए भूमि चिन्हित करें संबंधित विभाग : कलेक्टर



### समय-सीमा प्रकरणों की बैठक संपन्न

**सतना।** मैहर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में गुरूवार को कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, महिला बाल विकास अधिकारी सौरभ सिंह, यशपाल मेहरा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर रानी बाटड ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी विभाग द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धरती आबा में आयुष्मान कार्ड, केसीसी एवं जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग अपने कार्य की गति को बढाये। जिससे कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जा सके। मैहर में नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी करे एवं एफआईआर करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने पौधरोपण की समीक्षा करते हुए कहा कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी अपने क्षेत्र में पौधारोपण करने के लिए भूमि चिन्हित करें। जिले में पौधा रोपण के लिए नदी, तालाब के आस-पास की भूमि को प्राथमिकता दे। इसके अलावा अनुपयोगी बंजर भूमि का चयन कर अधिक से अधिक गड्ढे खोदकर पौध रोपण की तैयारी करे।

# साल के अंत तक तैयार हो जाएगा सतना-रीवा रेलवे लाइन बिरहुली ब्रिज



### निर्माण कार्य का सांसद गणेश सिंह ने किया निरीक्षण

**जागरण, सतना।** सतना.रीवा रेलवे लाइन पर निर्माणाधीन बिरहुली रेलवे ब्रिज का गुरूवार को सांसद गणेश सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे और ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ कार्य की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेलवे लाइन के ऊपरी हिस्से का निर्माण कार्य अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। वहींए ठेकेदार और ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि ब्रिज का सम्पूर्ण निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान सांसद ने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह ब्रिज क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगाए जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

### 6 मई को होगी समीक्षा बैठक

कार्य की प्रगति और रेलवे ब्रिज की समीक्षा के लिए 6 मई को सुबह 11 बजे सर्किट हाउस में एक तैयारी बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में रेलवे, ब्रिज कारपोरेशन और रेवेन्यू बोर्ड के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में मुख्तियागंज रेलवे लाइन ब्रिज, बिरहुली रेलवे लाइन ब्रिज, मैहर में भदनपुर रेलवे लाइन ब्रिज, प्रिज्म फैक्ट्री के पास बम्होरी रेलवे लाइन ब्रिज की समीक्षा की जाएगी। सांसद ने कहा कि इन ब्रिजों के निर्माण से न केवल रेलवे नेटवर्क मजबूत होगा बल्कि क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों से परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए समन्वय बनाए रखने की अपील की। रेलवे और ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों ने सांसद को आश्वस्त किया कि सभी संसाधनों का उपयोग करते हुए कार्य को निर्धारित समय पर पूरा किया जाएगा। इस निरीक्षण और आगामी बैठक से परियोजना के सुचारू संचालन और समयबद्ध पूर्णता की उम्मीद जताई जा रही है।

## औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट हेतु आवेदन आमंत्रित

**सतना।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा सतना जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र मटेहना में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 1 मई को प्रातः 11 बजे से 15 मई 2025 को सायं 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफइन्टरेस्ट आमंत्रित किये गये है। प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जायेगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक आरएल पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक भूखण्ड हेतु आवेदन शुल्क 5 हजार रूपये होगा। साथ ही आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवंटित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी के 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तकनीकी अमले से ली जानकारी



**जागरण, सतना।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री संजना जैन द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जिले के 8 जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री एपीओ समस्त से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शासन स्तर से जल संरक्षण अंतर्गत लिए जाने वाले कार्य खेत तालाब,ओपेन डग वेल व अन्य कार्य जिनमे शासन स्तर से मासिक ग्रेडिंग निर्धारित मार्क्स अनुसार बनेगी के कार्यों की समीक्षा की गई जिनमे प्रति पंचायत टारगेट जिला स्तर की समीक्षा बैठक में कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत सतना द्वारा दिए गए थे।बाद में टारगेट में शासन निर्देशानुसार जिले की कार्य संख्या में वृद्धि करने के निर्देश प्राप्त हुए थे।उसी अनुसार आज जिला पंचायत सीईओ संजना जैन द्वारा कार्यों खेत तालाब, ओपेन डग वेल जैसे कार्यों की समीक्षा की गई तथा कार्य करने में आने वाली समस्या ओ पर भी चर्चा की गई साथ ही जिले की बेहतर ग्रेडिंग में स्थान कैसे बना रहे अधिकतम अंक पाकर इस पर भी चर्चा की गई। तथा सभी तकनीकी अमले को निर्देश दिए गए किसमे पर ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य स्वीकृत कर मस्टर रोल समय पर निकले व समय पर मूल्यांकन कर एमआईएस कराए। सुझावत्मक कदम अंतर्गत उचेहरा के सहायक यंत्री सलील सिंह द्वारा अंक बढ़ाने हेतु यह जानकारी दिए की कार्य का एक दिन का मस्टर रोल निकाल कर एउसी का मूल्यांकन कर एमआईएस करने पर भी अंक बढ़ाया जा सकता है।उक्त गूगल मीट में ईई आर ई एस साकेत ,प्रभारी पीओ मनरेगा लीमा लकरा,डाटा मैनेजर हीरामणि द्विवेदी,समस्त सहायक यंत्री,एपीओ जनपदस्तर,आदि लोग उपस्थित रहे।


Anupama Hr.Sec.School English Medium
Nursery, LKG, UKG
1st to 12th (Math, Bio, Commerce & Arts)
Gift of School Bag to every new student
ADMISSION OPEN
We make your child grow into a cultured citizen to face the challenges of life !!
Bharhut Nagar, Satna (M.P.) 8640025252, 9765187919, 9425362071
: anupamahighersecondaryschool@gmail.com, : aesmp.org

भानू मोटर्स गोरइया
लेकर आये है आपके लिए
किफायती दर, आकर्षक फानेंस, कम डाउन पेमेंट
होण्डा गाडियों के समस्त कलर एवं मॉडल उपलब्ध
साईन 100 सीसी में 7000 की नकद छूट आफर केवल 30 अप्रैल 2025 तक
गोरइया गजिगवां रोड, सतना (म.प्र.) मो. 7898621161, 7047586640

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में पंजी.नं. CL/6814/FEB/2018
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
04 मई, रविवार (प्रत्येक माह के पहले व तीसरे रविवार को सुबह 10 बजे 2 बजे तक)
डॉ. सचिन सिंह ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित निर्देशक लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज
लकवा, मिर्गी, फॉलिस, बेहोशी व चक्कर आना, सिर दर्द (माइग्रेन), अंगो में कंपन, झुनझुनी-सुन्नता, मांसपेशियों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हेमरेज, नसों व स्नायु रोग अन्य दिमागी रोगों की जांच, सायटिका, सवाईकल स्पोंडीलाइटिस, रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर, पीठ का दर्द एवं कमजोरी आदि रोगों का इलाज व परामर्श
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 80 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा। मो.: 9399312433, 9981287311

हमारी सेवाएं :- घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण। कमर दर्द / साइएटिका का दर्द। दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी। बच्चों की हड्डी संबंधित समस्याएं। गठिया व ऑस्टियोपोरोसिस का इलाज। फ्रैक्चर व ट्रॉमा का उपचार।
समय :- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक एवं सायं 4 से 6 बजे तक
संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
डॉ. शान्तनु सिंह एम.बी.बी.एस, एम.एस. (आर्थोपेडिक्स)
FIJR, OIJR (अहमदाबाद), फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
पूर्व सर्जन गवर्नमेन्ट मेडिकल कालेज सागर
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट | काम्पलेक्स ट्रामा | आर्थोस्कोपी सर्जन
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/- सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996 7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं: 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल, 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ, वेंटिलेटर एवं Bipap, 24x7 मेडिकल स्टोर

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ: IUI, IVF, ICSI; फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET); एग फ्रीजिंग; एंब्रियो फ्रीजिंग; स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ MBBS, MD (ऑब्स & गायनी) फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com